

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 1 अंकः 325 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 12 सितम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## निफ्टी ने रचा इतिहास, पहली बार 20,000 के पार

**समाज जागरण**

**नई दिल्ली**. एनएसई के मुख्य सूचकांक निफ्टी 50 ने सोमवार को इतिहास रच दिया. देश के सबसे बड़े शेयर सूचकांकों में से एक निफ्टी 50 ने आज पहली बार 20,000 का आंकड़ा पार कर लिया. एक बार फिर 20,000 से नीचे जाने से पहले इसने 20,002 तक की ऊंचाई छुई. निफ्टी में आज तेजी बड़े शेयरों के दम पर देखने को मिली. आज सुबह से ही बाजार में खरीदारी का मूड दिख रहा था. निफ्टी 50 से पहले निफ्टी फ्यूचर भी 20,000 के आंकड़े को पार कर गया था.

निफ्टी आज यानी सोमवार को दिन के कारोबार में 20,008 तक पहुंचा था. हालांकि, मार्केट बंद होने तक यह गिरकर 19,996 पर पहुंच गया. कारोबार बंद होने तक यह पिछले बंद के मुकाबले 176.40 फीसदी बढ़ चुका था. निफ्टी और सेंसेक्स पिछले हफ्ते 2 फीसदी बढ़े थे. बाजार में हाल के दिनों में लगातार तेजी बनी हुई है. सितंबर में भी अभी तक निफ्टी 2 फीसदी से ज्यादा चढ़ चुका है. गौरतलब है कि सितंबर के पहले कारोबारी हफ्ते में एफपीआई शुद्ध




बिकवाल बनकर उभरे हैं. ऐसा पिछले 6 महीने में पहली बार हुआ. इसके बावजूद निफ्टी इतिहास रचने में कामयाब रहा है.

### क्या है तेजी की वजह?

मनीकंट्रोल की एक रिपोर्ट के अनुसार, जीएसटी कलेक्शन का दुरुस्त डाटा, निजी कैपिटल एक्सपेंडिचर और क्रेडिट ग्रोथ और अगस्त के परचेसिंग मैनेजर इंडेक्स ने दिखाया कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है. भारतीय अर्थव्यवस्था ने आसमान छूती महंगाई, बढ़ती ब्याज दरों, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, खराब मॉनसून और वैश्विक सुस्ती का डटकर मुकाबला किया. अप्रैल से अब तक निफ्टी 17 फीसदी बढ़ा है. इस दौरान 18.9 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया है. वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 33,397 करोड़ का निवेश किया. इस बीच मिड और स्मॉल कैप में तो जबरदस्त तेजी देखने को मिली. मिड कैप जहां 41 फीसदी बढ़े तो स्मॉल कैप शेरों में 47 फीसदी का उछाल दर्ज किया गया.

निफ्टी के 20,000 का आंकड़ा छूने पर बोक्रेरेज फर्म प्रभुदास लीलाधर के रिटेल ब्रोकिंग एवं डिस्ट्रीब्यूशन के सीईओ व निदेशक संदीप रायचूरा ने कहा है कि इतिहास रचने से कम नहीं है. उन्होंने कहा, ह्लहम भले वैल्युएशन और लिक्विडिटी की बात करते रहें, सच ये है कि भारत और शायद बाजार एक बहुत बड़े बदलाव के साक्षी बन रहे हैं और आलोचकों से बहुत अलग इस आगमी स्वर्ण दशक को देख रहे हैं."

### आज निफ्टी पर सर्वाधिक मुनाफे वाले शेयर

आज निफ्टी 50 पर सबसे ज्यादा कमाई वाला शेयर अडानी पोर्ट्स रहा. इसने आज 7.10 फीसदी का उछाल हासिल किया. इसके बाद अडानी एंटरप्राइजेज में 3.68 फीसदी की तेजी देखने को मिली. एक्सिस बैंक, अपोलो हॉस्पिटल और पावर ग्रिड अन्य 3 शेयर रहे जो आज टॉप 5 गेनर्स में शामिल हुए. इन तीनों ही शेयरों में आज 2 फीसदी से अधिक का उछाल दर्ज किया गया. गिरावट की बात करें तो कोल इंडिया सबसे ज्यादा 1.15 फीसदी गिरा. इसके अलावा बजाज फाइनेंस, ओएनजीसी और एलटी में भी गिरावट दिखी लेकिन न के बराबर.

रामम़ंदिर प्राण प्रतिष्ठा

## बजरंगदल तीस सितम्बर से पन्द्रह अक्टूबर के मध्य निकालेगा शौर्य यात्रा

**समाज जागरण**

राजेश तिवारी अयोध्या। राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को व्यापक बनाने की तैयारियों में विहिप जुटी है। बजरंगदल तीस सितम्बर से पन्द्रह अक्टूबर के मध्य शौर्य यात्रा निकालने जा रहा है।

विहिप के अंतराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष एडवोकेट आलोक कुमार का कहना है कि श्रीराम जन्मभूमि प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम को संपूर्ण विश्व में आनंदोत्सव के रुप में मनायेंगी विश्व हिंदू परिषद,भारत में प्राणप्रतिष्ठा से पूर्व बजरंग दल तीस सितंबर से पंद्रह अक्टूबर तक शौर्य यात्रा निकालेगा,यह यात्रा देश के पांच लाख से ऊपर गांवों तक पहुंचेगी।

उक्त जानकारी उन्होने विहिप की श्रीराम जन्मभूमि परिसर के निकट चल रही क्षेत्रीय और केंद्रीय मंत्रियों की बैठक के पश्चात दी। उन्होने कहा कि रामंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम जन- जन, हर राम भक्त का कार्यक्रम बने देश ही नही विदेशों में निवास करने वाले भी इस



महाउत्सव में सहभागी हों इसके लिये ही संगठन की दो दिवसीय बैठक रामनगरी में आयोजित की गयी है।

उन्हों ने बताया कि देश भर के मठ मंदिरो में प्राण प्रतिष्ठा की उस तिथि को पूजन पाठ यज्ञ हवन आरती होगी साथ ही हर घर रामभक्त रात्रि में पांच दीपक अवश्य जलायेंगे और करोड़ों भक्तों के बीच प्रसाद वितरण भी होगा। इससे पूर्व युवा संगठन बजरंग दल के बैनर तले देश के पांच लाख से ऊपर गांवों तक आगामी तीस सितंबर से पंद्रह अक्टूबर तक दस हजार प्रखंडों में शौर्य यात्राएं पहुंचेंगीं। ऐसे लगभग बड़ी और छोटी दो हजार दो सौ इक्यासी यात्रायें निकलेगी।

उन्होंने बताया कि इस दौरान यात्रा मार्गों पर धर्म सभाओं का भी आयोजन होगा,युवा शक्ति के इस महाअभियान सें देश मे अन्तरिक और बाह्य चुनौतियों का सामना करने के लिये हिंदू समाज में सामाजिक समन्वय रुपी एकता वा संकल्प का निर्माण होगा। उन्होंने बताया कि दीपावली पखवाड़े के दौरान देश की सन्त शक्ति गांव वा शहरों में पद यात्रा और सभायें भी करेगी।

## बैहर मलाजखंड मुख्यमंत्री का आगमन हुआ रद्द, बैहर वासियों को हुई निराशा

**समाज जागरण/ शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 12 सितंबर ) मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का बैहर आगमन को लेकर सारी तैयारियां पूर्ण हो चुकी थी लेकिन आगमन के पूर्व ही सीएम के स्वास्थ्य खराब होने से मंगलवार को बैहर मलाजखंड कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया जिससे बैहर वासियों को खासा निराशा हुई हैं। बता दें मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर क्षेत्रवासी खासा उत्साहित थे क्यों कि क्षेत्र वासियों को पूरा भरोसा था कि वर्षो की बैहर को जिला बनाने की मांग को मुख्यमंत्री इस बार जरुर पूरा करेंगे क्यों कि प्रदेश में चार नए जिले की बढ़ोत्तरी हो चुकी हैं जो बैहर से सारे मामले में नौ हैं इस लिए बैहर वासियों



को पूरा भरोसा था कि इस बार तो मुख्यमंत्री बैहर को जिला बनाने की घोषणा जरूर करेंगे जिसकी दो बड़ी वजह हैं जिसमे एक तो चार नए जिले मुख्यमंत्री के द्वारा बनाया गया हैं और दूसरा आगामी विधानसभा चुनाव हैं, प्रदेश में एक बार पुनः सरकार बनाने के लिए मुख्यमंत्री बहुत सारे योजनाओं को हरी झंडी दें चुके हैं, इसी लिए उम्मीद की जा रही थी कि इस बार बैहर को जिला बनाने की घोषणा जरूर होगी जो मुख्यमंत्री के आगमन रद्द होने के साथ फिलहाल रद्द हो गया हैं।

## नोएडा सेक्टर 94 : श्री जी गौ सदन मे गौ माता के लिए 56 भोग का आयोजन

**नोएडा समाज जागरण डेस्क**

नोएडा सेक्टर 94 स्थित श्री जी गौ सदन मे आज गौ माता के लिए 56 भोग का आयोजन किया गया। आज के इस आयोजन मे गौ माता के लिए 56 भोग बनाया गया जिसमें फल, सब्जी,



खल, चोकर, चारा, भूसा, दालें, गुड़ इत्यादि से तैयार किया गया। आज के आयोजित इस कार्यक्रम मे बड़ी संख्या मे गौ प्रेमी शामिल हुए। आज के इस कार्यक्रम के मुख्य यजमान नोएडा सेक्टर 23 के निवासी श्री मुकेश जैन अपने पूरे परिवार सहित व गौशाला के सभी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

*लोकसभा चुनाव को लेकर दिए गए कई टिप्स हुई बैठक में महत्वपूर्ण चर्चाएं - डॉक्टर शत्रुघ्न*

## डिप्टी सीएम तेजस्वी के आवास पर उत्तरी बिहार के राजद नेताओं का लगा जमावड़ा

**समाज जागरण**

पटना । उत्तरी बिहार के राजद के प्रमुख राजनीतिक नेताओं का उपमुख्यमंत्री बिहार श्री तेजस्वी यादव के आवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। इस अवसर पर सभी उत्तर बिहार के राजद के जिला अध्यक्ष, प्रधान महासचिव, सांसद, मंत्री, विधायक, एमएलसी, आयोग के अध्यक्ष, पूर्व प्रत्याशी के साथ राजद के अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों ने हिस्सा लिया।

इस बैठक के दौरान, सांगठनिक ढांचा के मजबूती पर चर्चा हुई और वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव को



लेकर गंभीर चर्चा हुई। यह समय रहा है जब उत्तरी बिहार के राजनीतिक घटनाओं की संभावित दिशा को लेकर चर्चा की जा रही है, और विभागीय सहमति तय करने का प्रयास किया गया है।

इस बैठक में अररिया जिले के चर्चित नेता शत्रुघ्न मंडल भी उपस्थित रहे, और इनकी लोकसभा प्रत्याशी के तौर पर दावेदारी प्रबल है।उन्होंने बताया इस बैठक ने उत्तरी बिहार के राजनीतिक परिपेक्ष्य को दशार्ने का मौका प्रदान किया और आने वाले चुनावों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

## जस्टिन ट्रूडो की घर में भी हुई फजीहत

## कनाडाई मीडिया ने लगाई क्लास, PM मोदी ने खालिस्तानी चरमपंथ पर जताई थी सख्त चिंता

ओटावा. खालिस्तानी चरमपंथी मुद्दे पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कुछ कड़ी बातों का सामना करने के बाद, कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को अब नई दिल्ली में जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में उपेक्षित किए जाने के बाद घरेलू स्तर पर आलोचना का सामना करना पड़ रहा है. रविवार को, कनाडा के प्रमुख समाचार पत्र टोरंटो सन ने 'दिस वे आउट' शीर्षक के साथ पहले पन्ने पर एक खबर प्रकाशित की, जिसमें पीएम मोदी ने राजघाट पर पारंपरिक रूप से हाथ मिलाने के बाद ट्रूडो को आगे बढ़ने का इशारा किया. अखबार ने कहा कि ट्रूडो को लगता है कि भारत में जी20 शिखर सम्मेलन में उनके कुछ दोस्त हैं.

उसी अखबार की एक अन्य रिपोर्ट में, यह उल्लेख किया गया था कि "एक रात पहले पीएम मोदी की तरफ से जी20 नेताओं को



दिए गए डिनर में ट्रूडो नहीं गए, कनाडाई प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह बताने से इनकार कर दिया कि आखिर ऐसा क्यों हुआ". इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ट्रूडो ग्लोबल बायोफ्यूल्स एलायंस के लॉन्च से भी चूक गए, जो स्वच्छ, हरित ईंधन को आगे बढ़ाने के लिए एक साझेदारी है. समाचार रिपोर्ट में आगे कहा गया, "ट्रूडो ने कहा कि उनके पास अन्य काम थे."

कनाडाई पीएम की समस्याएँ उस वक्त और बढ़ गईं, जब उनके विमान में तकनीकी खराबी के कारण राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से उनके प्रस्थान में देरी हो गई, जिससे कनाडाई प्रतिनिधिमंडल 24 घंटे तक दिल्ली में फंसा रहा. सूत्रों के मुताबिक ट्रूडो के लिए एक अन्य विमान की व्यवस्था की जा रही है, जिसके सोमवार रात 10 बजे के आस-पास पहुंचने की संभावना है.

जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार को दिल्ली पहुंचे जस्टिन ट्रूडो को रविवार को स्वदेश रवाना होना था, लेकिन विमान में तकनीकी खराबी आने के कारण इसमें देरी हो गई. कनाडा के सीटीवी न्यूज के अनुसार प्रधानमंत्री ट्रूडो और उनका प्रतिनिधिमंडल विमान में तकनीकी खामी की वजह से दिल्ली में ही हैं और वे मंगलवार को प्रस्थान कर सकते हैं.

### कनाडा के विपक्षी नेता ने किया ट्वीट

कनाडा के विपक्षी नेता पियरे पोइलिवरे, जो पीएम बनने की दौड़ में हैं, ने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर टोरंटो सन के फ्रंट पेज को पोस्ट किया और कहा, "पक्षपात को एक तरफ रखते हुए, किसी को भी कनाडाई प्रधानमंत्री को बाकी दुनिया द्वारा बार-बार अपमानित और कुचला हुआ देखना पसंद नहीं है."

### जिले में अब तक 977.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

बीते 24 घंटे में हुई 8.9 मिलीमीटर औसत वर्षा

रायसेन, 11 सितम्बर 2023 जिले में 01 जून 2023 से 11 सितम्बर 2023 तक 977.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 450.2 मिलीमीटर कम है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून 2023 से 11 सितम्बर 2023 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 795.4 मिलीमीटर, गैरतगंज में 1157.8, बेगमगंज में 1036.4, सिलवानी में 834.8, गौहरगंज में 727, बरेली में 1273, उदयपुरा में 1182.8, बाड़ी में 835, सुल्तानपुर में 820.6 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 1114 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

**बीते 24 घंटे में 8.9 मिलीमीटर औसत वर्षा**

जिले में बीते 24 घंटे में 11 सितम्बर 2023 को प्रातः 08 बजे तक 8.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 6.8 मिलीमीटर, गैरतगंज में 10.6, बेगमगंज में 21.6, सिलवानी में 1.6, गौहरगंज में 15, बरेली में 4.6, उदयपुरा में 0, बाड़ी में 02, सुल्तानपुर में 0 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 27 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।


## संस्कृति एवं सभ्यता को समझना और समझानें के लिए

**हिंदी दैनिक समाज जागरण अखबार अब बहुत जल्द ही आपके शहर, गांव, हाट-बाजार व देहात में।**

" अपने जिला, शहर, गांव, हाट-बाजार व देहात से कोई भी घटना के बारे में सूचित कर सकते हैं

" ताकि आपकी आवाज को सरकार, शासन-प्रशासन व जन-जन तक पहुंचाया जा सके

**दैनिक समाज जागरण के०के०दूबे, मो०-9006265092**

**बिक्रमगंज, काराकाट, नासरीगंज, डेहरी, राजपुर, अंकोढी, गोला, नोखा व संझौली -: सम्पर्क सुत्र- 6200504654**

**दावथ, सुर्यपुरा, दिनारा, कोचस व करगहर -: सम्पर्क सूत्र- 9939288148**

**सासाराम, शिवसागर, चेनारी, तिलौथू, रोहतास व नौहट्टा -: सम्पर्क सूत्र -9801253445**


## यूपी में हुआ चमत्कार, जमीन से निकली चांदी की दुर्गा मइया, जिसने भी देखा हो गया हक्का-बक्का

गाजियाबाद. दिल्ली से सटे गाजियाबाद के मोदी नगर में एक घर से चांदी की बेशकीमती माता दुर्गा की मूर्ति मिली है. दरअसल, मोदी नगर के नवाब विहार कॉलोनी में एक मकान मालिक मकान की नींव दे रहा था तभी उसे खुदाई में 15 किलो की दुर्गा मइया की मूर्ति मिली. मकान मालिक ने यह जानकारी किसी को नहीं दी, लेकिन एक महीने के बाद उसने दुर्गा मइया की मूर्ति को थाने में जमा कर दिया. अब गाजियाबाद पुलिस ने पुरातत्व विभाग की इसकी जानकारी दे दी है. इलाके में चांदी की माता दुर्गा की प्रतिमा मिलने की खूब चर्चा हो रही है. इलाके के लोगों की मांग है कि इस प्रतिमा को गाजियाबाद के महामाया देवी मंदिर में स्थापित की जाए.

मोदी नगर के तिबड़ा मार्ग पर स्थित नवाब विहार कॉलोनी निवासी जितेंद्र सिंह ने अपने प्लॉट पर




पिछले दिनों खुदाई शुरू की थी. जितेंद्र कुमार इस जमीन पर मकान बना रहे थे. पिछले अगस्त महीने में जेसीबी से जमीन की जब खुदाई शुरू की तो जेसीबी एक जगह आ कर अटक जा रही थी. जेसीबी संचालक को माता की मूर्ति दूर से नजर आई तो उसने जेसीबी से उतर कर पहले मूर्ति को देखा भी फिर आराम से खुदाई कर निकाल लिया.

# टाइगर के सामने मेमनों की फजीहत

**दैनिक समाज जागरण**

मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं सत्तारूढ़ भाजपा में आंतरिक तकरार तेजी से बढ़ रही है । भाजपा में अकेले ' शो मैन ' मुख्यमंत्री शि-वराज सिंह चौहान बने हुए हैं,बाकी सबके सब तमाशाई है। भोपाल में भाजपा के पूर्व विधायक गिरजाशंकर शर्मा कांग्रेस में शामिल हुए तो ग्वालियर में कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए ज्योतिरादित्य सिंधिया के सामने उनके समर्थक मंत्री तुलसी सिलावट और पूर्व मंत्री श्रीमती इमरती देवी की भाजपा के ही नेताओं ने खुले आम फजीहत कर दी। बेचारे सिंधिया अपमान का घूँट पीकर रह गए।

भाजपा से कांग्रेस में पलायन तेज से हो रहा है किन्तु मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह की सेहत पर इसका कोई फर्क पड़ता नहीं दिखाई दे रहा । उन्हें पता है कि इस मर्तबा पतवार केंद्रीय मंत्री अमित शाह के हाथ में हैं। वे जगह-जगह अपनी महत्वाकांक्षी ' लाड़ली बहना योजना ' के जरिये सूबे में ' फूलों का तारों का सबका कहना है ,लाखों हजारों में मेरी बहना है ' गाते फिर रहे हैं। उनके लिए सरकार की और से सजाये जा रहे मंचों पर ' मेरे भइया ,मेरे चन्दा,मेरे अनमोल रतन ,तेरे बदले मै जमाने की कोई चीज न लू ' जैसे फिल्मी गाने गूँज रहे हैं। ग्वालियर में ऐसे ही एक जलसे में कांग्रेस के पूर्व टाइगर ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थकों की भाजपा के असली नेताओं ने जमकर मकड़ी झड़ा दी। पहले प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट का वेदप्रकाश शर्मा और दुसरे भाजपा नेताओं ने अपमान किया,उनके साथ झूमाझटकी की लेकिन वे शांत रहे

,लेकिन मंच पर अपने लिए कुर्सी न देखकर पूर्व मंत्री इमरती देवी से नहीं रहा गया। वे सीधे सिंधिया के पास अपनी शिकायत लेकर जा धमकीं और मंच से उतरकर जाने लगी । तब सिंधिया ने खुद उनका हाथ पकड़कर उन्हें रोका और जाकर एक भाजपा नेता से उनके लिए कुर्सी खाली कराई । सारा नजारा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के सामने हुआ किन्तु वे स्थितिप्रज्ञ बने बैठे रहे। भाजपा के स्थानीय नेताओं ने इसे मुख्यमंत्री का मौन समर्थन समझा और सिंधिया समर्थकों की बेइज्जती करते रहे। मुख्यमंत्री ने सारे घटनाक्रम की और कोई ध्यान ही नहीं दिया। सिंधिया की असहजता भी सबके सामने उजागर हुई।

एक चश्मदीद के नाते मैंने सिंधिया और उनके समर्थकों के साथ भाजपा के मूल कार्यकताओं के आक्रोश को रेखांकित करने की कोशिश की है। सिंधिया लगता है जैसे-तैसे भाजपा में अपनी लाज बचने में लगे हुए है। वे अपने समर्थकों के सम्मान की रक्षा करने में अपने आपको असमर्थ महसूस करने लगे हैं। आपको याद होगा कि सिंधिया इसी असहजता की वजह से तीन साल पहले कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए थे । उस समय वे कहते थे कि ' टाइगर अभी जिंदा है ' लेकिन अब लगने लगा है कि उनके भीतर का टाइगर अब क्षुब्ध है,त्रस्त है,सिंधिया ने भाजपा में अपना समर्थन बढ़ाने के लिए अपने धुर विरोधी कैलाश विजयवर्गीय , पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया और पूर्व सांसद प्रभात झा के यहां भी हाजरी दी लेकिन बात बनी नहीं।

प्रदेश में तीन साल पहले भाजपा की सरक्कार बनवाने वाले केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को भाजपा के स्थानीय भाजपा नेता पहले ही दिन से पाना नेता मैंने के लिए राजी नहीं हैं। शुरू में तो भाजपा में सिंधिया और उनके समर्थकों के साथ ' नई बहू' जैसा व्यवहार किया लेकिन अब पूरी भाजपा का व्यवहार सिंधिया और उनकी पलटन के साथ बदल गया है। भाजपा का एक भी मूल कार्यकर्ता सिंधिया से मिलने उनके महल नहीं जाता । भाजपा का अपना कार्यालय मुखर्जी भवन पहले ही उजड़ चुका है। अब भाजपा यानि केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर हो गए हैं। और ऐसी आशंका जताई जा रही है की सिंधिया समर्थक मंत्रियों और दुसरे नेताओं की फजीहत के पीछे नरेंद्र सिंह की ही शह है।

भाजपा सिंधिया और उनके समर्थकों के साथ उस ' मौर ' (विवाह के समय दूल्हे को पहनाये जाने वाला मुकुट की तरह व्यवहार कर रही है जिसे विवाह के बाद नदी में विसर्जित कर दिया जाता है। भाजपा की सरकार बनवाने वाले सिंधिया अचानक हासिये पर है। वे केंद्रीय मंत्री जरूर हैं लेकिन उनकी हैसियत अब भाजपा के जिला अध्यक्ष के बराबर भी नहीं दिखाई दे रही,भले हो उससे ज्यादा। सिंधिया को मजबूरीमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के कसीदे पढ़ने पड़ रहे हैं। उन्हें मुख्यमत्री के हर समारोह में अतिथि मेहमान की तरह बुलाया जाता है। पहले वे महाराज थे लेकिन अब सिंधिया रह गए हैं। खुद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और नरेंद्र सिंह चौहान ने सिंधिया को महाराज कहना बंद कर दिया है। आपको याद होगा किसिंधिया के भाजपा में शामिल होने के बाद उनके पुराने संसदीय क्षेत्र से ही भाजपा में भगदड़ शुरू हुई जो बढ़ते-बढ़ते ग्वालियर-चंबल ही नहीं बल्कि प्रदेश के दुसरे हिस्सों तक में पहुँच गयी। अनेक पूर्व विधायक भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए । पूर्व मंत्री दीपक जोशी से शुरू हुआ ये सिलसिला गिरजाशंकर शर्मा तक आ पहुंचा है और कोई बड़ी बात नहीं की भाजपा प्रत्याशियों की दूसरी सूची आने के बाद ये सिलसिला और तेज हो जाए। मुमकिन है कि सिंधिया के साथ आये 22 पूर्व विधायकों में से भी उनके वापस कांग्रेस में वापस लौट जाएँ ,क्योंकि सिंधिया अपनेसाथ भाजपा में आये लोगों के मान-सम्मान की हिफाजत नहीं कर पा रहे हैं। दअरसल सिंधिया अब भाजपा के लिए गले की फांस बन चुके है। भाजपा नेतृत्व को उम्मीद थी कि भाजपा कार्यकर्ता सिंधिया को पाना लेंगे,किन्तु हकीकत में ऐसा हुआ नहीं,हालांकि बेचारे सिंधिया ने अपने आपको भाजपा का आम कार्यकर्ता साबित करने की पूरी कोशिश की।

जैसे -जैसे विधानसभा चुनाव की घड़ी नजदीक आ रही है मुख्यमंत्री पूरे चुनाव प्रचार अभियान को अपने ऊपर केंद्रित करते जा रहे है। शिवराज सिंह चौहान के इस नए अवतार से उनके पुराने संकट मोचक रहे भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और प्रदेश के गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा तक हैरान हैं

माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री ने अपने तमाम संकटमोचकों को छोड़ केंद्रीय गृह मंत्री अमीशाह का दामन थाम लिया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की बदली भाव-भंगिमा का ही नतीजा है कि प्रदेश में आरएसएस के पुराने प्रचारक हताश होकर अपनी पार्टी बना रहे हैं। संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत भी इस बगावत को रोकने में नाकाम साबित हुए हैं। भाजपा के साथ ही संघ में ये बगावत अप्रत्याशित है । अब तक के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ।

मध्यप्रदेश में कांग्रेस इस लिए मन मोदक फोड़ रही है क्योंकि इस बार उसका मुकाबला संगठित भाजपा के बजाय बखरी हुई भाजपा से है जिसमें एक शिवराज भाजपा है ,एक महाराज भाजपा है और एक नाराज भाजपा है। नाराज भाजपा में भाजपा के उम्रदराज नेता और संघ के पुराने प्रचारक हैं, महाराज भाजपा में महाराज के अपने भक्त हैं और शिवराज भाजपा में वे भाजपाई हैं जो विधानसभा चुनाव में टिकिट की आस लगाए बैठे हैं। भाजपा की लड़ाई कांग्रेस से कम अपने ही लोगों से ज्यादा तेज हो गयी है। इस सबसे बेफिक्र मुख्यमंत्री इस समय एक्ला चलो के सिद्धांत के अनुरूप चुनावों का पूरा फोकस अपने ऊपर केंद्रित किये हुए हैं। भाजपा के लिए उनकी कोशिश कमतर नहीं है । उन्होंने एक करोड़ इकत्तीस लाख महिलाओं को अपनी बहन बना लिया है । इसके लिए उन्हें सरकार का खजाना खाली करना पड़ा है। अब प्रदेश में महिला मतदाता मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के अलावा किसी और भाजपा नेता को पहचानती ही नहीं है। वे लाड़ली बहना योजना के तहत महिलाओं के खाते में रुपया इस तरह हस्तांतरित कर रहें जैसे सारा पैसा उनका अपना हो।

मुख्यमात्रि शिवराज सिंह चौहान भाजपा में अंतर्कलह से नावाकिफ नहीं है। इसीलिए उन्होंने अब महिला मतदाताओं को नगद राहत देने के साथ ही ये कहकर भयभीत करना भी शुरू कर दिया है कि यदि वे खुद दोबारा मुख्यमत्री न बने तो महिलाओं को मिलने वाली सहायता बंद कर दी जाएगी । मुख्यमंत्री अब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने के बजाय खुद को मुख्यमंत्री बनाने की दुहाई देते हैं। कांग्रेस का हौवा दिखाकर चुनाव जीतने की कोशिश भाजपा के भीतर पनप रहे भी का संकेत है। ऐसी आशंका है कि जिस ' टाइगर' [सिंधिया ] की वजह से भाजपा बिना जनदेश के तीन साल पहले सत्ता में आयी थी उसी ' टाइगर ' की वजह से वो सत्ताच्युत भी हो सकती है। भाजपा ने ' टाइगर ' को मेमना बनाकर गलती की या नहीं ये आने वाले दिनों में पता चलेगा।

**@ राकेश अचल**

# भारत की बड़ी कामयाबी है 'जी20' शिखर सम्मलेने की सफलता

**दैनिक समाज जागरण**

शंकाओं और आशकांओं के बीचे 'जी20' शिखर सम्मलेन सफलतो के साथे संपन्न हो गया। जी20 में 'नई दिल्ली डिक्लेरेशन' का स्वीकार होना, यह कूटनीतिक मोर्चे पर भारत की बड़ी जीत है। जौ 20 में सभी महाशक्तियां शामिल हैं। उनकी मौजूदगी में भारत द्वारा सहमति का रास्ता निकालना भारत की बड़ी कामयाबी है। अफ्रीकन यूनियन को जी20 में शामिल कराना भी भारत की बडी सफलतो है ।अमेरिको, फ्रांस, ब्रिटेन और जापान ने भी 'एयू' को स्थायी सदस्य बनाने के मामले में बाधा खड़ी नहीं की।भारत की छवि खराब करने का प्रयास कर रहे आंतकवादी दिल्ली की सुद्दढे स-रक्षा देख कुछ नही कर पाए। मेट्रो स्टेशन पर रात के अंधेरे में खालिस्तान के समर्थन में चोरी छिपे कुछ नारे ही लिखे जा सके। मुंबई और दिल्ली की संसद में घुंसकर हमलो करने वाले आतंकी अब ऐसी घटनो करने की सोच भी नही पा रहे। शनिवार को 'जी20' शिखर सम्मलेन के पहले दिन जबे 'नई दिल्ली डिक्लेरेशन' के स्वीकार होने की घोषणा हुई, तो सम्मेलन को कवर करने आए सारे पत्रकार आश्चर्य चकित रह गए। एक दो ने तो यहां तक कह दियो कि अब दूसरे दिन के कायर्क्रम कवर के लिए रूकना बेकार है। किसी को यह उम्मीद नही थी कि घोषणापत्र सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया जाएगा। जी20 घोषणापत्र की सबसे बड़ी उपलब्धि यह थी कि इसके सभी 83 पैराग्राफ चीन और रूस के साथे 100 प्रतिशत सर्वसम्मति से पारित किए गए थे। यह पहली दफा था कि घोषणा में कोई नोट या अध्यक्ष का सारांश शामिल नहीं था।-विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने पत्रकारों का बताया कि 'गत वर्ष इंडोनेशिया में हुए सम्मेलन में अफ्रीकन यूनियन ने पीएम मोदी से आग्रह किया था कि उसे भी समूह का सदस्य बनाया जाए। इस पर पीएम मोदी ने उन्हें गारंटी दी थी कि वे अफ्रीकन यूनियन को जी20 का सदस्य बनवाएंगे। अब पीएम मोदी ने वह गारंटी पूरी कर दी है। जानकारों का कहना है, 'एयू' को जी20 की स्थायी सदस्यता दिलाना आसान नहीं था। इस बाबत रूस और चीन का रूख कुछ अलग था। चीन को 'जी20' का विस्तार पसंद नहीं था। वजह, इससे ग्लोबल साउथ में उसका कद प्रभावित होता है। करीब एक दशक से चीन का फोकस ऐसे देशों पर रहा है जो अमेरिका, ब्रिटेन या भारत के ज्यादा करीब नहीं हैं। ऐसे देशों को चीन उन समूहों का सदस्य बनवाने की कोशिश कर रहा है, जो उसके प्रभाव में हैं। भारत ने यहीं पर कूटनीतिक दांव चला और एयू (अफ्रीकन यूनियन )को जी20 का सदस्य बनवा दिया। चीन का प्रयास था कि वह अफ्रीकी संघ के देशों में भारी निवेश के माध्यम से अपने आर्थिक लक्ष्यों की पूर्ति करे।अब इन देशों के जी20 का सदस्य बनने पर अब चीन उन देशों का शोषण करने की साजिश में सफल नहीं हो सकेगा। एयू के 55 देशों के प्राकृतिक संसाधन,चीन के प्रभाव में आने से बच जाएंगे। आंशका थी कि रूस - यूक्रेन युद्ध के मुद्दे पर सर्व सम्मत निर्णय नही हो सकेगा। अमेरिको और यूरोपियन देश चाहेंगे,कि यूक्रेन हमले के लिए रूस को जिम्मेदार मानो जाए। इसके लिए उस-की निंदा की जाएं।रूसे और चीन का रूखे इसके विपरीत होगा। भारत भी नही चाहतो कि उसकी भूमि से उसके परंपरागत मित्रे के विरूद्ध कोई निदां या उन्य कोई प्रस्ताव पारित न हो। भारत ने घोषणापत्र पर सर्व समर्थन बनाने के लिए पहल से ही काम शुरू कर दिया था। उसके राजनयिक इस पर सहमति बनाने में लगे थे। साझा घोषणा पत्र पर सभी देशों की सहमति इसलिए खास है, क्योंकि नवंबरे 2022 में इंडोनेशिया समिट में जारी घोषणा पत्र में रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर सदस्य देशों के बीच सहमति नहीं बन पाई थी। तब रूस और चीन ने अपने आप को युद्ध के बारे में की गई टिप्पणियों से अलग कर लिया था। तब घोषणा पत्र के साथ ही इन देशों की लिखित असहमति शामिल की गई थी। डिक्लेरेशन पास होने के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था-सभी देशों ने नई दिल्ली घोषणा पत्र मंजूर किया। उन्होंने माना कि 'जी20'राजनीतिक मुद्दों को डिस्कस करने का प्लेटफॉर्म नहीं है। लिहाजा अर्थव्यवस्था से जुड़े अहम मुद्दों को डिस्कस किया गया। 'नई दिल्ली डिक्लेरेशन' की सबसे बड़ी उपलब्धि यह थी कि इसके सभी 83 पैराग्राफ चीन और रूस के साथे 100 प्रतिशत सर्वसम्मति से पारित किए गए थे। यह पहली दफा था कि घोषणा में कोई नोट या अध्यक्ष का सारांश शामिल नहीं था।घोषणापत्र के नौवें पहरे में लिखा था, हम इस बात की पुष्टि करते हैं कि जी20, अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग के लिए एक प्रमुख मंच है। यह समूह भू-राजनीतिक और सुरक्षा मुद्दों को हल करने का मंच नहीं है।हालाँकि हम स्वीकार करते हैं कि इन मुद्दों का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण परिणाम हो सकता है। भारत ने यह बात कह कर चीन और रूस, दोनों को संदेश दे दिया। हालांकि चीन का कहीं नाम नहीं लिया। 'नई दिल्ली डिक्लेरेशन' के 13वें पहरे में लिखा है, हम सभी राज्यों से क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को, अंतरराष्ट्रीय कानूनों के मुताबिक, बनाए रखने की अपील करते हैं। मानवीय कानून, शांति और स्थिरता की रक्षा करने वाली बहुपक्षीय प्रणाली सहित अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों को बनाए रखने का आह्वान करते हैं। विभिन्न देशों के मध्य संघर्षों का शांतिपूर्ण समाधान और संकटों के हल के हल के लिए प्रयास करने के साथ ही कूटनीति और संवाद महत्वपूर्ण हैं। हम वैश्विक अर्थव्यवस्था पर युद्ध के प्रतिकूल प्रभाव को संबोधित करने के अपने प्रयास में एकजुट होंगे। यूक्रेन में व्यापक एवं न्यायसंगत और टिकाऊ शांति का समर्थन करने वाली सभी प्रासंगिक और रचनात्मक पहलों का स्वागत करेंगे। बशर्ते, ये सभी पहल, संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सभी उद्देश्यों और सिद्धांतों को कायम रखें। एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य की भावना से राष्ट्रों के बीच शांतिपूर्ण, मैत्रीपूर्ण और अच्छे पड़ोसी संबंधों को बढ़ावा देना होगा। भारत ने ऐसा कर 'रूस और यूक्रेन' के लिए एक संदेश और जी20 का स्टैंड क्लीयर करदिया।

भारत की जी20 अध्यक्षता की विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने जमकर तारीफ की है। बांगा ने कहा कि भारत ने जी20 की अध्यक्षता में दुनिया के लिए एक नया आयाम तय किया है। उन्होंने इस बात की भी सराहना की कि भारत ने जी20 घोषणापत्र पर सभी देशों की आम सहमति आसानी से बना ली। एक न्यूज एजेंसी से बात करते हुए बंगा ने इस बात पर जोर दिया कि चुनौतियां हमेशा मौजूद रहेंगी, लेकिन भारत ने आम सहमति बनाकर दुनिया को रास्ता दिखाया है। बंगा ने कहा कि हर देश अपना फायदा देखता हैं, लेकिन मैंने इस सम्मेलन में जो मूड देखा, उससे मैं आशावादी हूं। विश्व बैंक अध्यक्ष ने कहा कि यहां हर देश अपने राष्ट्रीय हितों का ध्यान तो दे रहा था, लेकिन दूसरे के विचारों को भी सुन रहा था। जी20 शिखर सम्मेलन में बारे में ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने शनिवार को 'जी20' की बैठक को सफल करार दिया है। दोनों राष्ट्रों के बीच व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) को लेकर सार्थक नीति बनी है। गत मई में पीएम मोदी, ऑस्ट्रेलिया गए थे। तब भी दोनों देशों ने 'निवेश' की संभावनाएं तलाशी थी।

भारत-मध्य पूर्व-यूरोप शिपिंग और रेलवे कनेक्टिविटी कॉरिडोर की घोषणा को एक बड़ी बात करार देते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा, अगले दशक में, भागीदार देश निम्न-मध्यम आय वाले देशों में बुनियादी ढांचे की कमी को दूर करेंगे। बाइडेन ने कहा, मैं प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देना चाहता हूं। एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य, यही इस जी20 शिखर सम्मेलन का फोकस है। पार्टनरशिप फॉर ग्लोबल इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड इन्वेस्टमेंट (पीजीआईआई) और भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा, भारत, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, यूरोपीय संघ, फ्रांस, इटली, जर्मनी व संयुक्त राज्य अमेरिका से जुड़े कनेक्टिविटी एवं बुनियादी ढांचे के विकास में सहयोग पर एक ऐतिहासिक पहल है।

सउदी अरब के क्राउन प्रिंस सलमान ने इकानॉमिक कॉरिडोर की पहल के लिए इसके लिए काम करने वालों को धन्यवाद दिया। यूरोपियन कमीशन की अध्यक्ष, प्रेसीडेंट उसुर्ला वॉन डेर लेन ने कहा, अर्थव्यवस्थाओं के इन्फ्रास्ट्रक्चर में इनवेस्टमेंट मिडिल इनकम वाले देशों की जरूरत है। इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकॉनामिक कॉरिडोर, ऐतिहासिक है। यह इंडिया, अरेबियन गल्फ और यूरोप के बीच सीधा संपर्क बनाने वाला है। इसके चलते भारत और यूरोप के बीच व्यापार में 40 प्रतिशत की तेजी आएगी। यह महाद्वीपों और सभ्यताओं के बीच ग्रीन एंड डिजिटल ब्रिज होगा। ट्रांस अफ्रीकन कॉरिडोर, यह घोषणा भी बड़े स्तर पर इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश की पहल है। इसका लाभ सभी सदस्यों को होगा। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा, ये एक बहुत महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। सभी सदस्य देश, लंबी अवधि के लिए निवेश करने के प्रतिबद्ध हैं। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने भी इसे एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट करार दिया है। इसमें जर्मनी 3500 मिलियन यूरो का वर्ल्ड बैंक के साथ अतिरिक्त निवेश करेगा।

पीएम मोदी ने समुद्र में केबल के डिजाइन, निर्माण, बिछाने और रखरखाव में क्वाड की सामूहिक विशेषज्ञता का लाभ उठाने के लिए 'केबल संचार-संपर्क और सहनीयता के लिए साझेदारी पर बल दिया था। राजनेताओं ने भारत-प्रशांत क्षेत्र में विकास के बारे में महत्वपूर्ण बातचीत की। एक मुक्त, खुले और समावेशी भारत-प्रशांत क्षेत्र के प्रति अपने दृष्टिकोण के तहत, इन नेताओं ने संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के सिद्धांतों को बनाए रखने के महत्व को दोहराया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा- हमें चुनौतीपूर्ण समय में अध्यक्षता मिली। 'जी20'का साझा घोषणा पत्र 37 पेज का है। इसमें 83 पैराग्राफ हैं। यहां मुख्य प्रस्तावों यह हैंसभी देश सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल पर काम करेंगे। भारत की पहल पर वन फ्यूचर अलायंस बनाया जाएगा। प्रस्ताव में कहा गया है कि सभी देशों को यूएने चार्टर के नियमों के मुताबिक काम करना चाहिए।बायो फ्यूल अलायंस बनाया जाएगा। इसके फाउंडिंग मेंबर भारत,अमेरिका और ब्राजील होंगे। एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य पर जोर दिया जाएगा।मल्टीलेट्रल डेवलपमेंट बैंकिंग को मजबूती दी जाएगी।ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर फोकस किया जाएगा। क्रिप्टोकरेंसी पर ग्लोबल पॉलिसी बनाई जाएगी।कर्ज को लेकर बेहतर व्यवस्था बनाने पर भारत ने कॉमन फ्रेमवर्क बनवाने की बात पर जोर दिया है।ग्रीन और लो कार्बन एनर्जी टेक्नोलॉजी पर काम किया जाएगा।सभी देशों ने आतंकवाद के हर रूप की आलोचना की है। चांद के दक्षिण ध्रुव पर कामयाब लैंडिग और भारत का अंत-रिक्ष यान के कामयाबी के साथे प्रेक्षण के बाद जी20 शिखर सम्मेलन की सफलता भारत की बड़ी कामयाबी है।कभी सांप और सपेरों का देश कहलाने वाला भारत आज दुनिया के चंद प्रमुख देशों की लाइन में आकर खड़ो हो गया है। पहले नारा दिया गया था इंडियने एंड डॉग्स आर नाट अलाउट। आज सब बदल गया।आज भारत दुनियो का नेतृत्व करने की हालत में है। इस भारत की बडी कामयाबी कहा जाएगा कि भारत द्वारा कही बात अब दुनिया में गंभीरता के साथ सुनी जाती है।



**अशोक मधुप**
**(लेखक वरिष्ठे पत्रकार हैं)**

# राजस्थान में अकेला चलो की राह पर गहलोत

राजस्थान विधानसभा के चुनाव होने में अब मात्र दो माह का समय रह गया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अकेले चलने की राह पर चुनावी मैदान में उतर चुके हैं। उन्होंने पूरे चुनाव की कमान अपने हाथों में थाम कर चुनावी व्यूह रचना करने में जुट गयें हैं। मुख्यमंत्री गहलोत ने अपने प्रतिद्वंदी सचिन पायलट को चुनावी रणनीति से पूरी तरह दूर कर दिया है। चुनाव के लिए गठित कांग्रेस पार्टी की किसी भी कमेटी की कमान सचिन पायलट को नहीं दी गई है। चुनावी कमेटियों में उन्हें मात्र एक सदस्य के तौर पर ही शामिल किया गया है। उनके अधिकांश समर्थकों को भी चुनावी कमेटियों से दूर रखा गया है। सचिन पायलट को चुनावी कमेटियों से दूर रहकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दिखा दिया है कि राजस्थान के वही एक छत्र नेता है। उन्हीं के नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाएगा। कांग्रेस की टिकटों के वितरण में भी उन्हीं की चलेगी। उनके समर्थको को ही टिकट मिलेगी।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़्गे ने पिछले दिनो राजस्थान में चुनावों के लिये कोर कमेटी, कोऑर्डिनेशन कमेटी, चुनाव कम्पेनिंग कमेटी, मेनिफेस्टो कमेटी, स्ट्रेटजी कमेटी, मीडिया एंड कम्युनिकेशन कमेटी, पब्लिसिटी एंड पब्लिकेशन कमेटी और प्रोटोकॉल कमेटी सहित कुल आठ चुनावी कमेटियों का गठन किया था। इन कमेटियों में कांग्रेस वर्किंग कमेटी का सदस्य होने के नाते सचिन पायलट को तो शामिल किया गया है। मगर उनके समर्थकों को विशेष तवज्जो नहीं मिल पाया है। चुनाव में सबसे महत्वपूर्ण कोर कमेटी का संयोजक कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा को बनाया गया है।

इस कमेटी में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य भंवर जितेंद्र सिंह, सचिन पायलट, पंजाब के प्रभारी हरीश चौधरी, महेंद्रजीत मालवीया, मोहन प्रकाश, विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी, कैबिनेट मंत्री गोविंद राम मेघवाल को शामिल किया गया है। इस कमेटी में पायलट को छोड़कर बाकी सभी गहलोत समर्थक को शामिल किया गया है। विधानसभा चुनाव के दौरान महत्वपूर्ण निर्णय लेने में कोर कमेटी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसमें किसी पायलट समर्थन के नहीं आने से पायलट अकेले पड़ गए हैं।

इसी तरह दूसरी सबसे महत्वपूर्ण कोऑर्डिनेशन कमेटी में कुल 26 लोगों को शामिल किया गया है। जिसमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित सभी पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष, विधायक दल के पूर्व नेता, कांग्रेस कार्य समिति के सदस्यों को शामिल किया गया हैं। इसमें कई मंत्री व प्रमुख नेताओं को भी जगह दी गई है। इस कमेटी में कैबिनेट मंत्री शांति धारीवाल को भी शामिल किया गया है। जिन्होंने पिछले साल 25 सितंबर को कांग्रेस पर्यवेक्षक मल्लिकार्जुन खड़्गे व अजय माकन द्वारा बुलाई गई कांग्रेस विधायक दल की बैठक का बहिष्कार करवाया था। धारीवाल को कांग्रेस अनुशासन समिति द्वारा उस घटना पर कारण बताओं नोटिस भी दिया गया था। जिस पर अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है। उसके उपरांत भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने सबसे निकटवर्ती मंत्री शांति धारीवाल को उक्त महत्वपूर्ण कमेटी में शामिल करवा कर यह बता दिया है कि कांग्रेस में वही होगा जो गहलोत चाहेंगे।

कैंपेनिंग कमेटी का अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री गोविंद राम मेघवाल को बनाया गया है। मेघवाल बीकानेर संभाग में गहलोत के कट्टर समर्थक नेता माने जाते हैं। पूर्व में वह भाजपा विधायक व संसदीय सचिव रह चुके हैं। उन्होंने कांग्रेस टिकट पर 2013 और 2018 का विधानसभा चुनाव लड़ा था जिसमें 2013 में हार गए थे। मंत्री बनने से पहले उन्हें प्रदेश कांग्रेस का उपाध्यक्ष भी बनाया गया था। पहले सचिन पायलट को चुनाव कम्पेनिंग कमेटी का अध्यक्ष बनाए जाने की चर्चा थी। मगर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दलित नेता गोविंदराम मेघवाल का नाम आगे कर पायलट का पत्ता साफ कर दिया।

मेनिफेस्टो कमेटी का अध्यक्ष विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी को बनाया गया है। इस कमेटी में 21 सदस्यों को शामिल किया गया है। कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य होने के नाते सचिन पायलट को एक्स ऑफिस मेंबर के रूप में इस कमेटी का सदस्य बनाया गया है। पंजाब के प्रभारी व बाड़मेर से आने वाले जाट नेता हरीश चौधरी को स्ट्रैटेजिक कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। इस कमेटी में कुल 26 लोगों को शामिल किया गया है। कैबिनेट मंत्री ममता भूपेश को मीडिया एंड कम्युनिकेशन कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। इस कमेटी में 22 लोगों को शामिल किया गया है।

मीडिया एंड पब्लीसिटी कमेटी का राज्य मंत्री मुरारीलाल मीणा को अध्यक्ष बनाया गया है। इस कमेटी में 21 लोगों को शामिल किया गया है। मुरारीलाल मीणा की गिनती कट्टर पायलट समर्थको में होती है। दौसा जिले से आने वाले मुरारीलाल मीणा समाज के प्रभावशाली नेता है तथा पायलट के समर्थन में मुखर होकर बात रखते हैं। प्रोटोकॉल कमेटी का अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री प्रमोद जैन भाया को बनाया गया है इस कमेटी में 21 सदस्य शामिल है। कोटा के सांगोद से विधायक व पूर्व मंत्री भरतसिंह प्रमोद जैन भाया के भ्रष्टाचार को लेकर अक्सर मुख्यमंत्री को पत्र लिखते रहते हैं। भारत सिंह के विरोध के बावजूद प्रमोद जैन भाया को कमेटी का अध्यक्ष बनाकर गहलोत ने भरतसिंह की बोलती बंद कर दी है।

हाल ही में गठित की गई आज चुनावी कमेटियों को देखने से पता लगता है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सभी कमेटियों में अपने विश्वास के नजदीकी लोगों को शामिल करवाया है। मुरारीलाल मीणा को छोड़कर बाकी सभी कमेटियों के अध्यक्ष भी गहलोत की पसंद के नेताओं को ही बनाया गया है। मुख्यमंत्री गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत भी कैंपेनिंग कमेटी के सदस्य बनाये गये है। हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़्गे ने भीलवाड़ा में एक बड़े किसान सम्मेलन को संबोधित किया था। लेकिन सचिन पायलट वहां भी अनुपस्थित रहे थे। कुछ महीने पहले तक बगावती रुख अपनाये हुए सचिन पायलट को कांग्रेस आला कमान ने कांग्रेस कार्य समिति का सदस्य बनाकर चुनाव तक शांत रहने के लिए तो मना लिया था। मगर राजस्थान में अशोक गहलोत किसी भी स्थिति में सचिन पायलट को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं। उन्हें जहां भी मौका मिलता है वह पायलट के पर कतर देते हैं।

कांग्रेस आला कमान के समझाने पर सचिन पायलट ने राजस्थान लोक सेवा आयोग में व्याप्त भ्रष्टाचार, शिक्षक भर्ती में घोटाला, पेपर लीक प्रकरण को लेकर युवा वर्ग के पक्ष में पांच दिनों तक अजमेर से जयपुर तक पदयात्रा निकालने के बाद शुरू किए गए जन आंदोलन को भी समाप्त कर दिया था। लेकिन मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य से लगता है कि राजस्थान कांग्रेस में पायलट को कोई महत्वपूर्ण भूमिका नहीं मिलने वाली है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को राजनीति का जादूगर कहा जाता है। वह कब कौन सी बाजी पलट दे किसी को नहीं पता होता है। जब कांग्रेस आलाकमान ने उनका नाम कांग्रेस अध्यक्ष के लिये घोषित कर दिया था तब उन्होने अचानक विधायकों से बगावत करवा कर सचिन पायलट के मंसूबों पर पानी फेर दिया था। उन्होने कांग्रेस आलाकमान के निदेशों की अवहेलना कर कांग्रेस अध्यक्ष के बजाय मुख्यमंत्री ही बने रहना बेहतर माना था। अभी मुख्यमंत्री गहलोत जिस तरह से मेहनत कर रहे हैं। उससे लगता है कि यदि राजस्थान में फिर से कांग्रेस की सरकार बनती है तो उनका मुख्यमंत्री बनना तय है।



**आलेखः- रमेश सर्राफ धमोरा**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# सम्मानित किए गए पूर्व राज्य मंत्री

**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**

लखनऊ । सोमवार को जमीअतुल मंसूर के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व राज्यमंत्री जावेद इकबाल मंसूरी को विभिन्न प्रदेश से आये जमीअतुल मंसूर के पदाधिकारियों ने लखनऊ के एक होटल में आयोजित समारोह में मंसूरी समाज के तरक्की के लिए लगातार काम करने के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया।



सम्मानित करने वालो में जमीअतुल मंसूर मध्यप्रदेश प्रदेश के अध्यक्ष नसीम मंसूरी,प्रभारी जाहिद हुसैन मंसूरी,उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष हाजी रबीउल्लाह मंसूरी,दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष मोहम्मद सखावत मंसूरी,बिहार प्रदेश के अध्यक्ष अजीम मंसूरी,जमीअतुल मंसूर के राष्ट्रीय महामंत्री शमशाद मंसूरी आदि लोग शामिल थे। जमीअतुल मंसूर उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष मुश्ताक मंसूरी ने बताया इस सम्मान समारोह में जमीअतुल मंसूर के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूर्व राज्यमंत्री हाजी आर ए उस्मानी,प्रदेश उपाध्यक्ष अजीज मंसूरी, एफ एम खान मंसूरी, परवेज मंसूरी,फारुख मंसूरी,आजाद हुसैन मंसूरी आदि मौजूद रहे।

# एनिमिया व कुपोषण की समस्या को दूर करने के लिए सार्वजनिक कार्य का आयोजन

**संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना**



लखनऊ । देश में एनिमिया और कुपोषण की समस्या को दूर करने के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से वितरित किए जाने वाले फोर्टिफाइड चावल में आयरन, विटामिन बी 12 और विटामिन बी 9 की निश्चित मात्रा की जांच करने के लिए खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग ने विश्व मानकों के अनुरूप गुण नियंत्रण प्रकोष्ठ, लखनऊ में अत्याधुनिक फोर्टिफाइड चावल विश्लेषण प्रयोगशाला स्थापित की है, जिसका उद्घाटन सोमवार को राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय, के कर कमलों द्वारा सम्पन्न किया गया।

# शादी अनुदान योजना के तहत अन्य पिछड़ा वर्ग के गरीब अभिभावकों की पुत्रियों की शादी के लिए दिया जा रहा अनुदान।

## शादी अनुदान योजना का लाभ उठाने के लिए ऑनलाइन कर सकते है आवेदन।

**गौतमबुद्धनगर 11 सितम्बर, 2023**

जिला अधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निदेर्शों के क्रम में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौतमबुद्धनगर लवेश कुमार सिसोदिया ने जनपद के अन्य पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों का आह्वान करते हुये जानकारी दी है कि शादी अनुदान योजना के तहत अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछडे वर्ग को छोडकर) के गरीब अभिभावकों की पुत्री की शादी के लिए शासन द्वारा शादी अनुदान योजना संचालित है, जिसके तहत अभ्यार्थी की पुत्री के विवाह के लिए 20 हजार रुपए की सहयोग धनराशि प्रदान की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि शादी अनुदान प्राप्त करने के लिए शादी की तिथि से 90 दिन पूर्व तथा 90 दिन बाद तक शासन द्वारा संचालित वेबसाइट ँ३३स्र://ॅ्रल्लि४ल्लि.४स्र२ू.ङ्म५.ल्ल लिंक पर जाकर अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकतें है।

उन्होंने शादी अनुदान योजना के पात्रता के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी देते हुये बताया कि आवेदक अन्य पिछड़ा वर्ग (पिछड़े अल्पसंख्यक वर्ग को छोडकर) का होना चाहिए तथा पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक व वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिये एवं आवेदक की आय गरीबी की सीमा के तहत शहरी क्षेत्र में 56460 रुपए वार्षिक तथा ग्रामीण क्षेत्र में 46080 रुपए वार्षिक होनी अनिवार्य है। उन्होंने यह भी बताया कि उक्त योजना का लाभ उठाने के लिए वृद्धावस्था, विकलांग एवं विधवा पेंशन के लाभार्थियों को आय प्रमाण पत्र की आवश्यकता नही हैं, ऐसे लाभार्थियों को अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर आवेदन करते समय भरना होगा एवं आवेदक का बैंक खाता राष्ट्रीयकृत बैंक में होना चाहिये। जिला सहकारी बैंक का खाता पी0एफ0एम0एस0 पोर्टल पर स्वीकृत नहीं किया जायेगा। अतः उक्त योजना में इच्छुक व्यक्ति पहचान पत्र, बैंक पास बुक, शादी का कार्ड, पुत्री का आयु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आवेदक के पासपोर्ट साइज फोटो के साथ अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकतें है। उक्त योजना के सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के कार्यालय संख्या 111, विकास भवन सूरजपुर ग्रेटर नोएडा में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क करके प्राप्त कर सकते है। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतमबुद्धनगर।

# आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 476896 वादों का हुआ निस्तारण- जिला जज

**समाज जागरण**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्राप्त निदेर्शों के अनुपालन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन मुख्यालय व तहसील स्तर पर माननीय जनपद न्यायाधीश गौतमबुद्धनगर श्री अवनीश सक्सैना की अध्यक्षता एवं दिशा-निर्देशन में दिनांक 09.09.2023 को जनपद गौतमबुद्धनगर में किया गया, जिसमें जनपद न्यायालय में कार्यरत न्यायिक अधिकारीगण द्वारा कुल 258502 वाद तथा राजस्व न्यायालय द्वारा कुल 81871 वाद तथा प्री-लिटिगेशन स्तर पर बैंक द्वारा 230 मामलें, एन0पी0सी0एल0 द्वारा 15 मामलें व बी0एस0एन0एल0 द्वारा 47 तथा परिवहन विभाग द्वारा 21272 तथा यातायात विभाग द्वारा 100602 मामलों का निस्तारण हुआ। ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि जनपद गौतमबुद्धनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 476896 वाद निस्तारित हुये।

राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयवार निस्तारित वादों का विवरण निम्न है:- श्री अवनीश सक्सैना, जिला जज द्वारा 34 वादों का निस्तारण किया गया। श्री इंदर प्रीत सिंह जोश, पीठासीन अधिकारी वाणिज्य न्यायालय द्वारा 21 वाद व समझौता धनराशि 14356286 है। श्री उदय प्रताप सिंह, पीठासीन अधिकारी, अतिरिक्त वाणिज्य न्यायालय द्वारा 25 वाद व समझौता धनराशि 27410581 है। श्री नरेन्द्र कुमार पाण्डे, पीठासीन अधिकारी मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण द्वारा 43 वाद व समझौता धनराशि 34610723 है। श्री वृद्धि सागर मिश्रा, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा 23 है। श्री प्रदीप कुमार अपर जिला जज प्रथम द्वारा 09 वाद हैं। श्रीमती प्रतिक्षा नागर, अपर जिला जज द्वितीय/विशेष न्यायाधीश/एस0सी0/एस0टी एक्ट द्वारा 20 वाद है। श्री विकास नागर, अपर जिला जज/पोक्सो कोर्ट प्रथम द्वारा 02 वाद व जुमार्ना 1000 है। श्री विजय कुमार हिमांशु, अपर जिला जज-तृतीय द्वारा 03 है। श्रीमती मोना पवॉर अपर जिला जज-पंचम द्वारा 803 वाद व 5084098 रुपए जुमार्ना है। श्री राजेश कुमार मिश्रा, अपर जिला जज-षष्टम द्वारा 01 है। श्रीमती प्रियंका सिंह, अपर जिला जज/एफ0टी0सी-द्वितीय द्वारा 01 है। श्रीमती बुशरा आदिल रिजवी, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा 04 वाद। श्री सुशील कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 103267 वाद एवं जुमार्ना धनराशि 1029000 है। श्री जयहिंद कुमार सिंह, सिविल जज (वरिष्ठ संवर्ग) द्वारा 32 वाद व जारी उत्तराधिकार प्रमाण पत्रों की धनराशि 32656260 है। श्रीमती शिवानी त्यागी, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रैट-प्रथम द्वारा 24431 वाद व जुमार्ना धनराशि 352720 है। श्री प्रदीप कुमार कुशवाहा, सिविल जज (वरिष्ठ संवर्ग)/एफ0टी0सी द्वारा 32509 वाद व जुमार्ना धनराशि 801980 है। श्रीमती अर्पिता सिंह सिविल जज जू0डि द्वारा 09 वाद व समझौता धनराशि 2601 है। श्रीमती नुपुर श्रीवास्तव अपर सिविल जज जू0डि द्वारा 27812 व जुमार्ना धनराशि 1125670 है। सुश्री ऋचा शुक्ला (कनिष्ठ संवर्ग) प्रथम व वर्चुअल कोर्ट द्वारा 20451 वाद व जुमार्ना धनराशि 1441800 है। श्री नाजिम अकबर, सिविल जज (कनिष्ठ संवर्ग) जेवर द्वारा 225 वाद व जुमार्ना धनराशि 6410 है। श्रीमती महिमा जैन, सिविल जज जू0डि0/एफटीसी-द्वितीय द्वारा 21113 वाद व जुमार्ना 563100 है। श्रीमती आर्कित सिविल जज (कनिष्ठ संवर्ग)/एफ0टी0सी द्वितीय द्वारा 27298 वाद व जुमार्ना धनराशि 210130 है। श्री राजेन्द्र कुमार-तृतीय, विशेष न्यायाधीश, धारा 138 एन0आई0 एक्ट द्वारा 16 वाद व समझौता धनराशि 22514714 है। श्री नलिन कॉत त्यागी अतिरिक्त न्यायालय संख्या-2 द्वारा 97 वाद व 134935 समझौता धनराशि है। श्री विजय कुमार अग्रवाल अतिरिक्त न्यायालय संख्या 253 द्वारा वाद व समझौता धनराशि 49600000 है। इस प्रकार जनपद स्थित न्यायालय के न्यायिक अधिकारीगण द्वारा कुल 258502 वादों का निस्तारण किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत के अन्तर्गत नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा 3380 मामलें, यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा 78 मामलें कुल प्री-लिटीगेशन के 3458 मामलें निस्तारित हुये। राष्ट्रीय लोक अदालत के अन्तर्गत जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर, अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी व तहसीलदार आदि समस्त विभागों से प्राप्त विवरण के अनुसार राजस्व के 81871 वाद निस्तारित हुयें। उपरोक्तानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 476896 मामलों का निस्तारण हुआ, जिसमें समझौता धनराशि 257611337 है। इसके अतिरिक्त दिनांक 01.09.2023 से दिनांक 08.09.2023 तक जिला कारागार गौतमबुद्धनगर में निरुद्ध बंदियों के लिये आयोजित जेल अदालत में विभिन्न न्यायिक मजिस्ट्रेटगण द्वारा 300 वादों का निस्तारण किया गया।

# नई बनने वाली हर सड़क की 05 साल की हो गारंटी, सड़क खराब हुई तो निमार्ता एजेंसी ही करे पुनर्निर्माण: मुख्यमंत्री

## दीपावली से पहले अभियान चलाकर सड़कों को बनाएं गड्ढामुक्त: मुख्यमंत्री



### मुख्यमंत्री ने की खराब सड़कों के सुधार कार्यों की विभागीय समीक्षा

### *बजट की कोई कमी नहीं, अच्छे नियोजन पर दें ध्यान: मुख्यमंत्री*

*मुख्यमंत्री का निर्देश, लोकहित की विकास परियोजनाओं में माफिया-ठेकेदारों को कतई न मिले प्रवेश*

*प्रदेश के अंदर हर सड़क बनाएं बेहतर, आम आदमी चले तो हो सुखद अनुभूति: मुख्यमंत्री*

*मेट्रो/एक्सप्रेस-वे जैसी बड़ी परियोजनाओं के कारण यदि पूर्व से संचालित सड़कें खराब होती हैं तो खराब होने के कारक विभाग को उत्तरदायी बनाया जाएगा*

*गड्ढामुक्ति और नवनिर्माण के अभियान की करें जियो टैगिंग, पीएम गतिशक्ति पोर्टल से जोड़ें: मुख्यमंत्री*

*नगरों में आवारा श्वान की बढ़ती समस्या का मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान, अधिकारियों को निर्देश, स्थायी समाधान तलाशें*

*मुख्यमंत्री का विभागों को निर्देश, मैनुअल के स्थान पर मैकेनाइज्ड रोड रिपेयरिंग को दें प्राथमिकता*

**समाज जागरण**

लखनऊ, 11 सितंबरः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आगामी नवंबर में दीपावली से पहले प्रदेश की सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को विभिन्न विभागों के साथ बैठक करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष मॉनसून की स्थिति असामान्य है। आने वाले दिनों में कई जिलों में लगातार बारिश की संभावना है। इसका ध्यान रखते हुए नवंबर में दीपावली से पूर्व प्रदेश व्यापी सड़क गड्ढामुक्ति का अभियान चलाया जाए। जहां बरसात की स्थिति हो वहां, बोल्डर डालकर रोलर चलकर आवागमन सुगम किया जाए। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई, मंडी परिषद, सिंचाई, ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास, आवास, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आदि विभागों की करीब 04 लाख किलोमीटर सड़कें प्रदेश में हैं। हर एक सड़क पर चलना आम आदमी के लिए सुखद अनुभव वाला हो, यह हम सभी की जिम्मेदारी है। मेट्रो/एक्सप्रेस-वे जैसी बड़ी परियोजनाओं के कारण यदि पूर्व से संचालित सड़कें खराब होती हैं तो खराब होने के कारक विभाग को उत्तरदायी बनाया जाएगा। गड्ढा मुक्ति अभियान के लिए विभागीय कार्ययोजना से अवगत होते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सड़कों के लिए बजट का कोई अभाव नहीं है, आवश्यकता है कि सभी विभाग बेहतर नियोजन करें। उन्होंने सभी विभागों को यह निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए सड़क बनाने वाली एजेंसी/ठेकेदार सड़क बनने के अगले 05 वर्ष तक उसके अनुरक्षण की जिम्मेदारी भी उठाएगा। इस बारे में नियम-शर्तें स्पष्ट रूप से उल्लिखित की जाएं।

### अभियंता निर्माण कार्य के 'बैकबोन'

अभियंताओं को निर्माण कार्य का 'बैकबोन' की संज्ञा देते हुए उन्होंने कहा कि कहीं भी अभियंताओं की कमी न हो, आवश्यकता पड़े तो आउटसोर्सिंग से भी तैनाती की जानी चाहिए। विभागीय मंत्रियों व अधिकारियों को फील्ड में रैंडम दौरा निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए जवाबदेही तय करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कार्य को मैनुअल के स्थान पर मैकेनाइज्ड किये जाने पर बल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि अभियंताओं की तैनाती केवल मेरिट के आधार पर ही किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक विभाग यह सुनिश्चित करे कि कहीं भी लोकहित से जुड़ी किसी परियोजना में माफिया/अपराधी प्रवृत्ति के लोगों को स्थान न मिले। उनके करीबी रिश्तेदारों और गैंग के गुर्गों को भी ठेके-पट्टे से दूर रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गड्ढामुक्ति और नवनिर्माण के अभियान की जियो टैगिंग कराई जाए। इसे पीएम गतिशक्ति पोर्टल से जोड़ा जाना चाहिए, साथ ही इसी तर्ज पर अपना पोर्टल भी विकसित किया जाना चाहिए ताकि कार्य की गुणवत्ता की अनवरत मॉनीटरिंग की जा सके।

### जलभराव हो तो तत्काल कराएं निकासी

नगर विकास व ग्राम्य विकास विभाग को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बरसात के कारण यदि कहीं जलभराव होता है तो तत्काल उसकी निकासी सुनिश्चित की जाए। विभागीय अधिकारी सड़कों पर मौजूद रहे। वहीं नगरों में आवारा श्वान की समस्या की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित एनिमल बर्थ कंट्रोल इकाइयों के शीघ्र क्रियान्वयन के अलावा अन्य उपयोगी प्रबंध करने के निर्देश भी दिए।

# विंध्याचल में विकास को नई दिशा दे रही योगी सरकार

**-विंध्य क्षेत्र में जारी बड़े प्रोजेक्ट्स की लगातार मॉनिटरिंग की प्रक्रिया को सुदृढ़ करने पर सीएम योगी का है फोकस**

**-विंध्याचल डिविजन में 50 लाख रुपए से ऊपर के 73 प्रोजेक्ट्स को अभी तक कर लिया गया है पूरा जबकि 177 प्रोजेक्ट्स पर चल रहा है काम**

**-विंध्य कॉरीडोर, सोनभद्र में मेडिकल कॉलेज जैसे सरकारी मेगा प्रोजेक्ट्स को पूर्ण करने की प्रक्रिया में लाई जाएगी तेजी**

लखनऊ, 11 सितंबर। उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास के साथ ही नागरिक सुविधाओं संबंधी इंफ्रास्ट्रक्चर्स को सुदृढ़ करने में लगी योगी सरकार ने अब विंध्याचल क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति देने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। सीएम योगी की मंशा हमेशा से ही विंध्य क्षेत्र के समेकित विकास की रही और यही कारण है कि विंध्य डिविजन में अब तक 50 लाख रुपए से ज्यादा की लागत वाले 73 प्रोजेक्ट्स को निर्धारित समयावधि में पूरा कर लिया गया है। वहीं, 177 प्रोजेक्ट्स ऐसे हैं जिन पर काम अभी जारी हैं और इस फेहरिस्त में विंध्य कॉरीडोर व सोनभद्र में मेडिकल कॉलेज जैसे सरकारी मेगा प्रोजेक्ट्स भी शामिल हैं। ऐसे में, योगी सरकार ने इन सभी प्रोजेक्ट्स की रेगुलर मॉनिटरिंग, परियोजनाओं से संबंधित समस्याओं के निराकरण और उच्च गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्यों को सुनिश्चित किए जाने की दिशा में विस्तृत कार्ययोजना के अनुरूप कार्य करना शुरू कर दिया है।

### ढिलाई की कोई गुंजाइश नहीं

सोनभद्र में चाहें थाना पिपरी बैरक हॉस्टल हो, आईटीआई दूधी हो, नगवन बांध में रिपेयर वर्क हो, या फिर गऊ संरक्षण केंद्र, चोपन में बीज भंडारण केंद्र व अटल आवासीय विद्यालय के इमारती कार्य को पूर्ण करना हो, इन सभी परियोजनाओं को या तो पूर्ण कर लिया गया है या फिर यह पूर्ण होने के अंतिम चरण में हैं। विंध्य क्षेत्र में जारी इंफ्रास्ट्रक्चरल प्रोजेक्ट्स की मॉनिटरिंग खुद मुख्य सचिव द्वारा भी की जा रही है और उनके समक्ष जो रिपोर्ट पेश की गई है उसमें ड्डह विवरण दिए गए हैं। विंध्य कॉरीडोर व सोनभद्र में मेडिकल कॉलेज जैसे सरकारी मेगा प्रोजेक्ट्स को लेकर योगी सरकार की ओर से स्पष्ट निर्देश हैं कि परियोजनाओं की पूर्ति में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न होने पर उसके निराकरण की प्रक्रिया अपनाई जाए और किसी प्रकार की लेटलतीफी व ढिलाई की कोई गुंजाइश नहीं है। यही कारण है कि मिजार्पुर में निमार्णाधीन आयुष अस्पताल में निर्माण कार्य की प्रगति कार्ययोजना के अनुरूप न होने के कारण कॉन्ट्रैक्टर के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया भी प्रस्तावित है।

### तीन सूत्रीय एजेंडा पर हो रहा काम

रिपोर्ट के अनुसार, 50 लाख रुपए से ज्यादा की लागत वाले प्रोजेक्ट्स में से मिजार्पुर में



31 प्रोजेक्ट्स पूर्ण हो गए हैं जबकि 75 पर कार्य जारी है। वहीं, भदोही में 18 प्रोजेक्ट्स को पूर्ण कर लिया गया है जबकि 48 पर कार्य जारी हैं। इसी प्रकार, सोनभद्र क्षेत्र में 24 परियोजनाओं को पूर्ण कर लिया गया है जबकि 54 पर कार्य जारी है। जिन प्रोजेक्ट्स पर अभी कार्य जारी है उन्हें पूर्ण गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द पूरा करने के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है जिसमें मुख्य रूप से त्रिसूत्रीय एजेंडे का निर्धारण किया गया है। इनमें स्टेकहोल्डर्स व इश्यूज के निर्धारण, निर्माण कार्यों में आ रही चुनौतियों के चिन्हन और निराकरण को प्रमुखता दी गई है।

### रिव्यू मीटिंग्स व ग्राउंड इंस्पेक्शंस से लाई जाएगी कार्यों में तेजी

प्रोजेक्ट्स के कंप्लीशन के लिए भूमि अधिग्रण, वन विभाग से क्लियरेंस, एसआईटी इन्क्वायरी, युटिलिटी शिफ्टिंग, बजट आवंटन, उचित जनशक्ति उपलब्धता, गुणवत्तापूर्ण निर्माण, टेंडरिंग प्रक्रिया में विलंब जैसे व्यवधानों के निराकरण के लिए रिव्यू मीटिंग्स की एक सतत प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इसमें कमिश्नर, डीएम, सीडीओ, जिला स्तर के अन्य अधिकारी तथा फंडिंग एजेंसीज प्रतिभाग करेंगी और साइट विजिट के साथ ही किसी भी परियोजना से संबंधित कोई भी बाधा उत्पन्न होने पर सभी संबंधित अधिकारी अपने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के संदर्भ में मामले को जल्द से जल्द दर्ज कराएंगे। इस प्रकार क्षेत्र में लंबित परियोजनाओं के अंतर्गत आ रही कठिनाइयों के निराकरण का एक इकोसिस्टम विकसित किया जा रहा है जिसकी समय-समय पर लखनऊ से भी मॉनिटरिंग होती रहेगी।

# जनपद के अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 12 सितंबर से 23 सितंबर 2023 तक किया जाएगा नि:शुल्क खाद्यान्न का वितरण।

## उक्त अवधि में अंत्योदय कार्डधारकों को त्रैमास के सापेक्ष 3 किग्रा0 चीनी 18 रुपए प्रति किग्रा की दर से कराया जाएगा वितरण।

जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निदेर्शों के क्रम में जिला पूर्ति अधिकारी गौतम बुद्ध नगर ने जनपद के समस्त अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को जानकारी देते हुए बताया कि माह सितंबर, 2023 के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आवंटित आवश्यक वस्तुओं यथा गेहूं, चावल का वितरण 12 सितंबर से 23 सितंबर 2023 के मध्य संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त अवधि में आवश्यक वस्तुओं का वितरण प्रातः 06.00 बजे से रात्रि 09.00 बजे तक ई-पॉस मशीन के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण के उपरांत किया जाएगा। प्रत्येक अंत्योदय कार्डधारकों को 14 किलो0 गेहूँ एवं 21 किलो0 चावल(35 किग्रा खाद्यान्न) एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को कार्ड में सम्मिलित प्रति यूनिट 02 किलो गेहूं व 03 किलो चावल(5 किग्रा खाद्यान्न) विक्रेता द्वारा निःशुल्क वितरण किया जाएगा। उक्त अवधि में अंत्योदय कार्डधारकों को माह जुलाई, अगस्त तथा सितंबर 2023 त्रैमास के सापेक्ष 3 किग्रा0 चीनी प्रति कार्ड 18 रुपए प्रति किग्रा0 की दर से वितरण सुनिश्चित कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद गौतम बुद्ध नगर के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश के अन्य जनपदों/राज्यों के निवासी अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारक, जिनके द्वारा गौतम बुद्ध नगर के उचित दर विक्रेताओं के यहां से वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत पोर्टेबिलिटी के आधार पर खाद्यान्न अपनी सुविधा एवं सुगमता अनुसार किसी भी उचित दर दुकान से प्राप्त किया जा सकेगा। अंत्योदय कार्ड धारकों को चीनी के संबंध में पोर्टेबिलिटी की सुविधा अनुमन्य नहीं होगी। लाभार्थी अपनी मूल दुकान से ही चीनी प्राप्त कर सकेंगे।उन्होंने बताया कि संबंधित नोडल अधिकारी द्वारा उचित दर दुकान पर उपलब्ध खाद्यान्न आदि का भौतिक सत्यापन करने के उपरांत अपनी उपस्थिति में दुकान पर खाद्यान्न आदि का वितरण सुनिश्चित कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को गेहूं, चावल निःशुल्क एवं चीनी की वितरण की अंतिम तिथि 23.09.2023 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं के लिए मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से निःशुल्क वितरण संपन्न किया जा सकेगा एवं विक्रेता द्वारा ई-पॉस मशीन से निकलने वाली वितरण पर्चियों पर गेहूँ, चावल का मूल्य शून्य होना स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाएगा तथा संबंधित उचित दर विक्रेता द्वारा कार्डधारक को उक्त पर्ची उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होंने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 की सूची में सम्मिलित समस्त उपभोक्ताओं से आह्वान किया कि वह सम्बन्धित उचित दर विक्रेताओं से अपनी-अपनी आवश्यक वस्तुएं प्राप्त करें। यदि उन्हें आवश्यक वस्तुए प्राप्त करने में कोई समस्या उत्पन्न हो तो, उसके निराकरण के लिए अपनी तहसील में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी एवं क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी / पूर्ति निरीक्षक से अथवा क्रियाशील कॉलसेंटर एवं टोल फ्री नम्बर-1967 एवं 1800-1800-150 पर समस्या दर्ज करा सकते है। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी

# परा विधिक स्वयं सेवको को लॉर्ड लॉ कॉलेज में दिया गया प्रशिक्षण

दिनांक 11 सितंबर 2023 को लॉयड लॉ कॉलेज के सहयोग से एव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में पैरा लीगल वॉलिंटियर्स के प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के दीप प्रज्वलन के साथ किया गया । प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव / अपर जिला जज श्रीमती रिचा उपाध्याय , किशोर न्याय बोर्ड के प्रधान मजिस्ट्रेट श्री दिव्याकांत सिंह राठौड़ , जिला स्वास्थ्य विशेषज्ञ श्री अमित कुमार श्री अरुण कुमार अधीक्षक जिला कारागार गौतम बुद्ध नगर व वरिष्ठ अधिवक्ता श्री नरेश कुमार गुप्ता एव लॉयड लॉ कॉलेज के डीन श्री मोहम्मद सलीम व डायरेक्टर श्री अखिलेश कुमार का उपस्थित रहे। बताया गया कि जिले के विभिन्न विधि महाविद्यालयों से व समाज के कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तियो मे से 250 लोगो का चयन किया गया है जिनके द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभा किया गया । प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान पैरा लीगल वॉलिंटियर्स को उनके दायित्व के विषय में बताया गया कि किस प्रकार से वह समाज की न्याय व्यवस्था में अपना पुरजोर सहयोग व समर्पणभाव से विधिक सेवा विधिक सहायता प्रदान कर सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जिला कारागार में निरुद्ध बंदियो के अधिकार के संबंध में विस्तार से बताया गया तथा चिकित्सा व खाद्य सुविधाओं पर व समाज के निम्न एवं मध्य वर्ग के लिए चिकित्सा योजना पर चर्चा की गई। साथ ही साथ सभी पैरा लीगल वॉलिंटियर्स को प्रथम सूचना रिपोर्ट के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई इसके साथ ही साथ विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी उपलब्ध कराई गई तथा श्री दिव्य कांत सिंह राठौड़ प्रधान मजिस्ट्रेट द्वारा बाल सम्प्रेक्षण गृह में रह रहे 18 वर्ष से कम आयु वाले बच्चो के अधिकार एव उन पर चल रहे मुकदमो की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई तथा जुवेनाइल जस्टिस एक्ट के संबंध में बताया गया । श्री नरेशन गुप्ता वरिष्ठ अधिवक्ता दीवानी न्यायालय गौतम बुध नगर द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित कार्य जैसे लोक अदालत का आयोजन से वादो की शीघृ निस्तारण मीडिएशन द्वारा

# चूल्हे के चिंगारी से लगी आग, गृहस्थी हुई खाक

**दैनिक समाज जागरण अतुल बाजपेई**

विजयीपुर फतेहपुर ब्लॉक-क्षेत्र के मनीपुर समेरिया गांव में सोमवार दोपहर चूल्हे की चिंगारी से आग लग गई जिससे घर में रखे अनाज जरूरी कागजात एवं घर में रखी गृहस्थी जलकर खाक हो गई



क्षेत्र के मनीपुर सेमरिया गांव निवासी पृथ्वीपाल सिंह सोमवार दोपहर परिवार सहित खेत में थे तभी चूल्हे में पड़ी चिंगारी से घर के अंदर आग लग गई जहां सुनसान घर में रखा गेहूं चावल कपड़े बिस्तर सहित जरूरी कागजात समेत लगभग लाखों की गृहस्थी जलकर खाक हो गई आग की लपटे देखकर मोहल्ले वालों ने परिजनों को सूचना दी जब तक परिजन पहुंचते सब कुछ जलकर खाक हो चुका था

लेखपाल ओम प्रकाश सिंह ने बताया आग से गृहस्थी जली है रिपोर्ट उच्च अधिकारियों की भेजी जाएगी

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म,एसपी से लगाई गुहार

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**


यूपी के फतेहपुर जिले के बिंदकी कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली युवती ने एसपी को शिकायती पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई पीड़िता ने बताया की गांव के ही रहने वाला कमलेश ने शादी का झांसा देकर बार-बार उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देता रहा किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी है पीड़िता के मुताबिक वह 5 माह की गर्भवती भी हो गई है और अब आरोपी के द्वारा शादी करने से इनकार कर दिया गया जिसके बाद पीड़िता ने इसकी शिकायत बिंदकी कोतवाली में की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई जिसके बाद अब पीड़िता एसपी की चौखट पहुंचकर दोषी पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है

# लखनऊ हुआ पानी पानी सड़के बनी तालाब

## सिर्फ कुछ घंटों की बारिश ने नगर निगम की पोल खोल दी।

**अरुण सिंह समाज जागरण ब्यूरो**

लखनऊ लौटता मानसून जमकर बारिश कर रहा है। राजधानी में 14 घंटे से जमकर बारिश हो रही है। जिससे कई पॉश इलाकों में पानी 3 से 4 फीट तक भर गया है। हजरतगंज समेत कई मुख्य सड़कों पर जलभराव के कारण भीषण जाम है। कैब सर्विस का सिस्टम ध्वस्त हो गया। लोग अपने घरों में कैद हो गए। लखनऊ में 93.9 टट बारिश रिकॉर्ड की गई। भीषण बारिश का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है की राजधानी के कई इलाकों की बिजली पिछले 15घंटो से गुल है लगातार हो रही बारिश से वीआईपी भी अछूते नहीं रहे पूर्व कैबिनेट मंत्री मोती सिंह के घर में पानी घुस गया। खराब मौसम देखते हुए एडवाइजरी भी जारी की गई है। लोगों को बेवजह खुले में घूमने से मना किया गया है विभूतिखंड फ्लाईओवर के नीचे पानी का स्तर बढ़ने के बाद ट्रैफिक पर रोक लगाई गई है। वहीं, प्रदेश के कई जिलों में हो रही भारी से अधिक भारी बारिश के असर और अलर्ट को देखते हुए समीक्षा बैठक की गई है। इसमें अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने और लोगों की सहायता के निर्देश दिए गए हैं। मूसलाधार बारिश से शहर के पीजीआई,आशियाना और निलमथा सहित कई इलाकों की कालोनियों में घुटने तक पानी भर जाने से लोग घरों में कैद हो गए। पीजीआई इलाके की चरण भट्टा रोड,मीरा बिहार,मधुबन बिहार कालोनी सहित एल्डिको उद्यान दो,एल्डिको सुरक्षा की तीन अन्य कालोनियों में जलभराव होने से घर के बाहर खड़ी कारें और स्कूटी पानी में डूबती दिखाई दी। तो वही, निलमथा इलाके के आदर्श नगर निवासी पूर्व सैनिक राकेश सिंह के घर देर रात छत पर बिजली गिरी। उन्होंने बताया कि बिजली गिरने से छत पर हल्के हल्के गड्ढे होने के साथ ही घर की बिजली वायरिंग शॉर्ट हो गई ।





मीरा बिहार कालोनी में रहने वाले लोगों ने बताया कि कालोनी में कई वर्षों से बारिश के समय जलभराव की समस्या बनी रहती हैं। कई बार नगर निगम के अधिकारियों से शिकायत की गईं ,लेकिन किसी ने इस समस्या पर ध्यान नही दिया । सैनिक नगर निवासी रिटायर्ड कर्नल आदि शंकर मिश्र ने बताया कि सिंचाई विभाग की रिहायशी कालोनी की बाउंड्री में जगह जगह छेद करके वहाँ का पानी सैनिक नगर के मुख्य मार्ग पे निकाला जा रहा है जिससे सैनिक नगर में पानी भर रहा है। कालोनी के एक नंबर गेट पर बड़ा पेड़ गिर गया है जिससे सैनिक नगर के निवासियों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है । एल्डिको कालोनी में रहने वाली अर्चना बोहरा ने बताया कि उनकी कालोनी में भी कई वर्षों से बरसात के समय पानी भर जाता हैं। एल्डिको सुरक्षा फर्स्ट में कंचन चतुर्वेदी की आधी कार पानी में डूब गई। उन्होंने बताया कि सोमवार दोपहर जलभराव की समस्या पर मोहनलालगंज सांसद के प्रतिनिधि प्रवीण अवस्थी और सरोजनीनगर विधायक की टीम के केएन सिंह और स्थानीय पार्षद पति ने कालोनी का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को दो घंटे में वैकल्पिक पानी की निकासी का निर्देश दिया है । और निकासी की समस्या का स्थाई समाधान का आश्वासन दिया हैं ।

**डीएम ने किया निरीक्षण,दिए निर्देश**

लखनऊ। रविवार रात से हो रही भारी बारिश के कारण लखनऊ जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने सोमवार को गोमती बैराज और गऊ घाट पहुंच कर जलस्तर का मुआयना किया । मौके पर बैराज का एक गेट खुला हुआ था, जिसके संबंध में निर्देश दिए की बैराज का एक गेट और खोला जाए। जिससे कि नगरीय क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति से बचा जा सके। इसके बाद उन्होंने फैजुल्लागंज क्षेत्र से प्राप्त हो रही जलभराव की शिकायतो का त्वरित संज्ञान लेते हुए फैजुल्लागंज पहुंच कर मौके पर नगर निगम की टीमो के द्वारा जल निकासी का कार्य होता पाया गया। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा क्षेत्रीय लोगों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को सुना और अधिकारियों को शीघ्र जल निकासी कराने के निर्देश दिए।

# अखिलेश शर्मा को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का महानगर अध्यक्ष बनाए जाने पर नगला पनसहाय में किया गया स्वागत

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। नगला पान सहाय में पंडित अखिलेश शर्मा का सभी ग्रामवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया तथा फूल मालाएं पहनाई गई

पंडित कैलाश शर्मा एवम उमेश शर्मा ने बताया कि हम लोगों पर जब जब कोई परेशानी आई तब पंडित अखिलेश शर्मा अपनी टीम के साथ ढाल बनकर खड़े हुए समुद्र गुर्जर लालू पंडित ने भी कहा की पंडित अखिलेश शर्मा हर समय पीड़ितो की मदद के लिए तैयार रहते है और बिना भेदभाव के मदद करते है चाहे वह किसी भी बिरादरी का हो

समाज सेवी एवम परशुराम शोभा यात्रा समित के पूर्व अध्यक्ष एवम एडवोकेट जितेंद्र शर्मा ने कहा की पंडित अखिलेश शर्मा सदैव पीड़ितो की मदद बिना किसी लालच के करते है में और मेरी टीम सदैव इनके साथ रहता हूं और रहूंगा



पंडित अखिलेश शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा की इस गांव के अभी साथी हमारे परिवार के लोग है अगर परिवार को कोई भी प्रताड़ित करने की कोशिश करेगा तो उसको जिस भाषा में समझेगा उसी भाषा में समझाया जायेगा हमारे संगठन के हर दुकानदार की दुकान पर एक सूचना पट लगाया जाएगा जिस पर लिखा जायेगा की बिना अनुमति कोई भी अधिकारी या कर्मचारी दुकान के अंदर प्रवेश न करें

जब सरकारी अधिकारी के। दफ्तर में अनुमति लेकर प्रवेश मिलता है जबकि वह ऑफिस उसका नही है वहा वह ड्यूटी पर है जबकि व्यापारी की दुकान उसके खून पसीने की कमाई से बनी है उसके पूर्वजों की है उसमे सरकारी अधिकारी जांच के नाम पर घुसकर लूट का प्रपंच रचते है यह बिल्कुल बर्दास्त नही किया जाएगा

व्यापारियों एवम समाज की लड़ाई अंतिम सांस तक लड़ता रहूंगा कार्यक्रम में भगवान दास बघेल, रामवीर कुशवाहा, सुनील शर्मा ,अनिल शर्मा ,कुलदीप गुर्जर, गब्बर सिंहगुर्जर, भुल्ली गुर्जर आदि लोग मौजूद रहे।

# एक ही वार्ड मे टूटे तीन ताले व्यापारियों मे दहशत

## पुलिस के नाक के नीचे हो गई चोरी सोती रही पुलिस

**दैनिक समाज जागरण अतुल बाजपेई**

किशुनपुर फतेहपुर थाना क्षेत्र में लगातार धड़ाधड़ चोरियां हो रही है और पुलिस एक भी चोरी का खुलासा करने में नाकाम साबित हो रही है क्षेत्र में आए दिन हो रही चोरियां पुलिसिया कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रही है जबकि पुलिस चोरियों का खुलासा करने में नाकाम साबित हो रही है ।

जानकारी के मुताबिक आपको बता दें कि किशनपुर थाना क्षेत्र में हो रही चोरिया पुलिसिया कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रही है लेकिन रविवार की रात हुई चोरी ने पुलिसिया कार्यशैली में बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है जहां रविवार की रात किशनपुर कस्बे में वाड नं 7 अविरल अग्रवाल के आटो पार्स के सामने गोदाम से बेखौफ चोरों ने बड़े ही सफाई से हाथ साफ कर दिया और जिसमें 12 गत्ते मोबिआयल व मोटरसाइकिल पार्स लेकर फरार हो गए वहीं कस्बे में दूसरे तरफ चन्दकान्त तिवारी के यहां पान की गोमटी से ताला तोड़कर पान मसाला व कुछ नगदी ले गये लेकिन इतने में जब चोरों का मन नहीं भरा तो चोरों



ने वहीं नजदीक मे प्रेमचंद मौर्या के यहां चोरो ने अपना हाथ अजमाया उनके बेसमेंट के पास पहुंच कर बेसमेंट मे लगे ताले को कटर से काटकर सफल तो हो गए लेकिन बेसमेंट मे खडी गाडियो की हैडिल लाक होने की वजह से चोर सफल नहीं हो पाये चोरी जैसी वारदातों से कस्बे वासियों के बीच भय व्याप्त है पर रात में पुलिस के नाक के नीचे चोरी हो जाना पुलिस की रात्रि गश्त व पुलिसिया कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रही है क्षेत्र में चोरी का यह पहला मामला नहीं है जब पुलिस के नाक के नीचे चोरों ने चोरी जैसी घटना को अंजाम दिया इससे पूर्व में भी कस्बे में ही चोरी के कई बड़े बड़े मामले भी सामने आ चुके हैं लेकिन पुलिस एक भी चोरी का खुलासा करने में नाकाम साबित हुई है किशनपुर कस्बे में लगातार दो तीन चोरियां हुई जिस पर पुलिस खुलासा करने में नाकाम साबित हुई हालांकि हाल ही में एक गोमटी मे ऐसी ही पान मसाला चोरी का मामला सामने आया था जिस पर पुलिस ने खुलासा करते हुए जमकर वाहवाही लूटी थी और अपनी पीठ थपथपाई थी लेकिन कस्बे में हुई बड़ी बड़ी चोरियो का खुलासा करने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है जो कहीं ना कहीं पुलिस की रात्रि गश्त व पुलिसिया कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रही है ।

वही मामले को लेकर किशनपुर थाना अध्यक्ष ने बताया कि जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा और चोर पुलिस की गिरफ्त में होंगे ।

# बुलडोजर बाबा के निदेशों की धज्जियां उड़ा रहा है सपा मानसिकता से ग्रसित एक यातायात पुलिसकर्मी

## वाहन चालक की शिकायत के बाद यातायात पुलिस कर्मी पर गिर सकती है पुलिस अधीक्षक की गाज

## रामानंद यादव जापानी चश्मा पहनकर करता हैं चालान पर भारतीय वाहन नंबर प्लेट को नहीं कर पाता स्कैन

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं बुलडोजर बाबा योगी आदित्यनाथ ने सभी पुलिस प्रमुखों को निर्देश देते हुए कहा है कि किसी भी पुलिस कर्मी द्वारा यदि आम जनता का उत्पीड़न किया गया तो उस पुलिस कर्मी पर गंभीर कार्यवाही की जाए यदि ऐसा नहीं किया गया तो पुलिस प्रमुख पर कार्यवाही करते हुए उन्हें पदमुक्त करने का काम किया जाएगा। बुलडोजर बाबा के निदेशों का पालन करते हुए जनपद के पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह खरे उतरते नजर आ भी रहे हैं किंतु उसके बावजूद एक यातायात पुलिस कर्मी पुलिस अधीक्षक के खौफ से बेखौफ होकर अपनी मनमानी करते हुए आम जनता से चालान के नाम पर अवैध वसूली करने के अलावा उनसे गाली गलौज भी करता है। मालूम रहे कि 9 सितंबर 2023 की दोपहर लगभग 12:30




बजे सपा मानसिकता से ग्रसित एक यातायात पुलिस कर्मी रामानंद यादव द्वारा ज्वालागंज चौराहा के समीप दो पहिया चालक राहुल गुप्ता निवासी हरिहरगंज को चेकिंग के दौरान रोक कर उसके वाहन की चाबी निकाल ली गई जब वाहन चालक ने इस बात का विरोध किया तो यातायात पुलिस कर्मी रामानंद यादव द्वारा गाली गलौज की गई इसके बाद वाहन चालक और यातायात पुलिस कर्मी के बीच बहस हो गई। यातायात पुलिस कर्मी द्वारा दो पहिया चालक के वाहन के सभी कागज देखने के बाद कागज पूरी तरह सही थे किंतु वाहन चालक ने हेलमेट नहीं पहन रखा था जिसका चालान यातायात पुलिस कर्मी रामानंद यादव द्वारा किया जाना चाहिए था जबकि वाहन चालक बार-बार कह रहा था कि हेलमेट का चालान करो और मुझे जाने दो किंतु उससे तरह-तरह के निजी सवाल पूछ कर परेशान करने का काम किया जा रहा था और लगभग उसे 30 से 40 मिनट तक चालान करने के नाम पर रोके रखा गया। बहस बाजी से बौखलाए हुए उपरोक्त यातायात पुलिस कर्मी ने खुन्नस के चलते वाहन के नंबर प्लेट का भी चालान कर दिया जबकि नंबर प्लेट में कोई भी कमी नहीं थी। हैरत की बात तो यह है कि आखिरकार सपा मानसिकता से ग्रसित भ्रष्ट यातायात पुलिसकर्मी रामानंद यादव ने अपने लिए जापान से कौन सा नई तकनीकी का चश्मा मंगवाया है की जो भारत देश के वाहन की नंबर प्लेट को स्कैन नहीं कर सका। और हेलमेट के अलावा नंबर प्लेट का चालान मिलाकर कुल 6000 रुपए का चालान कर दिया। गौरतलब बात तो यह है कि इस चलन को गलती से किया गया चालान भी नहीं कहा जा सकता क्योंकि हेलमेट का चालानडू1000 का है यदि गलती से चालान किया जाता तो वह 6000 रुपए का नहीं बल्कि 10000 रुपए का होता। रिश्वत की रकम न मिलने से बौखलाये यातायात पुलिस कर्मी रामानंद यादव ने भले ही नंबर प्लेट का ऑनलाइन चालान किया हो किंतु नंबर प्लेट की फोटो भी अपलोड नहीं की गई जबकि नंबर प्लेट में यदि कोई कमी थी तो फोटो भी अपलोड करना चाहिए था किंतु जब खुन्नस के चलते चालान किया गया हो तो नंबर प्लेट की फोटो कैसे अपलोड करता। आम जनता इस बात पर टिप्पणी कर रही है की आखिरकार भ्रष्ट यातायात पुलिस कर्मी रामानंद यादव ने ड्यूटी के दौरान ऐसा कौन सा जापानी चश्मा पहन रखा था जो भारतीय वाहन के नंबर प्लेट को स्कैन ना कर सका इतना ही नहीं रामानंद यादव की भ्रष्ट कार्य शैली ने समूचे पुलिस विभाग की बेहतर छवि को धूमिल करने का काम किया है जिसके चलते पुलिस अधीक्षक द्वारा रामानंद यादव जैसे भ्रष्ट यातायात पुलिस कर्मी पर कोई गंभीर कार्यवाही करने की आवश्यकता है जिससे कि आम जनता का भरोसा पुलिस विभाग पर बना रहे।

# सभी रोगों की एक दवाई, घर में रखो साफ-सफाई - अशवनी जैन

**दैनिक समाज जागरण**

सिरसागंज। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत एक स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें विद्यार्थियों ने स्वच्छ भारत मिशन पर अलग-अलग स्लोगन से आम जनमानस को जागरूक संदेश प्रदान किया।

अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि विद्यार्थियों ने विभिन्न स्लोगन जैसे आओ फिर एक बदलाव करें, देश का कोना- कोना साफ करें, जन-जन तक यह संदेश पहुँचाना है, हमें स्वच्छता को अपनाना है, सभी रोगों की एक दवाई, घर में रखो साफ-सफाई, बच्चा- बच्चा करे यही पुकार, स्वच्छ और सुन्दर हो देश हमारा, खूबसूरत होगा देश हर ओर, क्योंकि हम करेंगे सफाई चारों ओर, कदम से कदम मिलाए जा, भारत को स्वच्छ व सुन्दर बनाए जा, आवाज उठाओ, गंदगी मिटाओ, जन-जन का नारा है, भारत को स्वच्छ बनाना है, स्वच्छ और स्वस्थ होगा, तभी तो आगे बढ़ेगा इंडिया, स्वच्छ्ता ही सेवा है, हर नागरिक का हो ये सपना,



स्वच्छ हो सम्पूर्ण भारत अपना, स्वच्छ्ता ही सेवा है, गन्दगी जानलेवा है, स्वच्छ भारत है एक बड़ा अभियान, सब मिलकर करें अपना योगदान, साफ हो, सुन्दर हो, ऐसा मेरा भारत देश हो, गाँधीजी का था इरादा, देशवासी करें स्वच्छ्ता का वादा, जो स्वच्छता को नहीं अपनाएगा, वो बीमारियों का घर बन जाएगा, साथी रे, हाथ से हाथ मिलाना, गन्दगी को दूर भगाना, आदि जागरूक स्लोगन प्रदर्शित किए।

जिसमें कु पावनी जैन, संयुक्ता, तनवी जादौन, सोनाली, स्नेहा बघेल, अवन्तिका शर्मा, शिवानी यादव, रोली यादव, निवेदिका, भूमि गुप्ता, आयुष, रितिक बघेल, शिवम, मोहन, अनुज कुशवाह, अयाज, आशीष कुमार, कृष्णा, ब्रजमोहन, महेन्द्र सिंह, शुभम जादौन, मोहन, शुभम जैन, अनुराग आदि की सहभागिता रही।

# शिक्षा पाना हर बच्चे का है अधिकार: अशवनी राजौरिया

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। कोमल फाउंडेशन द्वारा एवं जे.एस. विश्वविद्यालय, शिकोहाबाद के सहयोग से संचालित बाल शिक्षा केन्द्र, जैन नगर, फिरोजाबाद में निःशुल्क शिक्षा ग्रहण कर रहे नौनिहालों को मां कामाख्या देवी एवं बाबा खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा पाठ्य सामग्री कॉपी,पेंसिल,रबर,सॉफ्नर और बिस्कुट का वितरण किया गया।

इसी क्रम में डाबर इंडिया लिमिटेड के न्यूट्रीशन सपोर्ट प्रोग्राम के अंतर्गत सभी बच्चों को रियल मैंगो जूस और अनार जूस का वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम में विवेकानंद राज्य युवा पुरस्कार विजेता एवं कोमल फाउंडेशन के अध्यक्ष अश्वनी कुमार राजौरिया ने सभी बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि शिक्षा पाना हर बच्चे का अधिकार है।




इसलिए हर बच्चा शिक्षा से जुड़े क्योंकि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिससे हम अपने जीवन को बेहतर और उज्ज्वल बना सकते हैं। कोमल फाउंडेशन निरंतर बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कार्य कर रही हैं। कार्यक्रम में बाल शिक्षा केन्द्र की शिक्षिका सोनी यादव, ग्रीश यादव , धर्मेंद्र यादव , गरिमा यादव, अंजली राठौर, लाखन सिंह आदि उपस्थित रहे।

# जायंट्स ग्रुप ऑफ महिला शक्ति के द्वारा एसएन मेडिकल कॉलेज में एक रक्त शिविर लगाया गया।

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। रक्तदान महादान जायंट्स ग्रुप ऑफ महिला शक्ति के द्वारा एसएन मेडिकल कॉलेज में एक रक्त शिविर लगाया गया

फिरोजाबादअध्यक्ष पूनम गुप्ता ने बताया कि रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है और और कई बीमारियां दूर होती हैं हार्ट अटैक के लिए रक्तदान करना काफी फायदेमंद माना जाता है इससे कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियों का जोखिम भी कम होता है प्रशासनिक निर्देशिका प्राची अग्रवाल ने बताया कि रक्त शिविर लगाने का उद्देश्य एक्सीडेंट होने पर चोट लगने पर यदि अधिक रक्त बह जाता है तो रक्त की जरूरत पड़ जाती है इसके लिए ब्लड बैंक में ब्लड होना जरूरी है जिससे समय रहते उसे व्यक्ति का उपचार हो सके और उसका जीवन बच सके इसके लिए 10 यूनिट रक्त दान किया गया।

वित्त निर्देशिका राखी बंसल ने



बताया कि ग्रुप की सदस्यों द्वारा बहुत ही उत्साह के साथ रक्तदान किया गया जिसमें पूनम गुप्ता प्राची अग्रवाल अनुपम जैन रितु खंडेलवाल निधि जैन गौरी बंसल गुंजन अग्रवाल एकता मित्तल सीमा अग्रवाल ने रक्तदान किया जिस महिलाओं ने रक्तदान किया उन्हें अनार खिलाया और केले और फ्रूटी भी दी गई सीएमएस डॉक्टर नवीन जैन ने ग्रुप की सभी सदस्यों को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया और आप आभार व्यक्त किया डॉ सोनाली डॉ गरिमा की उपस्थिति में यह कार्य संपन्न हुआ। इसकी संजोयिका अनुपमा जैन ,रीना गर्ग रही।

# ग्राम पंचायत मधुबनी में आयोजित हुआ बीर अब्दुल हमीद का शहादत दिवस

**शकील खान, समाज जागरण**

सुरेमनपुर (बलिया) : क्षेत्र के ग्राम पंचायत मधुबनी में बीर अब्दुल हमीद इतेहादुल मुस्लेमीन कमेटी मधुबनी के द्वारा सर्व दलीय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन महंत जी के मठिया मधुबनी में किया गया। वक्ताओं ने अपने भाषण कहा कि हम लोगो को बीर अब्दुल हमीद के देश के प्रति किए गए अपने कर्तव्यो ,और देश के लिए बलिदान होने की प्रेरणा को लोगो को आत्मसात करनी चाहिए । वक्ताओं ने अब्दुल हमीद की पाकिस्तान की अभेद टैंक को तबाह करने की कहानी भी लोगो को बता कर राष्ट्र प्रेम का जज्बा जगाया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बैरिया विधायक जय प्रकाश अंचल समाजवादी पार्टी, विशिष्ट अतिथि परशुराम सिंह भाजपा नेता, सुबाष यादव पूर्व विधायक बसपा, अजीत कुमार सिंह,प्रदेश सचिव सी आई टी यू, राम कृष्ण यादव खेत मजदूर यूनियन जिला सचिव,आदि ने अपना



विचार रखा । सांस्कृतिक कार्यक्रम मनोज यादव की टीम ने किया और अपने गायकी से लोगो के दिलो में देश प्रेम का जज्बा पैदा किया । बीर अब्दुल हमीद इतेहादुल मुस्लेमीन कमेटी के सदर मुहम्मद इजरायल,नायब सदर आरिफ खान, नायब सदर मुहम्मद रफीक, खजांची आफताब आलम, संगठन मंत्री मुहम्मद रफीक, और संजोजक मुमताज हुसैन रहे । प्रधान संघ बैरिया के अध्यक्ष अरुण कुमार यादव ने सभी का स्वागत और आभार प्रकट किया ।

# प्रसूता की मौत के बाद गुस्सा आए परिजनों ने जमकर कांटा हंगामा

फिरोजाबाद। थाना दक्षिण क्षेत्र में स्थित प्राइवेट नर्सिंग होम में प्रसव के बाद एक महिला की मौत हो गई। उसकी मौत से गुस्साए पारिवारिजनों ने हंगामा काटा। पुलिस ने मौके पर पहुंच मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई।

थाना रसूलपुर के क्षेत्र लालपुर मंडी के समीप निवासी 22 वर्षीय शहनाज पत्नी अनवर को प्रसव पीड़ा होने पर परिवार के लोगों ने ट्रामा सेंटर के सामने एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भरती कर दिया।

शहनाज ने एक बच्ची को जन्म दिया। कुछ देर के बाद उसकी तबीयत बिगड़गई। जिससे उसकी कुछ देर बादमौत हो गई। शहनाज की मौत का पता चलते ही परिवार के लोग गुस्से में आ गए।

उन लोगों ने नर्सिंग होम पर जमकर हंगामा काटा। हंगामा को देख नर्सिंग होम का स्टाफ इधर-उधर भाग गया। वहां भर्ती अन्य मरीज भी भयभीत हो गए। पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लोगों को समझा कर शांत कराया।

पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए विच्छेदन गृह में रखवाया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद मृतका के शव को पारिवारिक जनों के सुपुर्द कर दिया।

प्रभारी निरीक्षक थाना दक्षिण ने बताया मृतका के परिवार के लोगों ने घटना की तहरीर दी है। तहरीर को जांच के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पास भेज दिया गया है।

# कैंप लगाकर पिडसरा में वायरल बुखार की की गई जांच दर्जनों में वायरल की पुष्टि

**दैनिक समाज जागरण**

भारतीय समाज विकास समिति के द्वारा पिंडसरा में वायरल बुखार,डेंगू ,मलेरिया, टाइफाइड जैसी अन्य बीमारियों को देखते हुए सीएचसी अरांव से डॉक्टरों की टीम बुलाकर गांव के ही उमेश चंद्र के आवास पर कैंप



लगवाया गया, जिसमें सैकड़ों मरीजों का परीक्षण किया गया। जिसमें करीब आधा दर्जन मलेरिया, आधा दर्जन टाइफाइड और लगाभग 15 /20 लोगों को वायरल बुखार की पुष्टि हुई है,इसमें डॉक्टर बंदना पालीवाल ,जय प्रकाश,नीलम अमिताभ ने मरीजों की जांच कर जरूरी दवाईयां भी दी। और घर-पडोस आदि जगहों की साफ सफाई पर जोर दिया और कहा मौसम बदल रहा है अतः अपना सभी लोग ख्याल रखें कोई लक्षण महसूस हो तो तुरंत इसकी जांच कारायें। कैंप में भारतीय समाज विकास समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजनीश कुमार महामंत्री अरविंद और मीडिया प्रभारी हरिओम यादव के साथ गांव के अरुण यादव,लीलाधर यादव,रामचतुर यादव, सचिन यादव अन्य भारतीय समाज विकास समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# लेनदेन के विवाद में दो पक्ष भिड़े, पांच पर मुकदमा दर्ज

अयोध्या। बीकापुर कोतवाली क्षेत्र कटारी गांव में पैसे के लेनदेन को लेकर हुई मारपीट के मामले में एक पक्ष की शिकायत पर दूसरे पक्ष के पिता-पुत्र सहित पांच लोगों के विरुद्ध कोतवाली पुलिस द्वारा बलवा, मारपीट, गाली गलौज, धमकी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के अवधी तिवारी का पुरवा कटारी गांव निवासी स्वामीनाथ तिवारी का आरोप है कि 7 सितंबर को सुबह करीब 11 बजे वह अपने घर पर मौजूद था। इसी दौरान गांव निवासी विपक्षी अजीत वनराजा, अजय वनराजा, हरीराम वनराजा, दुर्गेश तिवारी, संदीप बनराजा उनके घर पर पहुंचे। कहा कि चलो अपना पैसा ले लो। जैसे ही वह घर से बाहर निकले विपक्षी लोगों द्वारा उनके ऊपर हमला कर दिया गया और मारने पीटने लगे। जब उनकी पत्नी व छोटे बच्चे दौड़े तो उन्हें भी खींचा। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार राय ने बताया कि पीड़ित का मेडिकल परीक्षण करवा कर आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर पंजीकृत किया गया है।

## राज्य सूचना आयोग में वादों की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हो महामहिम राष्ट्रपति से लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों को अवगत कराया गया

ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी
दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नजीबाबाद राज्य सूचना आयोग में वादों की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से ना होने और गरीब वर्ग के समक्ष आ रही परेशानियों के संबंध में महामहिम राष्ट्रपति, राज्यपाल से लेकर विभिन्न राजनीतिक पार्टियों को अवगत कराया गया है ।

आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने महामहिम राष्ट्रपति को भेजे एक शिकायती पत्र में अवगत कराया है कि राज्य सूचना आयोग लखनऊ में वादों की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से ना होने से खासकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगो खासकर गरीब व्यक्ति, बुर्जंग लोगो, महिलाओं. बीमार, विकलांगो आदि को लखनऊ आने जाने में बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है शिकायत में बताया गया है कि केंद्रीय सूचना आयोग तथा देश के कई राज्यो मे यह सुविधा उपलब्ध है पूर्व में इस बात का आश्वासन दिया गया था कि जल्द ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी परंतु अभी तक ऐसा नहीं हुआ है।

आरटीआई कार्यकर्ता ने कहा कि धनाअभाव के कारण गरीब वर्ग राज्य सूचना आयोग मे तारीख पर नही जा पाते है इस कारण वह सूचना प्राप्त करने के न्याय से वंचित रह जाते है अगर राज्य सूचना आयोग में सुनवाई का प्रावधान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग या मोबाइल के माध्यम से शुरू हो जाता है तो उसका समाधान काफी हो सकेगा शिकायत की प्रतिलिपि प्रधानमंत्री कार्यालय, राज्यपाल, कार्मिक एवं प्रशिक्षण मंत्रालय भारत सरकार, राज्य सूचना आयोग तथा राज्य की विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रमुखों को शिकायती पत्र भेजकर अवगत कराया गया है।

# रात के अंधेरे में गुलदार का बच्चा गिरा पानी के कुएं में

ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी
दैनिक समाज जागरण बिजनौर





धामपुर जनपद बिजनौर में आजकल गुलदार का आतंक देखने को मिल रहा है जहां किसान अपने खेत पर पशुओं के लिए चारा लाने के लिए दहशत में हैं तो वही आज धामपुर थाना क्षेत्र के गांव भटियाणा खुशहालपुर के जंगल में पानी के कुआं बना हुआ था जिसमें रात के अंधेरे में गुलदार का बच्चा गिर गया तो वही सुबह होते ही किसान अपने खेत पर बने हुए कुएं पर पहुंचे तो गुलदार के बच्चे की दहाड़ सुनी गुलदार के बच्चे की दहाड़ सुनते ही किसान मैं डर का माहौल है वहीं खेत पर कम कर रहे हैं किसानों ने शोर मचाना शुरू कर दिया किसानों के शोर से सैकड़ो की तादाद में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए तो वहीं वन विभाग के अधिकारियों को फोन कर जानकारी दी गई तो वही फोन करने के तीन-चार घंटे बाद धामपुर वन क्षेत्र अधिकारी गोविंद राम गंगवार मोगे पर पहुंचे तो वहीं कवरेज कर रहे पत्रकार ने धामपुर वन क्षेत्र अधिकारी गोविंद राम गंगवार से लेट आने पर सवाल कर लिया तो वही वन क्षेत्राधिकार गोविंद राम गंगवार ने पत्रकार के साथ अभद्रता करने लगे आपको बता दे की 2 दिन पहले यही एक राजमिस्त्री पर खूंखार गुलदार ने हमला किया था जिसकी सूचना धामपुर वन क्षेत्र अधिकारी गोविंद राम गंगवार जी को दी गई थी उसके बाद भी गुलदार को पकड़ने के लिए कोई पिंजरे की व्यवस्था नहीं की गई धामपुर वन क्षेत्राधिकार गोविंद राम गंगवार जी कोई बड़ी घटना होने के इंतजार में रहते हैं वन विभाग की लापरवाही की वजह से जनपद बिजनौर में 15 लोगों की मृत्यु होने की आशंका जताई जा रही है वही वन विभाग से ग्रामीणों ने हंगामा कर पिंजरा लगाने की मांग की है

## सड़कों पर पसरी गंदगी गांव में फैल रहा भुखार

दैनिक समाज जागरण

संभल। इन दिनों भले ही बुखार का प्रकोप फैल रहा है लेकिन इस मुख्य कारण गंदगी है। ग्रामीण अंचलो में मुख्य सड़कें जर्जर हालत में है। पाईपलाइन बिछाने का काम रुक जाने के कारण यह स्थिति हो गई है। ऐसे में बच्चों से लेकर आमजन का मार्ग से निकलना दुश्वार है। तहसील क्षेत्र के गांव सोंधन में पिछले कई माह से सड़क जर्जर है। गांव के स्कूली बच्चे पैदल सौंधन के लिए स्कूल जाते है। बच्चों को सड़क जर्जर होने के कारण दूसरे मार्ग से गुजरना पड़ता है तो कुछ को मजबूरन कीचड़ भरे रास्ते से जाना पड़ता है। गांव में गंदगी होने के कारण गांव में सैकड़ों घरों में बुखार ने पैर पसार लिए हैं लोगों ने ग्राम प्रधान से इसकी शिकायत की लेकिन कोई ध्यान नहीं जा रहा। गंदगी होने के कारण मोहल्ले के लोगों में आक्रोश पनप रहा है।

# मामूली विवाद के चलते युवक ने महिला को चाकू से गोदकर कर उतारा मौत के घाट। हत्यारे को कुछ घंटों में पुलिस ने किया गिरफ्तार

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण



अफजलगढ। सोमवार की प्रातः नगर में उस समय सनसनी फैल गई। जब एक युवक ने रास्ते में बारिश का पानी भरा होने के कारण निकलने को लेकर मामूली विवाद को लेकर एक महिला को चाकू गोदकर मौत के घाट उतार दिया। महिला की मौत की सूचना मिलने पर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया ।सीओ धामपुर शुभ सूचित तथा थाना अध्यक्ष हम्बीर सिंह पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घटना स्थल का निरीक्षण किया और मृतक महिला के परिजनों को कार्यवाही का आश्वासन दिया । प्राप्त जानकारी के अनुसार शाकिर पुत्र सादी निवासी ग्राम मनव्वरपुर सैद उर्फ महमदाबाद थाना शेरकोट थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सुबह 07:30 बजे अपने बेटे इस्तकार के साथ अपनी बेटी जैबुनिशा पत्नी निसार के घर मौहल्ला बेगम सराय साहू साहब कॉलोनी कस्बा मौजूद था। घर के सामने रास्ते में बारिश का पानी भरा हुआ था रास्ते में निकलने को लेकर उसकी पुत्री जेबुन्निसा पत्नी निसार अहमद के साथ गाली-गलौंच व कहासुनी के चलते सरताज पुत्र अब्दुल करीम से हो रही थी,आवाज सुनकर मैं और मेरा बेटा इस्तकार व दामाद निसार अहमद घर से बाहर आये और हमने देखा कि मेरी बेटी जैबुन्निशा को सरताज की मां ने पकड़ रखा था,और सरताज छुरे से मेरी बेटी के पेट पर लगातार वार कर रहा था,हमने बचाने की कोशिश की,मेरी बेटी की मौके पर ही मौत हो गयी, हत्यारा सरताज जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया और कहा कि अगर कानूनी कार्यवाही की तो तुम्हारा भी यही हाल होगा। जिसके संबंध पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 339/2023 धारा 302/504/506 सरताज आदि के विरुद्ध पंजीकृत कर लिया था वही पुलिस हत्यारे की तलाश में जुट गई जहां पुलिस ने कुछ घंटे में अभियुक्त सरताज को गिरफ्तार मे लेकर पूछताछ की जा रही है। देर शाम महिला का शव पोस्टमार्टम घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया मृतक महिला के छोटे-छोटे चार बच्चे थे ।महिला का शव जहां कालागढ़ मार्ग कब्रिस्तान में सुपुर्द खाक कर दिया

# ग्रामीणों को गुलदार मारने की छूट दिलाए जाने की भाकियू ने उठाई मांग





अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की ब्लाक इकाई ने खंड विकास कार्यालय कासमपुरगढी. मे एक बैठक कर उपजिलाधिकारी धामपुर को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी अफजलगढ को सौंपा जिसमें गुलदार को आरक्षित वन्य जीव की श्रेणी से बाहर निकलवा कर ग्रामीणों को गुलदार मारने की छूट दिलाए जाने की मांग की।प्राप्त जानकारी अनुसार सोमवार को भारतीय किसान यूनियनअराजनैतिक के ब्लाक अध्यक्ष महल सिंह का कहना है कि क्षेत्र मे गुलदारों की संख्या लगातार बढ़ रही है।और आये दिन ग्रामीण गुलदार का शिकार बन रहे हैं अब तक गुलदार ने 18 लोगों की जान ले ली है। क्षेत्र मे लगभग 500 गुलदार मादा की आमद बतायी जा रही है।अगर यही हाल रहा तो आने वाले वर्ष मे गुलदारों की संख्या लगभग 3000 हजार हो जायेगी।जिससे ग्रामीणों का घर से निकलना दूभर हो जायेगा।उन की मांग है कि गुलदार द्वारा मारे गये लोगों के परिजनों को पचास पचास हजार रुपए व घायलों को पांच लाख दिये जाये। तथा विशेष अध्यादेश के तहत गुलदार को आरक्षित वन्य जीव की श्रेणी से बाहर निकलवा कर ग्रामीणों को गुलदार मारने की छूट दिलाये।इस अवसर पर कुलवेन्द्र सिंह,बलवीर सिंह,गजराज सिंह,अनिल त्यागी, मुस्तकीम अहमद,सरदूल सिंह आदि मौजूद रहे

# 10 दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का आयोजन

दैनिक समाज जागरण



संभल।उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा आयोजित गृहे - गृहे संस्कृतम् योजना के अंतर्गत ग्राम धुरैटा जनपद संभल में आज 10 दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का आज प्रारंभ हुआ कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती वंदना के साथ हुआ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक पंवासा पूनम भारती ने संस्कृत की महत्वता के गूढ़ बिंदुओं को बहुत ही सरल माध्यम से बताया और छात्रों को प्रेरित किया कि इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित हो और अपने अन्य साथियों को भी पढ़ने हेतु प्रेरित करें संस्कृत प्रशिक्षिका उर्वशी आर्य ने बताया कि यह शिविर 10 दिनों तक यही स्थान पर चलेगा जिसमें खेल-खेल में व गीत कविता के माध्यम से सरलतम प्रकार से संस्कृत सीखेंगे और साथ ही कहा कि संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है संस्कृत पढ़ने से जन- जन का कल्याण होगा इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि एसबीएम मेमोरियल कॉलेज सिरसी के असिस्टेंट प्रोफेसर कुलदीप सिंह ने बताया कि आप लोग पढ़ेंगे तो एक दिन निश्चित प्रकार से संस्कृत बोलना सीख जाएंगे और अपनी संस्कृति के विषय में भी जानेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्रवेश भारती ने कहा कि मैं बहुत प्रसन्न हूं कि संस्कृत संस्थान संस्कृत के प्रचार प्रसार के लिए इतने अच्छे शिविर चलवा रहा है उन्होंने आगे कहां की मेरा यह निवेदन है कि यह शिविर निरंतर चल रहे हैं चलते रहें जिससे बच्चे अपनी मुख्य संस्कृति और देव भाषा को जाने।

## मिलनसार अफजाल ठेकेदार का हृदय गति रुक जाने से इंतकाल नगर में शौक डूबा



अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ। मंगलवार प्रातः नगर शौक की लेहर दौड़ गई जब लोगों को पता चला कि नगर के मौहल्ला नायक सराय निवासी समाजसेवी अफजाल ठेकेदार 64 वर्ष का सोमवार प्रातः 5:00 बजे हृदय गति रुक जाने से उनका इंतिकाल हो गया। मौत की सूचना मिलने नगर के लोग अफजाल ठेकेदार को दिखने के घर लोगों का तात लग गया। वह आरा मशीन के व्यवसाय से जुड़े हुए थे अफजाल ठेकेदार एक मिलनसार गरीबों के हमदर्द सरल स्वभाव के मालिक थे। लोगों ने बताया कि मृतक के पुत्र मौहम्मद फैसल के इंग्लैंड एवं पुत्रवधू के सऊदी अरब से वापसी पर ही मंगलवार प्रातः 10:00 बजे उनकी तस्वीर की जाएगी।

## भारी हंगामे के साथ ग्राम मानियावाला के राशन डीलर का चुनाव शांतिपूर्वक पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हुआ।

## चुनाव में महजबीं 1207 मत पाकर बाजी मारी।





अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ समीपवर्ती ग्राम मानियावाला मे खुली बैठक कर 29 अगस्त को राशन डीलर के चयन के लिए ग्राम की चार स्वयं सहायता समूहों के प्रस्ताव लिये गये थे। लेकिन चारों समूह मानक पूरे नहीं कर सके। इसलिए सोमवार को सरकारी सस्ते गल्ले राशन डीलर के चुनाव के एच सी एम इंटर कालेज कासमपुरगढी. परिसर में चुनाव हेतु निर्धारित की गई।समय से पहले ही चुनाव के लिए ग्राम मानियावाला के सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण कालेज पहुंच गए। निर्धारित समय 02:00 बजे हसीन जहां पत्नी खुशनवीद, मोईन अहमद,व महजबीं पत्नी मौहम्मद आसिफ ने अपने नामांकन राशन डीलर हेतु कराये। भरी गहमा गहमी के चलते लगभग 03:30 बजे चुनावी प्रक्रिया प्रारंभ हुई जिसमें मोईन को 161, हसीन जहां को 838,व महजबीं को 1208 मत मिले। महजबीं पत्नी मौहम्मद आसिफ 370 मतों से विजय घोषित किया गया चुनाव शांतिपूर्वक एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न हुआ चुनाव अधिकारी एडीओ पंचायत इकबाल अहमद,ग्राम विकास अधिकारी इरफान मंसूरी, ग्राम विकास अधिकारी नाजिम मलिक, ग्राम प्रधान शाहीन परवीन,पंचायत सहायिका निशा नाज , मतगणना अधिकारी मास्टर फजलुर्रहीम अंसारी, ग्राम प्रधान पति तसव्वर कुरैशी तथा विवेकानंद चौकी प्रभारी एस आई विनोद कुमार, एस आई मुकेश कुमार आदि भारी पुलिस बल के साथ मौजूद थे

## नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने यूवक पर आरोप :पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज



अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ। जसपुर उत्तराखंड निवासी युवक एक किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने आरोप लगते हुए पिता ने पुलिस को नाम दर्ज देकर युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज । मामला थाना क्षेत्र गांव सीरवासुचनद के निवासी हासिम पुत्र मंगू ने पुलिस तहरीर देकर बताया कि दिनांक 06/09/2023 की रात्रि समय करीब 11 बजे जुबैर पुत्र अशफाक निवासी नई बस्ती जयपुर जिला उधम सिंह नगर घर में घुस आया और जबरदस्ती तौर उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया और घर में रखी नकदी 11000/रू व साढ़े तीन तोले जेवर अपने साथ लेकर फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर जूबैर के विरुद्ध धारा 363 मुकदमा पंजीकृत करके जांच शुरू कर दी।

# जोर-शोर से शुरू हुआ मिशन इंद्रधनुष

दैनिक समाज जागरण



सम्भल/बहजोई/पंवासा। मिशन इंद्रधनुष के दूसरे चरण का आगाज हो गया। सीएमओ ने विधिवत फीता

- सीएमओ ने पंवासा में विधिवत रूप से फीता काटकर किया शुभारंभ
- पीसीआई संस्था ने कठपुतली के जरिए अभिभावकों को किया जागरूक

काटकर टीकाकरण अभियान का आगाज किया। प्रचार-प्रसार के लिए जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम हुए। कठपुतली शो दिखाकर जागरूकता का संदेश दिया गया।

सोमवार को सीएमओ डॉ तरन्नुम रजा ने पंवासा ब्लॉक के धुरेटा गांव में फीता काटकर मिशन इंद्रधनुष टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि टीकाकरण के जरिए ही बीमारियों को हराया जा सकता है। स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि लक्षित कोई भी बच्चा या गर्भवती टीकाकरण से वंचित न रह जाए।

आशाओं ने घर-घर घूमकर अभिभावकों को टीकाकरण के फायदों के बारे में बताया। सीएमओ ने कोर पीसीआई संस्था की ओर से जागरूकता के उद्देश्य से संचालित खुशी एक्सप्रेस को सीएमओ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही संस्था की ओर से कठपुतली शो दिखाकर टीकाकरण के प्रति जागरूक किया गया।



अभियान में विभिन्न विभागों, संगठनों, प्राइवेट चिकित्सकों, धर्मगुरुओं का भी सहयोग लिया जा रहा है। यहां डॉ. संतोष कुमार, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. दानिश, अरशद रसूल, प्रवीन कुमार, मु अनस, महेश गौतम, मु. जावेद, निसार खान, रेखा यादव, अनुराग पाठक, ससेज, मु अजीम, सलमान, रफीक अहमद आदि मौजूद रहे।

## मेरी माटी मेरा देश अभियान लोगों में राष्ट्रवाद की भावना जगाने का उद्देश्य - अबरार अहमद



बिसौली आई एम खान। मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत पालिका कर्मचारियों ने नगर में अमृत कलश यात्रा निकाली। कर्मचारी विभिन्न वार्डों में पहुंचे जहां लोगों ने एक मुट्ठी मिट्टी और एक चुटकी चावल अमृत कलशों में डाले। पालिका परिसर में चेयरमैन अबरार अहमद ने झंडी दिखाकर अमृत कलश यात्रा को रवाना किया। श्री अहमद ने कहा कि उक्त अभियान लोगों में राष्ट्रवाद की भावना जगाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के जरिए जनता को देश व उसकी मिट्टी से अटूट मोहब्बत रखने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस दौरान सभासद शिवशंकर रस्तोगी, नीरज रस्तोगी, वरिष्ठ लिपिक मशकूर खान, राजीव कुमार, महेश शर्मा, यशोदानंदन, विकास बाबू, जितेंद्र, राजेश बाबू, अजय बाबू, सनी, अभय, नितिन सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम ने नवोदय विद्यालय का किया औचक निरीक्षण



बिसौली आई एम खान। एसडीएम कल्पना जायसवाल ने सोमवार को गांव नागपुर स्थित नवोदय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल स्टाफ को बच्चों की सुरक्षा के विशेष दिशा निर्देश दिए। एसडीएम ने नवोदय विद्यालय पहुंचकर सबसे पहले कक्षा संचालन को देखा। इसके बाद उन्होंने बच्चों के कमरों का रखरखाव, साफ सफाई, बिस्तर आदि का गहनता से निरीक्षण किया। श्रीमती जायसवाल ने कार्यालय में उपस्थिति पंजिका समेत समस्त रिकार्ड चैक किए। इस दौरान स्टेनो जहीर आलम, सत्यपाल सिंह, बंटी, कुलदीप पाराशरी आदि उपस्थित रहे।

## खाना चाहते हैं मनचाही मछली तो पहुंच जाएं सहरसा की इस जगह, देसी टेस्ट के दीवाने हो जाते हैं लोग

अगर आपको मनचाही देसी मछली घरेलू स्वाद जैसा खाना हो तोआप सहरसा के बबलू की मछली दुकान पर चले आएं. यहां पर आपको एक से बढ़कर एक देसी मछली खाने को मिलेगा. इसके साथ-साथ आप मटन का भी आनंद ले सकते हैं. कहा जाता है कि अगर एक बार बबलू की दुकान से मछली का स्वाद लोग चख लेते हैं तो लोग दीवाना हो जाते हैं. यहां बनाई जाने वाली मछली का स्वाद ही अलग है.

# मध्यप्रदेश इन्दौर: कटनी जीआरपी टीआई अरुणा वाहने का हुआ सम्मान



कटनी जीआरपी टीआई अरुणावाहने द्वारा जब से पदभार संभाला गया है। तब से लगातार अपराधों पर नियंत्रण, अपराधियों पर लगातार कार्यवाही,लगातार अपने क्षेत्र की सर्चिंग, रेलवे स्टेशन का लगातार निरीक्षण और स्टेशन की अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था को भी लगातार सुधारा जा रहा है। श्रीमती अरुणा वाहने के इस तरह की कार्यप्रणाली की कटनी व्यापारी संघ ने प्रशंसा किया है और और इस कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर शाम 6 बजे जीआरपी थाना कटनी में व्यापारी संघ द्वारा श्रीमती अरुणा वाहने का सम्मान किया गया है। व्यापारियों ने अपने उद्बोधन में कहा है कि जीआरपी टीआई द्वारा लगातार व्यवस्थाओ को सुधारने के लिए काम किया जा रहा है और उनसे अपेक्षा भी है कि आगे भी इसी तरह के काम वह करते रहेंगे। अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए भी जीआरपी पुलिस को काम करना होगा। क्योंकि थाने के सामने यातायात की बहुत बिगड़ी हुई व्यवस्था है और इस व्यवस्था को दुरुस्त करना अनिवार्य है। व्यापारी ने कहा कि पुर्व और वर्तमान में रेलवे स्टेशन के आजू-बाजू के क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता से बहुत ज्यादा माहौल बदल चुका है। अधिकतर यह क्षेत्र अवस्थित यातायात व्यवस्था और मादक पदार्थों के सेवन के लिए चर्चित था। हालांकि जीआरपी टीआई मेडम को आने में ज्यादा समय नहीं हुआ है, लेकिन जो सुधार हुआ है वह बहुत प्रशंसनीय है। रिपोटर चंद्रकांत सी पूजारी

# बरेली से लगेगा अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक पर निशाना, हाईटेक हो रहा राइफल क्लब

बरेलीः आज के दौर में आर्मी, नेवी एवं पुलिस में शूटिंग आवश्यक तो है ही. साथ ही शूटर्स की डिमांड बढ़ गई है.जिसके अंतर्गत यूपी के बरेली में स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए बरेली स्मार्ट सिटी लिमिटेड के द्वारा बरेली के राइफल क्लब में नई बिल्डिंग का निर्माण कराया जा रहा है. दरअसल इस प्रोजेक्ट के पूरा होने के बाद प्लेयर्स को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी. साथी खेलों के प्रति लोगों का रुझान भी बढ़ेगा.बरेली कलेक्ट्रेट के पास स्थित पुरानी जिला जेल रोड पर बने राइफल क्लब में इंडोर और आउटडोर शूटिंग रेंज का निर्माण किया जा रहा है.इसका निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है.कुछ फर्निशिंग कार्य चल रहें हैं. जिन्हें बहुत जल्द पूरा करके प्लेयर्स के लिए समर्पित कर दिया जाएगा.

बरेली जिले में निशानेबाजी को बढ़ावा देने के लिए शुटिंग स्थल को हाईटेक बनाकर, निपुण युवा प्रदान करने के सकारात्मक उद्देश्य से राइफल क्लब की इस परियोजना की शुरूआत नवंबर 2021 में हुई थी.जिसे करीब 4 करोड़ 23 लाख रुपए की लागत से स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत तैयार किया जा रहा है.खिलाड़ियों के लिए इसमें एक एयर कंडीशन 10 मीटर का इंडोर शूटिंग रेंज, एक 25 मीटर आउटडोर शूटिंग रेंज और एक 50 मीटर आउटडोर शूटिंग रेंज शामिल है.साथ ही इस परियोजना में अंतरराष्ट्रीय स्तर के इलेक्ट्रॉनिक शूटिंग टारगेट को भी शामिल किया गया है.इसमें आर्मरी रूम, डोपिंग टेस्ट रूम, ज्यूरी रूम, कैफेटेरिया, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम एवं दर्शकों के बैठने के लिए उचित व्यवस्था की जा रही है.

# बच्चों में शिक्षा व खेल के साथ संस्कार का होना आवश्यक : पूर्व आयुक्त

## *मण्डलीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन*

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। वाराणसी मण्डल की मण्डलीय हैंडबॉल प्रतियोगिता सोमवार को नगर के टीडी इण्टर कॉलेज में सम्पन्न हुई। बालक एवं बालिका वर्ग में वाराणसी, गाजीपुर, चंदौली और जौनपुर की टीम ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए पूर्व आयुक्त दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों में खेल के साथ संस्कार की आवश्यकता है। सभी छात्रों से अनुरोध है कि अपने माता-पिता के साथ-साथ अपने गुरुजनों का सम्मान करें। खेल में हार जीत का कोई महत्व नहीं होता है। खेल भावना से ही खेल खेलने चाहिए इससे मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है। श्री सिंह ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करते हुए प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। प्रधानाचार्य डा. सत्य प्रकाश सिंह ने पूर्व आयुक्त दिनेश कुमार सिंह का स्वागत करते हुए कहा कि कोरोना काल में आपका कार्यकाल बेहद ही सराहनीय रहा है। आप द्वारा किये गये कार्य को जनपद भूल नहीं सकता है। प्रबंधक सत्य प्रकाश सिंह ने उपस्थित अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। सीनियर बालक वर्ग में जौनपुर विजेता व वाराणसी उपविजेता रहा। वहीं बालिका वर्ग में वाराणसी विजेता व जौनपुर उप विजेता रहा। सब जूनियर बालक वाराणसी विजेता तथा गाजीपुर उपविजेता रहा। जूनियर बालिका वर्ग में वाराणसी विजेता व चंदौली उपविजेता रहा। निर्णायक की भूमिका में राजीव सिंह टीडी कॉलेज, निखिल सिंह महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज, सोमेश कुमार गुप्ता ग्रामोदय इंटर कॉलेज रहे। टीडी इण्टर कॉलेज से रमेश चंद्र सिंह, राजेश सिंह, दिनेश सिंह, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, विभूति विक्रम सिंह, मयंक शेखर, अभिषेक कुमार सिंह, अंबर सिंह आदि ने महती भूमिका निभायी। जिला क्रीड़ा सचिव हृदय कुमार सिंह एवं मण्डलीय सचिव गोपाल जी ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।



# उप जिलाधिकारी सुनील कुमार का लोगों ने किया जोरदार स्वागत

## *राष्ट्रीय स्तर के खेल में सुनील कुमार का हुआ चयन*

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। हरबसपुर मिजार्पुर रोड स्थित प्रार्थना इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में उप जिलाधिकारी सुनील कुमार का विद्यालय परिवार व स्थानीय गणमान्य नागरिकों द्वारा अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। बता दें कि स्टेट सिविल सर्विसेज खेल उत्तर प्रदेश की 100 मीटर दौड़ प्रतिस्पर्धा में सुनील कुमार ने अपना नाम दर्ज कराकर आगामी चंडीगढ़ में होने वाले राष्ट्रीय खेल में स्थान पा लिया है। उप जिलाधिकारी सुनील कुमार ने तेजस टूडे टीम के साथ बातचीत के दौरान बताया कि खेल नौजवानों के लिये आवश्यक है, इससे उनकी योग्यता को बढ़ावा मिलता है। नौजवान बहुत ही क्षमतावान होते हैं। उन्हें अपनी क्षमता का प्रदर्शन खेल के माध्यम से अवश्य करना चाहिये। अपने पठन-पाठन के साथ ही बच्चों को खेल में रुचि लेनी चाहिए। सुनील कुमार ने बताया कि मेरी रुचि बैडमिंटन और दौड़ में शुरू से रही है। मैंने बीटेक और आईटी कॉलेज में पढ़ने समय से ही मैराथन रेस के साथ-साथ कई अन्य जनपद स्तरीय, राज्य स्तरीय प्रतिस्पधार्ओं में भी भाग लिया है। स्पोर्ट एक ऐसी चीज है जो व्यक्ति की क्षमता एवं उसकी योग्यता को सदैव बढ़ाने का कार्य करती है इसलिए मेरा कहना है कि सभी बच्चों को शुरू से किसी न किसी खेल से जुड़कर उसमें महारत हासिल करना चाहिये। उनके इस चयन पर विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष, थल सेना से अवकाश प्राप्त सूबेदार मेजर फूलशंकर शुक्ला ने अंगवस्त्रम प्रदान कर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रबंधक तरुण शुक्ल, प्रधानाचार्य अनिल कुमार शुक्ला, राष्ट्रीय छात्र परिषद के प्रांत अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र प्रताप सिंह, राष्ट्रीय किसान परिषद अध्यक्ष कुंवर दुबे, तेजस टूडे के ब्यूरो चीफ अजय पाण्डेय, लॉ कॉलेज महरुपुर के प्रिंसिपल डॉ. आशुतोष मिश्र, मां लालती ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव/कोच प्रवीण मिश्र, मैत्रेय मिश्र, अभिषेक यादव, केशव शुक्ल, किशन, ऋषभ, विनीत तिवारी आदि उपस्थित रहे।



# भाविप शौर्य शाखा के 103 लोगों ने रक्तदान कर रचा इतिहास

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण जौनपुर**

जौनपुर। भारत विकास परिषद शौर्य शाखा के संस्थापक अध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय के नेतृत्व तथा आयुष्मान हॉस्पिटल शकरमंडी चुंगी के सहयोग से एक वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय में किया गया। संस्था के रक्तदान प्रकल्प प्रमुख प्रशान्त सिंह लकी, जयशंकर सिंह और संस्था के सभी सक्रिय सदस्यों के अथक प्रयत्नों से 103 यूनिट का रक्तदान कर शौर्य शाखा ने जिला अस्पताल के कई वर्षों के रिकार्ड को तोड़ दिया। इस कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक व आईएमए के अध्यक्ष डा. अरूण कुमार मिश्र तथा प्रांतीय वित्त सचिव भारत विकास परिषद राकेश गुप्ता ने भारत माता एवं स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर पुष्पार्पण करने के पश्चात फीता काटकर किया। इसके पश्चात रक्तदान करने वालों का सिलसिला चल गया। कार्यक्रम में रक्तदाताओं को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित सम्मान समारोह का प्रारम्भ संस्था की महिला संयोजिका ज्योति श्रीवास्तव के वन्दे मातरम गीत से हुआ। विशिष्ट अतिथि हृदय रोग विशेषज्ञ डा. वीएस उपाध्याय ने कहा कि वैसे तो हिन्दू शास्त्रों में चार प्रकार के दान बताये गये हैं लेकिन उन सबसे भी बड़ा दान रक्तदान है। एक यूनिट रक्तदान से पांच लोगों की जान बचायी जा सकती है। विशिष्ट अतिथि डा. मनोज वत्स ने कहा कि डा. संदीप पाण्डेय के नेतृत्व में शौर्य शाखा ने चार महीने में इतने कार्यक्रम कर दिये हैं कि आने वाले समय में यह संस्था शीर्ष पर दिखायी देगी। जिला समन्वयक नीरज श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष अतुल जायसवाल, अवधेश गिरी ने भी इस रक्तदान की सफलता के लिये सभी सदस्यों को बधाई दी। संस्थाध्यक्ष डा. संदीप पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में सभी सम्मानितजनों का स्वागत करते हुए कहा कि इस संगठन का हर साथी अत्यन्त ऊजार्वान है और आप लोगों के सहयोग से ही संस्था ने आज सारे रिकार्ड तोड़े हैं। उन्होंने सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। संस्था सचिव डा. आनन्द प्रकाश ने रक्तदान पर एक कविता पाठ किया। कोषाध्यक्ष रंजीत सिंह सोनू ने लोगों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत में विशिष्ट अतिथियों द्वारा सभी रक्तदाताओं को सम्मान पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर डा. शैलेश सिंह, विमल सिंह, मोहम्मद मुस्तफा, रवि सिंह, अनिल गुप्ता, संदीप चौधरी, अम्बरीश पाठक, पंकज सिंह, भूपेन्द्र पाण्डेय, राहुल सिंह, राजेश कुमार, प्रमोद सैनी, जर्नादन सिंह, प्रमोद मौर्य, नितीन जायसवाल, अनिल कुमार सिंह, सुशील मौर्या, प्रमोद शुक्ला, चंचल पाठक, डा. अमरनाथ पाण्डेय, आशुतोष राय, रविकेश श्रीवास्तव, सत्येन्द्र सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, रतन शर्मा, राहुल अग्रहरि, देवीसेवक शुक्ला, भारत दूबे आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन संस्था उपाध्यक्ष अमित पाण्डेय तथा आभार सह प्रकल्प प्रमुख जयशंकर सिंह व कार्यक्रम संयोजक डा. राजेश कुमार ने व्यक्त किया।



# जिलाधिकारी ने किया कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : जिलाधिकारी रविंद्र कुमार सोमवार को बेरुआरबारी विकासखंड के सुखपुरा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे। जिलाधिकारी ने बच्चियों की एवं विद्यालय में कार्यरत कर्मचारियों की संख्या और उपस्थिति रजिस्टर की जांच कर सभी का भौतिक सत्यापन किया। जिलाधिकारी ने पाया कि इसमें कुल बालिकाओं की संख्या 15 थी और वार्डेन, शिक्षक, लेखाकार, रसोईयां चौकीदार, परिचारक एवं पीआरडी सहित कुल बारह कर्मचारी विद्यालय में कार्यरत हैं। एकाध कर्मचारी छुट्टी पर थे, बाकी सभी उपस्थित थे। वार्डेन ने बताया कि हमारे यहां होमगार्ड नहीं है। रात के समय बच्चियों की सुरक्षा के लिए युवा कल्याण से एक पीआरडी आते हैं। जिलाधिकारी ने वार्डेन से बच्चियों के क्लास का समय एवं दोपहर के खाने के समय के बारे पूछा तो वार्डेन ने बताया कि कक्षा का समय 8 से 2:00 बजे तक है और दोपहर का खाना 12:30 बजे दिया जाता है। वार्डेन ने बताया कि विद्यालय की रंगाई - पुताई एवं कार्पेंट्री का काम चल रहा है। उसने बताया कि बच्चियों को खाने का टेंडर अभी तक नहीं हुआ है। इस पर जिलाधिकारी ने वहां के खंड विकास अधिकारी को फोन कर बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा जल्द से जल्द खाने का टेंडर कराने के निर्देश दिए। वार्डेन ने बताया कि 7 महीने से कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पा रहा है, जिस कारण हमें बहुत सारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने वार्डेन सहित अन्य कर्मचारियों को वेतन संबंधी विसंगति को शीघ्र ही दूर करने का भरोसा दिया। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने विद्यालय में लगे आर ०ओ० प्लांट, शौचालय की स्थिति, बच्चियों के शयनकक्ष एवं उसमें लगे पंखे, रसोईघर एवं क्लासरूम की स्थिति भौतिक सत्यापन किया, जो संतोषजनक स्थिति में पाये गये।



# सेवा सदन स्कूल कथरिया में जन्माष्टमी कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित

**समाज जागरण**

बलिया : सेवा सदन स्कूल कथरिया में सोमवार को जन्माष्टमी कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया गया, इसमें स्कूल के नन्हें-मुन्ने बच्चे नटखट नंद गोपाल की भूमिका में नजर आए। कोई कृष्ण कन्हैया बना तो कोई बनी राधा। बच्चों की प्रस्तुति पर अभिभावकों ने भी खूब उत्साह बढ़ाया, राधा-कृष्ण के अलावा वासुदेव, देवकी, ग्वाले और गोपियों की वेशभूषा में आए बच्चों ने सभी को मनमोह लिया। इस दौरान झांकी भी लगाई गई। स्कूल की प्रधानाचार्या सुमन सिंह ने बताया कि कैसे भगवान श्री कृष्ण ने बल और बुद्धि से बुराई पर विजय प्राप्त की। स्कूल के प्रबंधक डॉ सुधीर कुमार सिंह ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जन्माष्टमी के पावन पर्व पर स्कूल में चहुंओर इसकी दिव्य छटा और इसकी भव्यता देखते ही बन रही थी,मानो स्कूल में हर जगह सिर्फ राधा और कृष्ण ही विद्यमान हैं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के भव्य तरीके से आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने मटकी फोड़ी और एक-दूसरे को माखन-मिश्री खिलाई। प्रधानाचार्या सुमन सिंह ने जन्माष्टमी की बधाई दी,स्कूल में बच्चों ने राधा-कृष्ण की झांकियां प्रस्तुत कर श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित नाटक पेश किया,इस दौरान दीपशिखा सिंह, अंजली कनौजिया, अशोक सिंह,अंशिका सिंह,अंजली पाण्डेय, नेहा राजभर, प्रभुनाथ राजभर आदि सभी शिक्षक और बच्चे उपस्थित रहे।

# मेरी माटी मेरा देश राष्ट्र जागरण का अभियान : जगदीश सोनकर

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

मछलीशहर, जौनपुर। प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जगदीश सोनकर ने ग्राम अहमदपुर देलहुपुर में आयोजित "मेरी माटी मेरा देश" अभियान के तहत लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान राष्ट्रीय जागरण का महा अभियान है जिसके अंतर्गत हम सभी को अपने-अपने घरों की मिट्टी अपनी वसुधा का नमन-वंदन करते हुए देश के उन वीरों को नमन करना है जिन्होंने इस देश के लिए अपने प्राण न्योछावर किए हैं। उनके सम्मान में हमें हर गांव में और वार्डों में 75-75 पौधे लगाने हैं। उन्होंने कहा कि इसी अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी का हर छोटा बड़ा नेता, कार्यकर्ता, पदाधिकारी इस अभियान को गति देने के लिये गली-गली और घर-घर घूम रहा है और लोगों से एक चुटकी माटी और चावल एकत्रित किया जा रहा है जिसे अमृत कलश में भरकर विकसित भारत के निर्माण के लिये देश की राजधानी में भेजा जाना है। कहा कि देश की राजधानी में जब पूरे देश की माटी अमृत कलशों में भरकर पहुंचेगी तो पूरा भारत एक ही जगह एक परिवार के रूप में अपनी खुशबू और महक से अनेकता में एकता का संदेश देगा। इसके पश्चात पूर्व मंत्री के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों का पूरे गांव में घर-घर घूम कर एक चुटकी मिट्टी और चावल को संग्रहित किया गया। इस दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से पूरा गांव गुंजायमान रहा। उक्त कार्यक्रम के बाद ग्राम दाउदपुर में भी उपरोक्त कार्यक्रम संपन्न किया गया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल, जिला मीडिया प्रभारी अनुराग, अमर बहादुर पटेल, सूर्य लाल पटेल, रवि बिन्द, अमित पटेल, नागेश्वर पटेल, अनिल यादव, अरुण पटेल, मीना पटेल, पूर्व प्रधान राम निरंजन बिन्द, कैलाश बिन्द, विनोद बिन्द, सत्या बिन्द, सुनील बिन्द आदि उपस्थित रहे।



# सिटी मजिस्ट्रेट व सीओ को जुलूस कमेटी ने सौंपा ज्ञापन

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। सफर जुलूस कमेटी के प्रतिनिधिमण्डल ने सिटी मजिस्ट्रेट व सीओ सिटी कार्यालय पहुंचकर 14 व 15 सितम्बर को आयोजित होने वाले जुलूस एवं मजलिस मातम के कार्यक्रम को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 14 सितम्बर को ताजिया रखा जायेगा एवं 15 सितम्बर 2023 को इमामबाड़ा सकलैन अहमद खां मखदूम शाह अढहन से जुलूस 4 बजे दिन में निकल कर अपने परम्परागत मार्ग मखदूम शाह अढहन, प्राथमिक पाठशाला, कोतवाली चौराहा, नवाब युसूफ रोड, मल्हनी चौराहा, पुरानी बाजार से होते हुए सदर इमामबाड़ा बेगमगंज में सायंकाल 8 बजे पहुंचकर कार्यक्रम का समापन होगा। प्रतिनिधिमण्डल ने ज्ञापन के माध्यम से मांग किया है कि विद्युत व्यवस्था 14/15 सितम्बर 2023 को निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। जुलुस मार्ग पर जो विद्युत तार कम ऊंचाई पर एवं जर्जर अवस्था में हैं उसकी मरम्मत करा दी जाय। जुलूस मार्ग को गड्ढामुक्त, सड़क मरम्मत, लाइट मरम्मत, जनरेटर, पानी, साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। 15 सितम्बर को दमकल गाड़ी एवं अत्याधुनिक एम्बुलेंस की व्यवस्था कोतवाली चौराहे पर सुनिश्चित की जाए। इमामबाड़ा एवं जुलूस मार्गों पर पुलिस व्यवस्था/यातायात व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त की जाए। ज्ञापन देने वालों में तहसीन शाहिद सभासद, सकलेन अहमद खान, मकबूल अहमद खान, मुमताज अहमद खान, हसीन अहमद, आजादर हुसैन, तनवीर जाफरी प्रमुख रूप से रहे।




# डाक विभाग की ढाई आखर राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**-ह्यडिजिटल इण्डिया फॉर न्यू इण्डियाह्न विषय**

**-विजेताओं को मिलेगा पांच हजार से 50 हजार रुपए तक का पुरस्कार**

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ/संतोष सिंह, समाज जागरण**

बलिया : देश के नागरिकों को जागरूक और डिजिटल रूप से सशक्त बनाने हेतु भारत सरकार द्वारा डिजिटल इण्डिया की शुरूआत की गयी है। जब देश का हर नागरिक जागरूक और डिजिटल होगा तो हमारा देश तेजी से विकसित होगा। इसी के मद्देनजर भारतीय डाक विभाग द्वारा ह्यडिजिटल इण्डिया फॉर न्यू इण्डिया विषय पर 'ढाई आखर' राष्ट्रीय स्तर पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। और यदि आपका पत्र चुना गया तो पाँच हजार से पचास हजार रुपए तक का पुरस्कार भी मिलेगा। उक्त जानकारी वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने दी। कहा इसके लिए विभिन्न स्कूल-कॉलेज डाक विभाग के साथ मिलकर अपने यहाँ पर आयोजन कर सकते हैं। इसकी अंतिम तिथि 31 अक्टूबर, 2023 है। पोस्टमास्टर जनरल ने कहा कि इस 'ढाई आखर' पत्र लेखन प्रतियोगिता में



किसी भी उम्र के लोग भाग ले सकते हैं। पहला वर्ग 18 वर्ष तक तथा दूसरा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग का होगा। पत्र डाक विभाग द्वारा जारी अंतदेर्शीय पत्र अथवा लिफाफे में ही स्वीकार्य होगा, जिसमें क्रमशः 500 और 1,000 शब्दों में अंग्रेजी, हिन्दी अथवा स्थानीय भाषा में हाथ से पत्र लिखा जा सकता है। पत्र में अपना पूरा नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर और विद्यालय के नाम सहित संबंधित क्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल के पते पर 31 अक्टूबर, 2023 तक भेजना होगा। वाराणसी परिक्षेत्र के अधीन वाराणसी, भदोही, चंदौली, जौनपुर, गाजीपुर और बलिया जनपद के प्रतियोगियों को पोस्टमास्टर जनरल, वाराणसी परिक्षेत्र, वाराणसी-221002 के पते पर भेजना होगा। पोस्टमास्टर जनरल ने बताया कि प्रतियोगिता के विजेताओं को राज्य और राष्ट्रीय स्तरों पर विभिन्न 4 श्रेणियों में तीन-तीन पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इनमें परिमंडलीय (राज्य) स्तर पर चयनित श्रेष्ठ पत्रों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी में क्रमशः 25 हजार, 10 हजार व 5 हजार रूपए का पुरस्कार दिया जायेगा। राष्ट्रीय स्तर पर चयनित श्रेष्ठ पत्रों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी में क्रमशः 50 हजार, 25 हजार व 10 हजार रूपए का पुरस्कार दिया जायेगा। कुल मिलाकर पूरे देश में 40 लाख 20 हजार रुपए के पुरस्कार विजेताओं को दिए जायेंगे। इस संबंध में ज्यादा जानकारी के लिए विभिन्न मंडलों के अधीक्षक और प्रधान डाकघर के पोस्टमास्टर से संपर्क किया जा सकता है।

# सांसद ने किया स्मार्ट क्लास और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन

## *–समाजसेवी अजीत राय ने विद्यालय को दिया स्मार्ट क्लास*

**शंकर सिंह, समाज जागरण**

लक्ष्मणपुर (बलिया) : बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालय भी अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शन से नित नए आयाम स्थापित कर रहे हैं । शिक्षा क्षेत्र सोहांव का प्राथमिक विद्यालय नरही नंबर 1 आधुनिक शिक्षा और खेल कूद के नए कीर्तिमान की तरफ कदम बढ़ा रहा है। विद्यालय पर सोमवार को स्मार्ट क्लास एवम बेसिक शिक्षा के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन के साथ निपुण भारत मिशन, शिक्षक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त एवम विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने प्राथमिक विद्यालय नरही नंबर 1 कार्यक्रम अध्यक्ष जिला वॉलीबाल एसोसिएशन के चेयरमैन अजीत राय के साथ प्रांगण में नवनिर्मित स्मार्ट क्लास और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन फीता काट कर किया। विदित हो कि अजीत राय ने विद्यालय को इन्वर्टर, टीवी व खेल उपकरण भेंट किया। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद में मेरी माटी मेरा देश अंतर्गत पांच प्राण की शपथ दिलाई। साथ ही सांसद, पूर्व मंत्री एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक उन्नयन गोष्ठी में अपने विचार भी रखे। अपने संबोधन में अतिथि द्वय ने शिक्षा की पहली सीढ़ी के रूप में बेसिक के स्कूलों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बेसिक शिक्षा के विद्यालयों को भी सरकार निजी विद्यालयों के बराबर खड़ा करने को सतत प्रयत्नशील है। इन विद्यालयों के भौतिक संसाधनों में वृद्धि से लेकर शिक्षकों की नियुक्ति और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण की व्यवस्था की जा रही है । इसका असर पर धरातल पर दिखने भी लगा है। साथ ही बीएसए मनीष कुमार सिंह ने अपील किया कि समाज में अजीत राय जैसे व्यक्तित्व के लोग आगे आकर बेसिक शिक्षा के विद्यालयों को सफलता के शिखर तक पहुंचाने में सहयोग करें। सांसद वीरेंद्र सिंह द्वारा कार्यक्रम अध्यक्ष अजीत राय, सेवानिवृत अध्यापक राकेश राय, डॉ साकेत बिहारी शर्मा, क्रीड़ा अधिकारी, अक्षय कुमार राय, विनोद सिंह, अरविंद कुमार सिंह आदि को सम्मानित किया गया । इस दौरान मुख्य रूप से चेयरमैन अमरजीत सिंह, क्रीड़ा अधिकारी जवाहर लाल यादव, खंड शिक्षा अधिकारी लाल जी, एआरपी पवन राय, सुरेंद्र राय दरोगा, समीर राय, विनोद सिंह, अरविंद सिंह, अजय प्रताप साहू आदि के साथ साथ क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य नागरिक और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे । संचालन अम्बरीष तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रधानाध्यापक नीरज राय ने किया।



# परीक्षा स्वयं के मूल्यांकन का साधन है - फादर पी विक्टर

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

**सेंट जॉन्स स्कूल की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएँ प्रारम्भ**

सेंट जॉन्स स्कूल,सिद्दीकपुर, जौनपुर की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएँ ग्यारह सितंबर से प्रारंभ हो गईं।परीक्षा के पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए शुचिता पूर्वक एवं ईमानदारी से प्रश्नोत्तर



लिखने का निर्देश दिया।फादर ने कहा कि परीक्षा स्वयं के मूल्यांकन का साधन है।हम परीक्षा द्वारा अपनी वास्तविक स्थिति को जान पाते हैं।विद्यालय में होने वाली परीक्षा भविष्य की परीक्षाओं की तैयारी होती है।।फादर ने बच्चों से कहा कि वे धैर्यपूर्वक प्रश्नों के उत्तर लिखें।धैर्य वह गुण है जो कठिन से कठिन परीक्षाओं में सफलता का स्वाद चखाता है। इस परीक्षा में लगभग 22 सौ परीक्षार्थी भाग ले रहे हैं।यह परीक्षा 22 सितंबर तक चलेगी और इसका परिणाम 11 अक्टूबर को जारी किया जाएगा।

# खंड विकास अधिकारी ने किया पुस्तक वितरण व्यवस्था की जांच

**डीके पांडेय, समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : खंड विकास अधिकारी आफताब अहमद सोमवार को परिषदीय विद्यालयों पर पुस्तक वितरण व्यवस्था की जांच करने पहुंचे तो सभी के हाथों में पुस्तकें देख आह्लादित हुए। नगरा ब्लाक के 20 गांवों सिकरिया, बराहिमपुर, पंडितपुरा, वीरपुरा, अतरौली, अंवराईकला समेत 20 प्राथमिक विद्यालयों पर पुस्तक वितरण व कार्यपुस्तिकाओं का भौतिक सत्यापन कर 14 सितंबर को सीडीओ को जाँच आख्या देनी है। जिसके क्रम मे सोमवार को बीडीओ आफताब अहमद ने अंवराईकला, बराईच, अब्बासपुर, भंडारी, बलुआ व अब्दुलपुर मदारी में सोमवार को जांच की। पुस्तकें तो बच्चो के पास मिली पर पेयजल की समस्या दिखी। पेयजल की समस्या कहीं पर भी समुचित नहीं दिखी। हालत यह है कि इंडिया मार्का हैंडपंप खस्ताहाल हैं। वहीं अब्दुलपुर मदारी मे इंडिया हैंडपंप खराब पडा हुआ था ।जिसे तुरंत ठीक करने को कहा।

# लंपी वायरस से बचाव हेतु एडवाइजरी की गई जारी

**समाज जागरण**

बलिया : जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि लंपी स्किन बीमारी से प्रभावित लोगों के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। जिससे बीमारी से बचाव में मदद मिलेगी। बताया कि जा रही है लम्पी स्किन बीमारी फैलने पर प्रभावित पशुओं का एक स्थान से दूसरे स्थान ले जाना बाधित होगा। जिससे संक्रमण फैलने से रोका जा सके। यदि किसी पशुपालक के निजी स्वामित्व के इक्का-दुक्का पशु रोग ग्रस्त है तो उन्हें वहीं कुछ दूरी पर आइसोलेट किया जाय एवं उपचार के साथ-साथ सेनेटाईजेशन व अन्य पशुओं के लिए निरोधात्मक कार्यवाही प्रारम्भ की जाय। उक्त परिवार के सदस्य आस-पास के अन्य स्वस्थ पशुओं के निकट न जायें। टीकाकरण कार्य बीमारी फैलने पर प्रभावित ग्राम के 05 किमी0 की दूरी के ग्रामों में किया जायेगा। पशुओं में लंपी स्किन बीमारी के लक्षण पाये जाने पर पशुपालक बीमारी की सूचना पशुपालन विभाग को सूचित किया जाए।



# प्रिंसिपल और शिक्षिका शिक्षा भूषण व शिक्षा रत्न पुरस्कार से सम्मानित

## –कोलंबस स्कूल को उपलब्धि

**समाज जागरण**

बलिया : सेठ एमआर जयपुरिया वनारस में मुख्य अतिथि टीवीएम प्रभाकर (आईआईटी कानपुर के प्रो0 ) द्वारा शिक्षा भभूषण सम्मान से प्रिंसिपल



दीपक कुमार सिंह व जूनियर शिक्षिका बबिता पांडेय को शिक्षा रत्न से सम्मानित किया गया ' सम्मानित प्रिंसिपल दीपक कुमार सिंह और शिक्षिका बबिता पांडेय को कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह और प्रबंधिका रीता सिंह ने उपलब्धि पर अपनी शुभकामना व्यक्त की है '

# आरोपी ग्राम प्रधान सचिव और रोजगार सेवक के विरुद्ध जारी हुआ पत्र

**–समाज जागरण खबर का असर**

**शंकर सिंह, समाज जागरण**

लक्ष्मणपुर (बलिया) : विगत दिन समाज जागरण ने खबर प्रकाशित कर बताया था कि प्रधान मंत्री आवास योजना में भ्रष्टाचार कर किस कदर गरीबों के हक पर डांका डाला जा रहा है। खबर का संज्ञान लेकर खंड विकास अधिकारी सोहांव शिवंकित वर्मा ने आरोपी सचिव, ग्राम प्रधान और रोजगार सेवक को पत्र जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही आमजन से यह अपील की है की आवास योजना में किसी को भी एक रुपया देने की जरूरत नहीं है। अगर कोई भी व्यक्ति आपसे पैसे की मांग करता है तो मेरे कार्यालय पर या फिर मेरे मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकता है। किसी को भी किसी कीमत पर रुपया नहीं देना है। साथ ही कहा की कारो ग्राम सभा के आवास योजना के हर लाभार्थी तक पहुंचकर उनकी समस्या का निराकरण किया जायेगा।

# सीएमओ ने किया सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 के दूसरे चरण का शुभारंभ

**-स्वास्थ्य विभाग का कार्यक्रम**

**-पाँच वर्ष तक के 16070 बच्चों व 2487 गर्भवती के टीकाकरण का लक्ष्य**

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : नगरीय क्षेत्र के जगदीशपुर उपकेंद्र के अंतर्गत अंबेडकर नगर दलित बस्ती में सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयन्त कुमार ने विशेष टीकाकरण अभियान "सघन मिशन इंद्रधनुष 5" के दूसरे चरण का शुभारंभ किया। सीएमओ ने बच्चों को विटामिन ए सिरप पिलाते हुये उनके अभिभावकों को टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित किया। यह चरण 16 सितंबर तक चलाया जाएगा। तीसरा चरण नौ से 14 अक्टूबर तक चलेगा। यह अभियान जिले के समस्त ब्लॉक में चलाया जा रहा है। सीएमओ ने बताया कि जनपद में शून्य से पांच वर्ष तक के नियमित टीकाकरण छूटे हुये बच्चों एवं गर्भवती को शत-प्रतिशत प्रतिरक्षित करने के उद्देश्य से अभियान चलाया जा रहा है। नवजात शिशुओं और बच्चों में होने वाली जानलेवा बीमारियों जैसे-पोलियो, खसरा-रूबेला, डायरिया, डिप्थीरिया, टिटनेस, काली खांसी आदि से बचाने के लिए संपूर्ण टीकाकरण बेहद जरूरी है। सरकार नवजात शिशुओं और बच्चों को इन बीमारियों से बचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। बताया कि इंद्रधनुष के सात रंगों को प्रदर्शित करने वाले इस मिशन का उद्देश्य है कि सभी बच्चों एवं गर्भवती का टीकाकरण सुनिश्चित हो। यह अभियान तीन चरणों में चलाया जा रहा है। पहला चरण सात से 12 अगस्त तक चला। इसमें शून्य से पाँच साल तक के 18252 लक्ष्य के सापेक्ष 17107 (94प्रतिशत) बच्चों एवं 3156 लक्ष्य के सापेक्ष 2866 (91प्रतिशत) गर्भवती को प्रतिरक्षित किया गया। सीएमओ ने जनमानस से अपील की है कि गर्भवती एवं नवजात से लेकर पांच वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण अवश्य कराएं। इस अभियान के तहत निकटतम स्वास्थ्य केंद्रों पर जाकर टीका लगवा कर जानलेवा बीमारियों से बचाव करें। यदि बच्चों का टीकाकरण समय से कराते हैं तो बच्चे जीवन भर स्वस्थ और खुशहाल रहेंगे। अभियान में ईट-भट्ठों, घुमंतू और निर्माण साइट पर रहने वाले परिवारों के बच्चों के टीकाकरण पर जोर दिया जाएगा, क्योंकि इन स्थानों पर रहने वाले परिवार एक से दूसरे जगह स्थानांतरित होते रहते हैं। इसलिए सामान्य अभियान के दौरान इनके छूट जाने की आशंका बनी रहती है। टीकाकरण न होने वाले या फिर आंशिक टीकाकरण वाले बच्चों को अभियान के तहत बारह तरह की बीमारियों से बचाने वाले टीके लगाए जा रहे हैं। इस दौरान जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. वीरेंद्र कुमार, उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. शशि प्रकाश, ग्राम कोऑर्डिनेटर धर्मेंद्र तिवारी, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ. शांता घटक, यूनिसेफ के डीएमसी नसीम खान, यूएनडीपी वैक्सीन कोल्ड चेन मैनेजर स्पर्श राज आदि उपस्थित रहे।

# शहडोल एवं रीवा संभाग की 30 सीटों में सिर्फ 2 महिला विधायक

## 50 प्रतिशत महिलाओं को टिकट की उठी मांग




यू तो घर से लेकर बाहर तक महिलाएं हर मल्टीनेशनल कंपनी की सीईओ जैसे आधी आबादी को सशक्त बनाना, जिससे महत्वपूर्ण पदों पर शोभायमान है या कोई बड़ी सामाजिक कार्यकर्ता या फिर कोई सेलिब्रेटीजबकि समाज के सवार्गीण विकास के लिए महिला सशक्तिकरण बहुत जरूरी है। लेकिन रीवा एवं शहडोल संभाग में विधानसभा की 30 सीट है और वर्ष 2018 में भारतीय जनता पार्टी की सिर्फ दो महिला विधायक निर्वाचित हुई जबकि महिलाओं को 50% आरक्षण की बात कही जाती है लेकिन दोनों संभागों में 50% तो क्या एक चौथाई भी सीट में महिलाओं को टिकट नहीं दिया गया।

### शहडोल

हर क्षेत्र में महिलाओं को आगे लाने व उनके सशक्तिकरण को भले ही बड़ी-बड़ी बातें राजनैतिक दलों द्वारा की जाती हों, लेकिन जब महिलाओं को आगे लाने की बात होती है तो सभी राजनैतिक दलों के हाथ तंग हो जाते हैं। चाहे वह चुनाव में टिकट देने का मामला हो या फिर संगठन में पद देने का इस मामले में सबसे कंजूस राजनैतिक दल भाजपा है। पिछले चुनाव में राजनैतिक दलों द्वारा संभाग में बात की जाए तो भारतीय जनता पार्टी ने रीवा एवं शहडोल संभाग में 2 सीट पर महिलाओं को उतारा था। जबकि दोनों संभाग में विधानसभा की 30सीट है।
बेहतर आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं. सशक्त महिलाएं अपने परिवारों, समुदायों और अर्थव्यवस्था में योगदान करने की अधिक संभावना रखती हैं।

### महिला उम्मीदवार को कब मिलेगा मौका?

वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में यदि जिले में भाजपा, कांग्रेस जैसे प्रमुख राजनैतिक दलों द्वारा चुनावी मैदान में उतारी गई महिलाओं की बात करें तो रीवा एवं शहडोल संभाग में 30विधानसभा सीटें हैं जिनमें उमरिया एवं शहडोल, सतना जिले की एक सीट छोड़कर अनूपपुर, सीधी ,रीवा, एवं सिंगरौली जिले में महिलाओं को भाजपा व कांग्रेस ने टिकट देने से महरूम कर दिया। जबकि इन जगहों पर महिला नेत्रियों के द्वारा लगातार अपनी दावेदारी अपने-अपने दल में पेश की जा रही थी किंतु संगठन ने सिरे से नकारा जिसके फलतः विधायक बनने का मौका उन नेत्रियों को नहीं मिला है।

### शहडोल संभाग में दमदार मौजूदगी

यदि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं की सेकंड लाइन टिकट देने की मंशा जाहिर करती है एवं महिलाओं को टिकट देने की बात करती है तो शहडोल जिले की जयसिंहनगर एवं जैतपुर विधानसभा सीट पर महिलाओं पर दांव लगा सकती है। भाजपा सूत्रों की माने तो उमरिया जिले की मानपुर विधानसभा सीट में मीना सिंह को टिकट देने की प्रबल संभावना है और उनका नाम लगभग फाइनल भी हो चुका है इनके अलावा सिंगरौली जिले की सिहावल विधानसभा सीट से वर्तमान सांसद रीति पाठक के नाम की चर्चा भी हो रही है। अनूपपुर, रीवा ,सीधी, सतना जिले से महिलाओं की दावेदारी कम ही दिखाई दे रही है।

### विधायक जय सिंह मरावी पर टिका है महिलाओं का राजनीतिक भविष्य

आने वाले विधानसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी में महिला प्रत्याशी पर भरोसा किया तो महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण निर्णय होगा । शहडोल जिले के जयसिंहनगर विधानसभा सीट से विधायक जय सिंह मरावी पर जिले की दो विधानसभा सीट में महिला दावेदारों का राजनीतिक भविष्य टिका हुआ है। यदि उन्हें जय सिंह नगर विधानसभा सीट से दोबारा मौका नहीं दिया जाता है तो इस विधानसभा सीट से महिलाओं को मौका मिल सकता है वहीं दूसरी ओर जैतपुर विधानसभा सीट से भी जय सिंह को मौका दिया जाता है तो उस विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं की दावेदारी पर विराम लग सकता है और यदि लंबे समय से विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ चुके और विजेता रहे जय सिंह को मौका इस बार नहीं दिया जाता है तो शहडोल जिले की दोनों विधानसभा सीट में महिलाओं की दावेदारी प्रबल हो सकती है । इस तरह यह कहा जा सकता है कि पूरा का पूरा दरोगमदार जय सिंह मरावी पर ही टिका हुआ है। शहडोल जिले की इन दोनों विधानसभा सीटों में भारतीय जनता पार्टी से महिला दावेदार का नाम चचाओं में है और वह प्रमुखता से टिकट की मांग भी कर रही हैं। जयसिंह नगर विधानसभा सीट केभाजपा कार्यकताओं का कहना भी है कि भारतीय जनता पार्टी के मूल कार्यकर्ता को टिकट प्रदान किया जाए।

### क्या आजीविका मिशन एवं स्व सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को मिलेगा मौका

जहां एक ओर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आजीविका मिशन एवं स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं की भागीदारी राजनीतिक क्षेत्र में देने की बात गंभीरता से कहीं जा रही है और उनके लालपुर बुढ़ार में आयोजित कार्यक्रम में आजीविका मिशन एवं स्व सहायता समूह की महिला सदस्यों ने उनसे चर्चा भी की और जिला पंचायत शहडोल की उपाध्यक्ष फूलवती सिंह एवं जिला पंचायत सदस्य रामवती सिंह गुड्डी को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करने का अवसर मिला और उन्होंने अपनी बातों को बेबाक तरीके से प्रधानमंत्री से रखा भी। प्रधानमंत्री के अलावा प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी पूरे प्रदेश में आयोजित कार्यक्रमों में महिलाओं को राजनीतिक क्षेत्र में भी भागीदारी देने के बात से नहीं थकते हैं ।ऐसे में अब यह देखना है कि भाजपा का केंद्रीय एवं प्रदेश संगठन विधानसभा सीट के लिए आजीविका मिशन एवं स्व सहायता समूह से जुड़ी हुई महिलाओं को कितने सीट पर प्रतिनिधित्व देती है। हालांकि नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराते हुए नेतृत्व महिलाओं को दी जा रही है।तो विधानसभा चुनाव में भी प्रत्येक जिले में विधानसभा सीट से आरक्षण दिया जाए। शहडोल एवं रीवा संभाग में ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि उमरिया एवं सिंगरौली जिले के अलावा शहडोल जिले में भी महिलाओं को विधानसभा सीट पर मौका दिया जा सकता है। बहरहाल दोनों प्रमुख राजनीतिक दल से महिलाएं टिकट की मांग कर रही है।

# गीत और संगीत से बंदियों में मनोरंजन-जेल प्रबन्धन की अनूठी पहल

समाज जागरण



उमरिया जेल प्रबन्धन कैदियों के मनोरंजन के लिए बेहतर प्रयास में जुटा है,इसके लिए प्रबन्धन बकायदा इन कैदियों के संगीत आदि का प्रशिक्षण भी दे रहा है,जिसमे कई विचाराधीन बंदी और कैदी आगे बढ़कर हिस्सा भी ले रहे है।इन कार्यक्रमो से जेल प्रबन्धन के मंशानुरूप बंदी अनुशासित होने के साथ तनाव से दूर हो रहे है।इसके अलावा जेल प्रबन्धन बंदियों के शैक्षिक गुणवत्ता को और विकसित करने की दिशा में भी सकारात्मक पहल कर रहा है,जो अनुकरणीय है।बंदियों के रिहा होने के बाद सबसे बड़ी समस्या बंदियों को समाज के मुख्य धारा में जुड़ना होता है,इस ओर भी जेल प्रबन्धन अतिसंवेदनशील है। जेल अधीक्षक डीके सारस ने बताया कि बंदियों को रोजगार के अवसर दिलाने प्रशिक्षण आदि की व्यवस्था की गई है,कई बंदी कई विधा में सफल भी हुए है,हमारा प्रयास है कि रिहा होने के बाद बंदी समाज से दूर न रहे बल्कि समाज से जुड़कर परिवार के पालन पोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।जेलर एमएस मरावी ने बताया कि अधीक्षक सर के निर्देशन में बंदियों को सुबह पूजा अर्चना के साथ स्वस्थ रहने योगाभ्यास कराया जाता है,साथ ही बंदियों को बेहतर दिशा की ओर अग्रसर होने प्रेरणा दी जाती है। विदित हो कि मुख्यालय स्थित जिला जेल में वर्तमान में करींब 242 बंदी है,जो क्षमता की अपेक्षा करींब 80 फीसदी अधिक है,इन परिस्थितियों में बंदी और कैदियों का तनाव में रहना आम है,पर जेल प्रबन्धन की अनुकरणीय पहल निश्चित ही कैदियों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर रही है।उल्लेखनीय है जुलाई माह से सरकार ने बंदियों को कैंटीन की सुविधा दी हुई है,इस योजना से भी जिला जेल के विचाराधीन बंदी और कैदियों को परस्पर लाभ मिल रहा

# यूजी व पीजी में सीट वृद्धि करने युवा टीम उमरिया ने अग्रणी महाविद्यालय उमरिया प्राचार्य को सोपा ज्ञापन

## 7 दिनों में सीट वृद्धि न होने पर युवा टीम करेगी उग्र आंदोलन

समाज जागरण



उमरिया- उमरिया जिले के पांचो महाविद्यालयओ में सीट वृद्धि को लेकर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा उमरिया जिले के अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य सी.बी सोंधिया मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन पत्र दिया ।

टीम लीडर हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि उपरोक्त विषय अनुसार युवा टीम उमरिया के द्वारा राष्ट्र हित,समाज हित व छात्र हित में कार्य करते आ रही है। उन्होंने कहा कि उमरिया जिला एक आदिवासी बहुमूल्य जिला है इसके आसपास के क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में छात्र-छात्राएं जिले के सभी महाविद्यालय में अध्ययन करने आते हैं। हाल ही में कक्षा 12वीं के सप्लीमेंट्री का रिजल्ट घोषित हुआ है जिसमें अधिक से अधिक छात्राएं अच्छे नंबर के साथ उत्तीर्ण हुए हैं। परंतु जिले के पांचो महाविद्यालयों में सीट न होने के कारण जिले के ग्रामीण क्षेत्र के अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त नहीं हो पा रहा है। जिसे कहीं ना कहीं उनका भविष्य अंधकार की ओर अग्रेषित हो रहा है। युवा टीम उमरिया के सदस्यों ने मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव के नाम पर अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौपा। उन्होंने कहा कि 7 दिनों के भीतर अगर सीट वृद्धि नहीं होती है तो युवा टीम उमरिया उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। ज्ञापन देते समय युवा हिमांशु तिवारी, खुशी सेन, अमृता सिंह, ऋषभ त्रिपाठी,अंजू तिवारी, अंकित गौतम, करण बैगा,ज्योति बैगा, राहुल सिंह,अंकित सिंह उपस्थित रहे।

# जन आशीर्वाद यात्रा 12 को आएगी

## अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील : सरवटे



शहडोल / जय सिंह नगर विधानसभा क्षेत्र की महिला नेत्री एवं भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री संचिता सरवटे ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि भाजपा प्रदेश संगठन के में निकाली जा रही जन आशीर्वाद यात्रा दिनांक १२/९/२३ को जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र पहुचने वाली है। उन्होंने कहा की दिनांक १२/९/२३ को जनआशीर्वाद यात्रा जयसिंहनगर विधानसभा अंतर्गत जयसिंहनगर एवं अन्य ग्रामों में पहुचेगी। जहां जनआशीर्वाद यात्रा के तहत विशाल जनसभा को पार्टी के वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे। उन्होंने कहां की भाजपा को शुरू से ही जनता जनार्दन का आशीर्वाद मिलता रहा है। जनता के आशीर्वाद के कारण ही प्रदेश में 20 वर्षों से भाजपा की सरकार और केन्द्र में १० वर्षों से भाजपा की सरकार है। उन्होंने कहा कि जनता का आशीर्वाद भाजपा को प्राप्त होता रहे, जिसके तहत जन आशीर्वाद यात्रा आगामी 12 एवं 13 सितंबर 2023 को जयसिंह नगर विधानसभा क्षेत्र में पहुचने वाली है। सरल सौम्य मृदुभाषी जनप्रिय भाजपा नेत्री संचित सरवटे ने भाजपा की जनआशीर्वाद यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में पहुच कर जनआशीर्वाद यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने का आवाहन भाजपा कार्यकताओं से की है। उन्होंने कहा कि सभी के सकारात्मक सहयोग व उपस्थिति से ही भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा सफल रहेगी।

# कांग्रेस पूर्व विधायक मनोज कुमार अग्रवाल ने आहूत की एक महत्वपूर्ण बैठक कोतमा विधानसभा क्षेत्र के समस्त कांग्रेस जनों को पहुंचने की अपील

समाज जागरण



कोतमा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक मनोज कुमार अग्रवाल ने आगामी विधानसभा चुनाव 2023 को देखते हुए कांग्रेस जन की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन दिनांक 12 सितंबर 2023 को दोपहर 3:00 बजे से श्री गोविंद भवन कोतमा में आयोजित की है। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मनोज कुमार अग्रवाल ने बताया कि आसन्न विधानसभा चुनाव 2023 का बिगुल बज चुका है, और विधानसभा क्षेत्र-कोतमा (86) से भी विजय श्री दिलाना हम सब की जिम्मेदारी है। भाजपा के कुशासन में बढ़ते बेरोजगारी, मंहगाई भ्रष्टाचार व कमीशनखोरी को बेनकाब करने एवं कांग्रेस की जीत के लिये सुनियोजित रणनीति तैयार करने हेतु कल दिनांक 12/09/2023, दिन मगंलवार, समय दोपहर 3:00 बजे, स्थान श्री गोविन्द भवन कोतमा में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई है, साथ ही कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, इंटक व अन्य समस्त प्रकोष्ठ, विभाग के वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारियों से समय पर उपस्थित होकर कांग्रेस को नई गति व नई ऊर्जा, प्रदान करने की अपील की है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के पटल पर 1518 मामलो का किया गया निष्पादन

## सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से आई महिला न्यायार्थियों संग जिला जज व अन्य गणमान्य लोगों द्वारा के दीप प्रज्वलित कर किया गया शुभारंभ

समाज जागरण/

अररिया। व्यवहार न्यायालय अररिया के प्रांगण में इस वर्ष तीसरी बार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ.राष्ट्रीय लोक अदालत शिविर का उद्घाटन सुदुर ग्रामीण क्षेत्रों से आई महिला न्यायार्थियों संग जिला एवं सत्र न्यायाधीश हर्षित सिंह व अन्य गणमान्य लोगों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया.
उद्घाटन सत्र के मौके पर फैमिली जज उज्वल कुमार सिन्हा, एडीजे-01 मनोज कुमार तिवारी, एडीजे-02 संजय कुमार रॉय, एडीजे-06 अजय कुमार, एडीजे सह डीएलएसए सचिव रवि कुमार, सीजेएम शैलेन्द्र कुमार सिंह, एसीजेएम-01 रितु कुमारी व जेएम प्रीति रॉय सहित सभी न्यायिक पदाधिकारी, मुख्यालय डीएसपी, डीडीसी सहित जिला बार एसोसिएशन के मो हासिम व जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मो मंजूर आलम सहित दर्जनों अधिवक्ता व विभिन्न बैंकों के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश हर्षित सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत मे सुल्हानिये वादों के निपटारा के बाद अपील नही होता है.
इस राष्ट्रीय लोक अदालत मे पक्षकारों की मौजूदगी में कुल 1518 सुल्हानिये मामलो का निपटारा समझौते के आलोक में किया गया. एडीजे सह डीएलएसए सचिव रवि कुमार ने बताया कि इसबार बैंच संख्या-01 में फैमिली कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश उज्वल कुमार सिन्हा व महिला अधिवक्ता संगीता कुमारी के द्वारा वर्ष 2015 का लंबित मामला मे पति-पत्नी के बीच समझौता करा दिया गया है. अब, दोनो पति-पत्नी के बीच मधुर संबंध स्थापित हो गया है. वे लोग खुशी खुशी साथ रह रहे हैं.
वही, बेंच संख्या-02 मे उत्पाद विशेष न्यायधीश-02 संतोष कुमार गुप्ता व अधिवक्ता केके झा के द्वारा मोटर वेहकिल कंपनसेशन केस 37/2014 मे पीड़िता दुलारी देवी को क्लेम की राशि में भी 07 लाख रुपये में समझौता करा दिया है.
बैंच नंबर-04 मे प्रतिनियुक्त एसीजेएम-01 रितु कुमारी व महिला अधिवक्ता मेनिका कुमारी की पीठ ने वर्ष 2004 के जीआर 1632/2004 के सूचक मो आलम पिता सनी साकिन इसरहवा थाना महलगांव के द्वारा राजी खुशी से समझौता पत्र दाखिल करवा मुकदमा के निष्पादन मे अहम भूमिका निभाई.
जबकि बैंच नंबर-06 मे प्रतिनियुक्त ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट प्रीति रॉय व अधिवक्ता कैलाश चन्द्र यादव की पीठ ने वर्ष 1996 के मामला को निष्पादित किया है. फारबिसगंज 85/1996 जीआर 538/96 के सूचक अब्दुर्रज्जाक पिता स्व शमसुल साकिन पुरवारी झिरवा थाना सिमराहा ने समझौता पत्र दाखिल कर स्वेच्छा से मुकदमा समाप्त करने की पहल किये. वही, आगे बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के पटल पर सुलहनीय आपराधिक वादों के 442 मामले, मोटर इंश्योरेस से

# पाली नगर पालिका में भृष्टाचार की बह रही बयार।



उमरिया जिले के पाली नगर पालिका में इन दिनों भृष्टाचार की इबारत जम कर लिखी जा रही है यू तो सैकड़ो ऐसे कारनामे है जो की नगर पालिका के पन्नो में दफन हो चुके है और अन्य दफ़न करने नगर पालिका पाली आमद है बात करे हाल ही की तो प्लाई नगर पालिका द्वारा वार्ड क्रमांक 10 में बन रही मुख्यमंत्री कायाकल्प योजना के तहत सीसी रोड का निर्माण कराया जा रहा जिसकी कीमत 85 लाख रुपये की लागत से निर्माण होना है और यह राशि आगे चल कर एबब में करोड़ो तक पहुच सकती है मतलब हम अगर यू कहे की करोड़ो की लागत से उक्त सड़क का निर्माण होना है जिसमे बेचिंग प्लांट,सड़क निर्माण में बनने वाले मशाले का निर्माण फ्यूरी मशीन से शहित और भी बहोत से मापदंड है जिनके अनुरूप ही सड़क का निर्माण कार्य करना है।लेकिन पाली नगर पालिका के द्वारा प्रदेश के मुखिया के मंशा में पाली नगर पालिका द्वारा पानी फेरा जा रहा है ऐसे में हाल ही में विधानसभा का चुनाव भी होना है ऐसे में सरकार के जन हितकारी योजनाओं को सही तरीके से लोगो के बीच क्रियान्वयन
न हों पाने से इसका असर सरकार को आने वाले चुनाव में पड़ सकता है
वही पाली नगर पालिका की बात करे तो जब से नगर पालिका परिषद में जब से परिषद का गठन हुआ है तब से लगभग 80 प्रतिशत काम पेटी में किये जा रहे है जिससे हर काम मे गुडवत्ता की अनदेखी कर शाशन के द्वारा पाली नगर को दी जाने वाली राशि ठेकेदारों और कमीशनखोरी में व्यय हो रही है।अब देखना होगा की आखिर की अधिकारी और सरकार के जनप्रतिनिधियों द्वारा नगर पालिका में चल रहे इस भृष्टाचार को खत्म करने क्या ठोस कदम उठाये जायेगे

# मो.अनवर एआईएमआईएम जोकीहाट के प्रखंड सचिव तो अबूजर आलम को किसान सेल अध्यक्ष का दायित्व



जोकीहाट । एआईएमआईएम के प्रखंड अध्यक्ष जनाब मिन्हाज आलम के नेतृत्व में चलाई जा रही सदास्यता आभियान में विभिन्न दलों से जुड़े लोगों ने ओबैसी साहब की पार्टी पर आस्था रख एआईएमआईएम की सदस्यता ली मिन्हाज आलम साहब ने कहा कि अररिया जिला के महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मेनिगार, पलासी प्रखंड के संगठन सचिव मो-तौसीक आलम , युवा उपाध्यक्ष मो- नसर आलम, और मौलाना अबदुल्ला सालिम साहब ने मिलकर नये सदस्य का गठन किया जिसमें मो.अनवर को (प्रखंड सचिव) अबूजर आलम (किसान सेल अध्यक्ष),मो. शौकत आलम (कोषा अध्यक्ष) मो - शाहिद आलम( प्रकोष्ठ अध्यक्ष) तारिक जमील (मीडिया प्रभारी) एहराज आलम (उप सचिव) बनाए गए '

# "पंचायत भवन लैलोखर" में 15 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण का उद्घाटन एस एस बी द्वारा किया गया

अररिया। मुख्यालय के निदेर्शानुसार दिनांक 11/09/2023 को श्री महेंद्र प्रताप कमांडेंट, 52वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, अररिया द्वारा सीमाचौकी लैलोखर के कर्तव्यक्षेत्र के अंतर्गत "पंचायत भवन लैलोखर" में 15 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण का उद्घाटन किया गया। जिसमें कुल 24 महिलाओं ने प्रशिक्षण लेने हेतु नामांकन किया है। यह प्रशिक्षण 52वीं वाहिनीं के दर्जी द्वारा कराया जा रहा है जिसमें प्रशिक्षणार्थियों को सिलाई के विभिन्न गुर सिखाए जाएंगे। श्री महेंद्र प्रताप कमांडेंट ने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण वाहिनीं द्वारा सीमावर्ती इलाकों में लगातार चलाए जा रहे हैं जिसका मुख्य उद्देश्य ही यह है कि सीमावर्ती लोगों को स्वालंबी और सक्षम बनाना है। ताकि वह स्वरोजगार कर स्वयं के परिवार का भरण पोषण कर सके। इस अवसर पर श्री सी विवेक सहायक कमांडेंट, स० उ० निरिक्षक विष्णु पदा घोष, मु. आ. जगत नारायण सिंह, आरक्षी तेज सिंह बोरा, राजेन्द्र सिंह, रोहित के साथ अन्य बालकर्मी उपस्थित रहें। वही मो. मतलुब आलम, मुखिया लैलोखर , मो. मजहर अली, सरपंच लैलोखार भी इस प्रशिक्षण के उद्घाटन समारोह में मौजूद रहे।

# सराफा दुकान से लाखों का चैन लूटकर फरार आरोपियों को पुलिस ने दबोचा, लूटी गयी चैन बरामद

समाज जागरण/
शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ



बालाघाट।(12 सितम्बर )रविवार को सरार्फा दुकान से सोने की सात चैन लेकर फरार होने वाले आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा, आरोपियों क कब्जे से लूटी गयी चैन व घटना में प्रयुक्त बाइक, मोबाइल फोन व एक नग चाकू पुलिस ने बरामद किया जिसकी कुल कीमत सात लाख रुपए आँकी गयी हैं। आरोपियों क ऊपर मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

### ग्राहक बनकर दिया घटना को अंजाम

शनिवार रात को मेन रोड, महावीर चौक के पास स्थित मां ज्वेलर्स दुकान में एक पुरुष और महिला पहुंचे और दुकान संचालक पीयूष सोनी से सोने की चेन व अन्य जेवर दिखाने को कहा। दुकानदार ने उनके सामने ट्रे में सोने की चेन रखकर दी। चेन पसंद करने के बहाने दोनों ने एक घंटे तक पसंद नापसंद करते रहें,जिससे दुकानदार का ध्यान जैसे ही आरोपियों से हटा, आरोपी युवक ट्रे में रखी सात सोने की चैन लेकर फरार हो गया जिसको पकड़ने क लिए दुकानदार क भाई ने पीछा किया लेकिन आरोपी ने चाकू दिखाकर, बाजार में भीड़ का फायदा उठाकर फरार हो गया, जिसके विरुद्ध दुकानदार ने मामला दर्ज करावाया।

### 24 घंटे क अंदर आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिर तंत्र को लगाकर पुलिस ने 24 घंटे क अंदर सरार्फा दुकान से चैन लूटने वाले आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा, जिसके कब्जे से चैन समेत अन्य सामान बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी महिला रीना बम्बूरे पति लोकेश बम्बूरे निवासी वार्ड नंबर 07 ग्राम लवेरी थाना किरनापुर को नर्मदानगर स्थित किराये क मकान से गिरफ्तार किया, जिससे पूछताछ में महिला ने घटना क बारे में जानकारी देते हुए बताई कि घटना में प्रयुक्त बाइक में पेट्रोल डलवाकर घटना क पूर्व बाइक को चक्र चौराहा पर खड़ी करने क सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। आरोपी महिला से मिली जानकारी एवं सीसीटीवी फुटेज क आधार पर बाइक क्रमांक एम एच 35 ए एस 0589 की तस्कीद होने पर वाहन मालिक अनमोल आरसे पिता मानिकलाल निवासी वार्ड नंबर 03 ग्राम महारीटोला, थाना आमगांव, जिला गोंदिया महाराष्ट्र के रूप में पहचान की गयी, जिसकी पतासाजी हेतु तत्काल पुलिस पार्टी को रवाना कर आरोपी को धर दबोचा गया। दोनों आरोपियों से पूछताछ करने पर दोनों ने अपना जुर्म स्वीकार किया तथा सरार्फा दुकान से लूटी गयी सात चैन में से दो महिला आरोपी रीना बम्बूरे व पांच चैन आरोपी अनमोल ने स्वयं रखने की बात स्वीकार किया। आरोपियों के ऊपर भा. द. वि. की धारा के तहत महिला आरोपी रीना बम्बूरे के विरुद्ध 294,323,506 एवं 34 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया व दूसरे आरोपी अनमोल पर धारा 380 के तहत मामला पंजीबद्ध कर दोनों को जेल भेज दिया गया। बताया गया दोनों आरोपी आदतन अपराधी किस्म के हैं। महिला आरोपी रीना बम्बूरे के खिलाफ किरनापुर पुलिस थाना में मारपीट, गाली गलौज व ब्लेक मैलिंग जैसे मामले दर्ज हैं।

# नागरिक संघर्ष समिति का जनआक्रोश मार्च 14 सितम्बर को

## फारबिसगंज–सहरसा बड़ी रेल लाइन के लिए जनआक्रोश मार्च को शहर के सभी दुकानदार अपने प्रतिष्ठानों को बंद कर देंगे नैतिक समर्थन

समाज जागरण/



फारबिसगंज । फारबिसगंज-सहरसा बड़ी रेल लाइन परिचालन में हो रही देरी के खिलाफ नागरिक संघर्ष समिति 14 सितंबर को फारबिसगंज के पोस्ट ऑफिस चौक से फारबिसगंज स्टेशन तक जन आक्रोश मार्च करेंगे,इस बाबत शहर के छुआ पट्टी स्थित कार्यलय में पूर्व उपमुख्य पार्षद शाद अहमद की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गई जहाँ समिति के सदस्यों ने कहा की अमान परिवर्तन को एक दशक से जायदा व्यक्त बीत जाने के बाद भी फारबिसगंज-सहरसा बड़ी रेल लाइन का ना चलना दुर्भाग्यपूर्ण हैं,फारबिसगंज-सहरसा रेल नहीं चलने से आम जनमानस में आक्रोश हैं, यह परिचालन व्यवसायिक,सामाजिक और सामरिक दृष्टिकोण से अति महत्वपूर्ण था,समिति के सदस्यों ने कहा की आगामी 14 सितंबर को जन आक्रोश मार्च में शहर के सभी दुकानदार अपने-अपने प्रतिष्ठिनों को बंद कर अपना नैतिक समर्थन देंगे, वही समिति के सदस्यों ने क्षेत्र के लोगों से अपील की हैं की वें 14 सितंबर को सुबह 10 बजे फारबिसगंज पोस्ट ऑफिस से शुरू होने वाली जन आक्रोश मार्च में शामिल होकर अपना विरोध दर्ज करवाएं, मौके पर नागरिक संघर्ष समिति के अध्यक्ष शाहजहां शाद, सचिव रमेश सिंह,प्रवक्ता पवन मिश्रा पूर्व उपमुख्य पार्षद शाद अहमद, समाजसेवी राजू अग्रवाल,वाहिद अंसारी, राहिल खान, गौरव गुप्ता इनामुल हक, रिक्की व अन्य शामिल थे।

# सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान की हुई शुरूआत,11 सितंबर से 17 सितंबर तक चलाया जाएगा टीकाकरण अभियान

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार ,रोहतास ब्यूरो**

जिले में सघन मिशन इन्दधनुष अभियान के तहत सोमवार को एसीएमओ डॉ अशोक कुमार सिंह ने शहर के बौलिया मोड़ स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से टीकाकरण अभियान की शुरूआत की है। इस दौरान शहर के मलीन बस्ती में अवस्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से अभियान का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए एसीएमओ ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य पांच वर्ष तक के बच्चों एवं गर्भवती माताओं का टीकाकरण कर बच्चों को 12 गंभीर बीमारियों से बचाव करना है। उन्होंने बताया कि टीकाकरण अभियान 11 सितंबर से 17 सितंबर तक चलाया जाएगा तथा इस अभियान को तीन माह में तीन तीन चरणों में संपन्न होना है। वहीं संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए डॉ अशोक कुमार ने कहा की मोबिलाइजेशन में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। चिन्हित लाभार्थियों का शत प्रतिशत टीकाकरण करना सुनिश्चित करें अन्यथा शिकायत प्राप्त



होने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ आर के पी साहू ने कहा की सभी टीकाकृत लाभार्थियों का रिपोर्ट शत प्रतिशत यूडब्लूआइएन पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे। जिसकी पूर्ण जवाबदेही स्वास्थ्य प्रबंधकों की होगी। वहीं यूनिसेफ के एसएमसी असजद इकबाल सागर ने कहा की लक्ष्य के अनुरूप एक भी जीरो डोज तथा मीजल्स 1 व 2 का बच्चा न छूटने पाए। इसके लिए क्षेत्रों में माता बैठक, रैली दीवार लेखन इत्यादि गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसके माध्यम से सभी छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित किया जाना है। जिसके लिए नागरिकों को भी आगे आने की आवश्यकता है। उक्त अवसर पर जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ आर के पी साहू, एसएमसी यूनिसेफ असजद इकबाल सागर, एसएमओ डबल्यूएचओ डॉ अफाक अमीर, वीसीसीएम मोहम्मद हाशिम, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक प्रवीण कुमार, शहरी स्वास्थ्य सलाहकार तारीक अनवर एवं अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत काराकाट में मुकदमेबाजी और बंद का असर

### दो गुटों में उलझा नगर पंचायत, विकास कार्यों में रुकावट

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार, काराकाट रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत नवगठित नगर पंचायत काराकाट का विकास के कार्य प्रभावित होते दिख रहा है। इसे वर्चस्व की लड़ाई कहे या फिर पैसे की लालच, बड़ी मुश्किल है इसे समझना। क्योंकि नगर पंचायत गोरड़ी में अभी सरकारी स्तर से किसी मद का आवंटन भी नहीं हुआ, लेकिन इससे पहले सफाई के कामों को लेकर जो विवाद शुरू हुआ। वह धीरे-धीरे अपने रूप और आकार में बदलाव ले रहा है । वहीं स्थानीय पुलिस और प्रशासन मुक दर्शक बन इस स्थिति को सुलझा पाने में अपनी भूमिका से बचना चाहती है या किसी ऊपरी आदेश का इंतजार कर रही है, यह भी समझ से परे है। क्योंकि काराकाट थाने में ही एक- दूसरे के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने का जो सिलसिला चालू है, यह पता नहीं किस मोड़ पर आकर रुके ? आम लोगों के समझ से तो यह बिल्कुल ही परे है। हालांकि थानाध्यक्ष से फोन पर संपर्क करने का प्रयास बार-बार किया गया, लेकिन उनसे संपर्क स्थापित नहीं हो सका, जबकि इस पूरे माहौल में दो समूह में बंटे खेमे से मुख्य पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना भारती से जब इस संबंध में बात किया गया, तो उन्होंने नगर पंचायत के कार्यों को



दूसरे लोगों के द्वारा बाधित करने का आरोप लगाया गया और कहा गया, कि बाहरी लोग भी इसमें आकर नगर पंचायत के कामों को बाधित करने का प्रयास कर रहे हैं। अपने ऊपर कई तरह के मुकदमे दर्ज करवाने का भी दावा किया। वही उपमुख्य पार्षद रविश रंजन से बात करने पर उन्होंने कहा कि मेरे ऊपर एससी/एसटी एक्ट मुकदमा दर्ज कराया गया है, जो कि अनुचित है और इसके विरोध में व्यवसायियों ने सोमवार को अपनी-अपनी दुकान बंद रखी । हालांकि इस मामले में अब पुलिस- प्रशासन से ज्यादा स्थानीय प्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकताओं तथा प्रबुद्ध लोगों पर लोग भरोसा कर रहे हैं, कि यहां के प्रबुद्ध और समाज सेवियों के द्वारा ही सामंजस्य स्थापित किया जा सकता है। क्योंकि पुलिस और प्रशासन की मुकदर्शिता यही कह रही है। उल्लेखनीय है कि दोनों पक्ष के लोगों ने अपने-अपने समाज की बातों को मानने की बात जरूर कही है। तो ऐसे माहौल में यह अपेक्षा की जाती है कि स्थानीय प्रबुद्ध लोगों के सहयोग और समर्थन से इनके बीच एक सामंजस स्थापित हो और नगर पंचायत के विकास कामों में गति मिले तथा इस नवगठित नगर पंचायत के विकास के कार्य में कोई बाधा न हो सके।

# नवनिर्वाचित विधान पार्षद अवधेश नारायण सिंह से मिले प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल

**दैनिक समाज जागरण लाल बिहारी गुप्ता,तिलौथि रोहतास**

पूर्व सभापति सह गया स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से नव निर्वाचित विधान पार्षद अवधेश नारायण सिंह से पटना स्थित उनके आवास पर रोहतास जिले के प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। जिसमे निजी विद्यालय के संचालक ने प्राइवेट स्कूल से संबंधित अनेकों समस्याओं पर विस्तृत चर्चा किये। जिला संयुक्त सचिव समरेंद्र कुमार ने कुछ विद्यालयों पर आने जाने के रास्ते और सभी विद्यालयों में आरओ वाटर प्यूरिफाई पानी एवं वाटर चीलर की भी व्यवस्था कराने की बात कही। साथ ही महामंत्री आनद सिंह ने कहा की सभापति ने आपने जिलाप्रतिनिधि प्रकाश गोस्वामी से कहा की आप सभी संचालको से बैठकर उनकी समस्याओं का आवेदन जितना जल्द हो सके मेरे पास पहुंचाएं ताकि इस कार्य में तेजी लाया जा सके। साथ ही संगठन के सचिव प्रशांत कुमार ने कहा कि वॉटर चिल्लर एवं वॉटर प्यूरीफायर की कंपनियों से बात हो गई है जिस्का रेट कोटेशन लेकर सभापति के यहां जल्द से जल्द पहुंचा दिया जाएगा। ताकि बच्चों को शुद्ध पानी पिलाया जा सके ताकि पानी से होने वाली बीमारी बच्चों को ना हो। सिंह ने कहा की रोहतास जिला के सभी निजी विद्यालय संचालक की कोई



भी समस्या चाहे वह आपका निजी समस्या हो या विद्यालय की समस्या हो बेहिचक होकर बताये आपकी समस्या को यथासंभव दूर करने का प्रयत्न किया जाएगा। बैठक उपरांत साथ में सभी सदस्यों ने भोजन किया। उन्होंने ने कहा कि मैं स्वयं आप सभी के विद्यालय पर आकर आपकी समस्या का अवलोकन करूँगा और उसे हर सम्भव प्रयास कर दूर करने की कोशिश करूंगा। सभी निजी विद्यालय संचालक सभापति महोदय की बातों को सुनकर अत्यंत प्रसन्न हुए। एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद भारती ने कहा कि पूर्व सभापति के जिला प्रतिनिधि प्रकाश गोस्वामी भी उन्हीं की तरह सरल सुलभ एवं मधुर व्यवहार के हैं वो हम सभा का हर समय सहयोग और साथ देते रहते हैं। मौके पर प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के जिला संयुक्त सचिव समरेंद्र कुमार,जिला संयोजक धनेंद्र कुमार जिला महामंत्री सुनील कुशवाहा डिहरी प्रखंड अध्यक्ष अरविंद भारती, सचिव प्रशांत कुमार,महामंत्री आनंद कुमार,संयुक्त सचिव सुनील पांडेय,अनुज कुमार संयोजक कमलेश कुमार,हरि प्रपन्न शर्मा,संजय कुमार,चितरंजन कुमार, ओमप्रकाश, अखिलेश कुमार,विजय पाल,मनोज चंद्रा के साथ कोचस प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र कुमार सहित निजी विद्यालय के अन्य संचालक भी उपस्थित थे।

# जख्मी हालत में मिले युवक की मौत, परिजन की हत्या की आशंका

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार,रोहतास ब्यूरो**

रोहतास जिले के संझौली थाना क्षेत्र के गडुरा गांव के समीप रविवार की देर शाम करीब 9 बजे राजपुर सड़क मार्ग पर जख्मी हालत मिले युवक की मौत हो गई। मृतक गडुरा निवासी धनजी सिंह का 20 वर्षीय पुत्र जय प्रकाश बताए जाते है। परिजन हत्या की आशंका जता रहें हैं। पुलिस ने घटना को ले तीन चार मोबाइल बरामद किया है। घटना की तहकीकात में पुलिस जुट गई है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि युवक खाना खाने के बाद सड़क मार्ग की ओर गया था। इसी बीच वह जख्मी हालत में पाया गया। परिजनों द्वारा उसे तत्काल संझौली के एक निजी अस्पताल में लाया गया। जहां



चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और घटनास्थल की ओर गए। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि घटनास्थल पर कई डंडे पड़े थे। जिससे प्रतीत होता है कि युवक के साथ मारपीट की गई है। परिजनों द्वारा हत्या की आशंका जताई जा रही है। हालांकि अबतक परिजनों द्वारा इस संबंध में आवेदन नहीं दी गई है। वैसे पुलिस अपने स्तर से हर बिंदुओं से तहकीकात कर रही है। बताया जाता है कि युवक बीए पार्ट वन का छात्र था, पढ़ाई में काफी मेधावी था। मृतक दो भाई हैं एक भाई पटना में रहकर सिविल का तैयारी करता है। युवक की मौत पर गांव में मातम है। वही मृतक के माता का रो-रो बुरा हाल है। पुलिस के अनुसार परिजनों द्वारा अगर आवेदन दी जाती है तो आगे की कार्रवाई की जाएगी। शक के आधार पर तीन चार युवकों का मोबाइल जब्त की गई है, जिसकी जांच की जा रही है।

# पत्रकार पर जानलेवा हमला ,आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी,करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर प्रेस क्लब के तत्वाधान में सोमवार को पत्रकारों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी ने किया। रविवार की शाम समाचार संकलन कर वापस लौट रहे पत्रकार रवि रंजन वर्मा पर किए गए जानलेवा हमले की निंदा करते हुए कहा कि यह लोकतंत्र पर किया गया हमला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पत्रकारों पर हो रहे हिंसक हमले से वे असहज और असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। घटना में शामिल नामजद व अज्ञात लोगों के विरुद्ध स्थानीय प्रशासन द्वारा अविलंब कार्रवाई की जाय। पत्रकार पर जानलेवा हमला के मामले में अगर एक सप्ताह के अंदर कार्रवाई नहीं की गई तो प्रेस क्लब आंदोलनात्मक कार्रवाई करेगी। घटना की जानकारी नेशनल जर्नलिस्ट यूनियन और श्रमजीवी यूनियन के जिला कार्यालय को दी गई है। मौके पर पत्रकार तेजनारायण पाण्डेय, रजनीकांत पांडेय,अमर तिवारी,मैनुद्दीन आलम,दीपक कुमार पांडेय,फणीन्द्र कुमार सिन्हा,शमशाद आलम,संजय यादव आदि शामिल थे।

# राशन की शिकायत को लेकर छात्रों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार रोहतास ब्यूरो**

बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत डॉ भीम राव अम्बेदकर कल्याण छात्रावास संख्या 02 में रहकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों ने छात्रावास में राशन नहीं मिलने की शिकायत को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार को अपना ज्ञापन सौंपा है। डीएम को दिए ज्ञापन में छात्रों ने बताया है कि पूर्व में सरकार द्वारा सभी छात्रों को राशन उपलब्ध कराया जाता था। लेकिन जनवरी 2023 से छात्रावास में रहने वाले छात्रो को राशन नहीं मिल रहा है। छात्रों ने बताया कि इस संबंध में जिला कल्याण पदाधिकारी रोहतास को भी सूचना दिया गया था और उनके द्वारा बोला गया कि राशन भेज दिया गया है तथा जल्द ही बिक्रमगंज छात्रावास में राशन चला जायेगा। इसके बावजूद भी अभी तक छात्रावास से राशन नहीं मिल रहा है। जिसके चलते हमसभी छात्रों को काफी



दिक्कत हो रही है। छात्रों का कहना है कि हमसभी छात्र गाँव-देहात के गरीब परिवार से ताल्लुक रखते हैं तथा किसी तरह अपना पढ़ाई-लिखाई छात्रावास में रहकर कर रहे है। राशन नहीं मिलने के कारण छात्रों को भोजन के लिए रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं जिसके चलते काफी कठिनाई हो रही है। वहीं डीएम को दिए ज्ञापन के माध्यम से छात्रों ने संबंधित पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए छात्रावास में जल्द से जल्द राशन वितरण कराने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में छात्र प्रधान हरेराम पासवान, मोहित कुमार, अभय कुमार, तुलसी कुमार, गोपाल कुमार, राकेश कुमार, दीपक कुमार, निरंजन कुमार, रोशन कुमार, गोविंद कुमार, विशाल कुमार सहित काफी संख्या में छात्र शामिल रहे।

# मजदूर की मौत:मृतक का शव पहुंचा गांव, परिजनों में मचा कोहराम

### 2018– अब तक 5 मजदूरों की मौत सुरक्षा मनको के कमी के कारण हुई

**दैनिक समाज जागरण अमन गुप्ता,रोहतास**

रोहतास थाना अंतर्गत बंजारी निवासी अशोक पासवान (35वर्षीय)डालमिया सीमेंट फैक्ट्री मे काम करने के दौरान भीष्ण हादसे का शिकार हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कंपनी प्रबंधन के द्वारा जिसका पटना स्थित अपोलो अस्पताल मे इलाज चल रहा था इलाज के क्रम मे रविवार के दोपहर नौवे दिन मजदूर की मौत हो गयी, जिसका शव पटना के पीएमचीएच पोस्टमार्टम के बाद के देर रात बंजारी मृतक का शव पहुँचा। शव पहुँचते ही चीख पुकार मच गया। पत्नी गीता देवी व उसके परिजनों आँसू थमने का नाम नही ले रहे थे। इसको देख चित्कार से लोगों के आंखों से भी आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहा था। मृतक आशोक पसवान मिलनसार व्यक्ति था। गांव की सभी लोगों से उनके अच्छे ताल्लुक थे। मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण किया करता थे।अपने परिवार में एकलौता कमाने



वाला था,इसके मृत्यु के बाद परिवार वालो के सामने जीविकोपार्जन बड़ी समस्या पैदा हो गई है, इसके बाद घर मे कोई कमाने वाला नही है अभी इसे तीनो बच्चे नाबालिक है अमित कुमार 10 वर्षीय, अंकित कुमार 8 वर्षीय, संदीप कुमार 6 वर्षीय, बतात्ते चले की मृतक अशोक पासवान अपने मा बाप का इकलौता पुत्र था। उसके मा बाप की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। रोहतास संघर्ष समिति ने की मांग मृतक के परिवार वालो को न्याय दिलाने को लेकर कंपनी प्रबंधन को चेतावनी दे रोहतास संघर्ष समिति के अध्यक्ष तोराब नेयाजी ने कहा की मृतक मजदूर के पत्नी को स्थाई नौकरी, मुवावजे के तौर 25 लाख की राशि साथ ही दोषी अधिकारियो को न्यायिक जांच की मांग की। लगातार कंपनी प्रबंधन के सुरक्षा मनको की अनदेखी के कारण मजदूरों की लगातार आये दिन मौत के मामले सामने आ रहे है लेकिन स्थानीय प्रशासन के द्वारा कोई ठोस कदम नही उठाया गया है।

# दावथ प्रखंड कार्यालय पर कम्युनिस्ट पार्टी का एकदिवसीय धरना

**दैनिक समाज जागरण साहिल राज,दावथ रोहतास**

सोमवार को दावथ प्रखंड कार्यालय के प्रांगण में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से जनता के विभिन्न समस्याओ को लेकर एक दिवसीय धरने पर बैठी थी। सभा में वक्ताओं ने केन्द्र सरकार समेत बिहार सरकार के अधिकारियों को जमकर कोसा। आज किसानों एवं मजदूरों की हालत बद से बदतर है। प्रधानमंत्री अवास योजना में अवास सहायकों के द्वारा गरीब जनता का नाम आवास सुची से हटाकर रुपया लेकर आवास दिया जा रहा है इसे जांच कर रोक लगाया जाये। नये राशनकार्ड के नाम पर 2500 सौ से 3000 रुपए खुलेआम मांगा जा रहा है उस पर तत्काल रोक



लगाया जाये। भुमि बन्दों बस्ती से सम्बंधित पर्चा के आधार पर लाभार्थियों को भुमि मुहैया कराया जाय। केन्द्र की मोदी सरकार का मुख्य एजेंडा ही गरीबों को खत्म कर अपने कुछ कार्पोरेट मित्रों को लाभ पहुंचाना है। किसान सम्मान योजना से मिलने वाला 14 वा किस्त अभी किसानों को नहीं मिला,जबकि जुन में ही आ जाना चाहिए था। अभी के दौर में अधिकारी मस्त है और.राज्य की जनता पस्त है। सभा की अध्यक्षता का. संतोष कुमार ने की। मौके पर काइ्गपुर्व प्रमुख रघुनाथ सिंह अंचल सचिव कलामुदिन,लक्ष्मी नारायण सिंह, कामरेड रामजी सिंह एवं अनेक नेता मौजूद थे।

# जदयू के कार्यकताओं द्वारा दिनारा में एक दिवसीय कपूरी चर्चा का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता के०के०दूबे, दिनारा रोहतास**

रोहतास जिले के प्रखंड दिनारा में जदयू के कार्यकताओं द्वारा कपूरी चर्चा का आयोजन किया गया। जहां प्रदेश अध्यक्ष अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के डॉक्टर धर्मेंद्र चंद्रवंशी के अलावा पूर्व स्थानीय विधायक सह बिहार सरकार के पूर्व मंत्री जय कुमार सिंह, अजीत कुमार,श्रीमती अंजूमा आरा के द्वारा संयुक्त रूप से संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अध्यक्षता जदयू रोहतास के अजय कुशवाहा तथा संचालन प्रखंड अध्यक्ष हृदयानंद कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बिहार सरकार के पूर्व मंत्री जयकुमार सिंह कपूरी चौक चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मेहनत और कल्याणकारी कार्य नीतियों की मदद से पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति, पोशाक, साइकिल राशि जैसी कई योजनाओं का लाभ दिया है। उन्होंने आगे कहा कि बिहार में सड़कों की स्थिति बहुत ही जर्जर थी, उसे सुदृढ़ कराया गया। इसके अलावा बिजली



आज लोगों को लगभग 22 घंटे मिल रही है। यह बिहार सरकार की बहुत ही बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने अति पिछड़ा जातियों से अपील किया कि इस बार मिलकर 2024 के चुनाव में केंद्र सरकार को करारा जवाब देने का काम करेंगे। वही कार्यक्रम में उपस्थित धर्मेंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि कपूरी ठाकुर ने पंचायत में आरक्षण लागू कर सामाजिक बदलाव का जो नया अध्याय शुरू किया था उसे आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार ने मॉडल बनाकर अति पिछड़ा समाज के लोगों के बीच भी पेश किया है। प्रदेश प्रवक्ता अंजूम आरा ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि पिछड़ा और आति पिछड़ा समाज का विरोधी है भाजपा। चुनाव के समय पिछड़ा अति पिछड़ा समाज की याद आती है लेकिन जब इस समाज की भलाई की बात आती है तो बीजेपी इस समाज से किए गए सारे वादे भूल जाती है। मौके पर पप्पू राय, राजेश सोनकर, भूपेंद्र खरवार, धनजीत सिंह,अनिल प्रताप सिंह, शिव प्रसन्न पहलवान,धर्मेंद्र चंद्रवंशी,मनोज पटेल,राजकुमारी देवी, रजिया कामिल,अभिषेक पटेल सहित कई अन्य लोग कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# पर्यावरण संरक्षण को लेकर सम्राट श्रेयांस ने लगाए सैकड़ों कदंब के वृक्ष

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी,बिक्रमगंज रोहतास**

पर्यावरण संरक्षण को लेकर सम्राट श्रेयांस ने अपने निजी जमीन में सैकड़ों कदंब के वृक्ष को लगाया। आपको बताते चलें कि स्थानीय शहर के आनंद नगर निवासी संजय कुमार के 10 वर्षीय पुत्र सम्राट श्रेयांस डीएवी पब्लिक स्कूल सेमरा बिक्रमगंज में वर्ग चार का छात्र है। श्रेयांस ने अपने पिता से बोलकर पौधा को लगाया। इस संबंध में श्रेयांस के पिता संजय कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे जल जीवन हरियाली को देखते हुए मेरे पुत्र के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। स्थानीय मीडिया से रूबरू होते हुए श्रेयांस ने कहा कि ये बातें मेरे मन में काफी दिनों से जागृत हो रही थी। आजकल हमारे पर्यावरण पर काफी बुरा असर पड़ रहा है। जिससे वायुमंडल में जीवनदायिनी गैस ऑक्सीजन का लेबल दिन प्रतिदिन कम होते जा रहा है। साथ ही बरसात के मौसम में भी



हमसभी को हिट स्ट्रोक का सामना करना पड़ा। साथ ही अब भी मौसम अपने चरम सीमा पर है। श्रेयांस ने कहा कि वृक्ष की कमी से ही कोरोना काल में ऑक्सीजन गैस का लेबल कम होने की वजह से कई लोगों की जान गवानी पड़ी थी। उसी वक्त मेरे ख्याल में ये बातें मेरे मन में जागृत हुई थी। उन्होंने कहा कि हमसभी के पूर्वजों के द्वारा लगाए गए वृक्ष को आज हमसब काट रहे है, जिसका बुरा परिणाम हम सभी को भुगतना पड़ रहा है। जिसको लेकर मैंने अपनी इच्छाशक्ति को पिता से साझा किया। जिसमें उन्होंने मेरे मनोबल को बढ़ाया। जिसको लेकर अपने माता-पिता के संरक्षण में अभी तक सैकड़ों कदंब के वृक्ष को लगा चुके है। उन्होंने कहा कि वृक्ष लगाने की प्रक्रिया मेरे तरफ से निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने अपने साथियों से आग्रह करते हुए कहा है कि आपसब भी अपने माध्यम से कम से कम एक वृक्ष जरूर लगाएं ताकि हमारा पर्यावरण सुरक्षित रह सके। जब मेरा पर्यावरण सुरक्षित रहेगा, तब ही हम सभी जीव इस धरातल पर सुरक्षित रह सकते है।

# कोचस में मिल्लत मुस्लेमी कमिटी द्वारा परम्परागत खेल का हुआ आयोजन

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह,कोचस रोहतास**

नगर पंचायत कोचस के धरती पर रविवार की देर शाम मिल्लत मुस्लेमी कमिटी के तत्वावधान में गदका ,बनैठी ,बाना एंव अन्य परम्परागत खेल का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन नगर पंचायत कोचस के पूर्व वाइस चेयरमैन रूबी देवी के द्वारा किया गया। परम्परागत खेल रोहतास के चेनारी एवं बक्सर के नावानगर के बीच खेला गया। जिसमें चेनारी की टीम विजेता एवं नावानगर की टीम को उप विजेता घोषित किया गया। विजेता एवं उप विजेता टीम को रूबी देवी ने शिल्ड दी। मौके पर रामप्रवेश कुशवाहा, बब्लू शेखावत, सतीश सिंह, आशिक अंसारी, थानाध्यक्ष आमोद कुमार, भीम खान, मंटू खान ,भोलू खान, बेचू खान, दनीश खान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# लोहिया स्वच्छता मिशन से हुए सोखता निर्माण की हुई जांच

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी,राजपुर रोहतास**

गांव को साफ सुथरा रखने व स्वच्छ बनाने के लिए सरकार द्वारा बरना पंचायत में लोहिया स्वच्छता मिशन मद से हुए सोखता निर्माण का सोमवार को ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मोहम्मद दानिश ने जांच की। जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि गांव की गलियों को जल जमाव व गंदगी से मुक्ति दिलाने के लिए प्रखंड अंतर्गत कुल 150 से ज्यादा चिन्हित जगहों पर सोखता निर्माण का काम हुआ है। सोखता निर्माण कार्य एस्टीमेट के गुणवत्ता व मानक अनुरूप किया गया है अथवा नहीं इसकी जांच की जा रही है।



# बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार,काराकाट रोहतास**

रोहतास जिले काराकाट थाने की पुलिस ने बाइक चोरी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी चितरंजन पासवान पिता नंदकिशोर पासवान गांव चिकसील का निवासी बताया जाता है। आरोपी के पास से चोरी की एक बाइक पुलिस ने बरामद किया। एसआई अंजली कुमारी ने बताया कि जब उसके गाड़ी की जांच गई तो उस पर फर्जी नंबर प्लेट पर बाइक पर लगा था। गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया।

# डोर टू डोर फाइलेरिया की दवा खिलाने के लिए आशा को दी गई ट्रेनिंग

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी,राजपुर रोहतास**

रोहतास जिले के राजपुर क्षेत्र अंतर्गत डोर टू डोर फाइलेरिया की दवा खिलाने के लिए पीएससी परिसर में सोमवार को आशा को प्रशिक्षण दी गई। जानकारी प्रदान करते हुए बीसीएम मुकेश कुमार ने बताया कि फाइलेरिया के उन्मूलन हेतु 20 सितंबर से आशा के माध्यम से एलबेंडाजोल, डीईसी व आईभरएम दवाई डोर टू डोर खिलाई जाएगी। जिसके लिए 70 आशा की अपने अपने क्षेत्र में तैनाती की गई है। कार्य की जांच के लिए तीन फैसीलेटर समेत एक मेडिकल टीम प्रतिनियुक्त हुआ है। सरकार का ये अभियान कुल 14 दिनों तक संचालित होगा।



# पर्यवेक्षकों के जाति गणना रिपोर्ट की हो रही अंतिम समीक्षा

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी, राजपुर रोहतास**

जाति गणना का कार्य समाप्ति के उपरांत पर्यवेक्षकों के रिपोर्ट को वरीय पदाधिकारी की टीम समीक्षा कर रही है। निर्वाचन शाखा में प्रतिनियुक्ति पर्यवेक्षक सोनू कुमार सिन्हा,परशुराम तिवारी,धीरेंद्र कुमार,शिवशंभू राय ने बताया कि पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट को विजागा मोबाइल ऐप की रिपोर्ट से पदाधिकारियों की टीम मिलान कर अंतिम रूप देने में जुटी है। उन्होंने बताया कि सोमवार को बीसीओ काराकाट संजय कुमार मिश्रा एवं प्रोग्राम पदाधिकारी नासरीगंज रामशंकर दूबे के टीम ने सभी पर्यवेक्षकों के जाति गणना रिपोर्ट का मिलान किया.गड़बड़ी पाए जाने पर अंतिम रूप से उसको सुधारने का सरकार से मौका मिला है। जिसे दुरुस्त कर अंतिम रिपोर्ट सौपने की तैयारी चल रही है।



# अवर प्रादेशिक नियोजनालय में 15 सितंबर को जॉब कैंप का होगा आयोजन

**दैनिक समाज जागरण कमलेश कुमार मिश्र,डेहरी आन सोन रोहतास**

रोहतास जिले के डालमियानगर में अवर प्रादेशिक नियोजनालय डालमियानगर के संयुक्त श्रम भवन की प्रांगण में 15 सितंबर को एकदिवसीय जॉब कैम्प का आयोजन किया जायेगा। जिला नियोजन पदाधिकारी रजिया इदरीसी ने बताया कि इस जॉब कैम्प में शिवाशक्ति एग्रीटेक लिमेटेड, पटना के द्वारा एग्रीकल्चर के क्षेत्र में सेल्स ट्रेनी के पद पर योग्य आवेदकों का चयन किया जाएगा। बिहार के लिए 45 पद निर्धारित किए गए हैं। आवेदक के पास बॉयोडाटा, पते का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो, शैक्षिणक योग्यता प्रमाण पत्र होनी चाहिए। चयनीत आवेदक को 7 हजार के अलावे पीएफ सहित अन्य सुविधाएं दी जाएगी। आवेदक का उम्र 20 -34 वर्ष होना चाहिए। शैक्षिणक योग्यता 12 वीं या उससे ऊपर होनी चाहिए। केवल पुरुष आवेदक भाग ले सकते है।

# शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार, रोहतास ब्यरो**

रोहतास जिले के संझौली थाने की पुलिस ने रविवार देर शाम को संझौली महादलित (भुईया टोला) से छापामारी कर पांच लीटर शराब के साथ एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि संझौली के ही महादलित टोली में अवैध शराब का बिक्री किया जा रहा है। थाने के एसआई पंकज पासवान को सत्यापन के लिए उक्त स्थल पर भेजा गया। जहां छापामारी के दौरान पुलिस ने पांच लीटर शराब के साथ संझौली निवासी सुनिल राम को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# बिड़ीओ ने फलेरिया उन्मूलन को ले स्वास्थ्य कर्मियों के साथ की बैठक


**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार, रोहतास ब्यरो**

रोहतास जिले के संझौली प्रखंड कार्यालय में सोमवार को बिडीओ मोहम्मद सयैद सरफराजूद्दीन अहमद की अध्यक्षता में स्वास्थ विभाग के कर्मियों के साथ एक बैठक की। जिसमें पीएचसी प्रभारी, स्वास्थ्य प्रबंधक बीसीएम व महिला पर्यवेक्षिका अन्य कई कर्मी शामिल थे। बैठक में फलेरिया उन्मूलन योजना संबंधित योजना पर चर्चा की गई। बिड़ीओ ने कहा कि आगामी 20 सितंबर से 22 सितंबर तक आशा कार्यकताओं व आंगनबाड़ी सेविकाओ द्वारा प्रखंड के सभी सरकारी स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों पर फलेरिया का दवा दिए जाएंगे। 23 सितंबर से घर-घर जाकर के फलेरिया से बचाव हेतू दवा खिलाए जाएंगे। बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सुधीर कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक, बीपीएम, बीसीएम, प्रबंधक, डब्लूएचओ के प्रतिनिधि व महिला पर्यवेक्षिका ज्योति कुमारी अन्य कई कर्मी उपस्थित थे।

# राजकीय से सम्मानित शिक्षका पूनम कुमारी को अति पिछड़ा आयोग के सदस्य ने किया सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण संझौली, रोहतास**

रोहतास जिले के संझौली प्रखंड अंतर्गत प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय संझौली में सोमवार की राजकीय सम्मान से सम्मानित शिक्षिका पूनम कुमारी व फाईन आर्ट के शिक्षक संजीव कुमार व विद्यालय के प्रधानाध्यापक कमलेश पांडेय को बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य बीरेंद्र कुशवाहा द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर रालोजद प्रदेश महासचिव चन्द्रकान्त सिंह कुशवाहा,प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार सिंह,हाकिम सिंह,सुमित कुमार,रोहित कुमार सर्बजीत कुशवाहा,प्रभात कुमार,अशोक कुशवाहा अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# हरियाणा कांग्रेस संगठन का गठन फिलहाल टलने की संभावना

**विनोद कश्यप**
हरियाणा/ पंजाब राज्य प्रभारी
दैनिक समाज जागरण



चण्डीगढ़, सितम्बरः कांग्रेस पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा हरियाणा में पार्टी संगठन के लिए भेजे गए समन्वयकों की बात को मानने से एस आर के ग्रुप ने इंकार कर दिया है। इस पेंच के फंस जाने से हरियाणा में फिलहाल कांग्रेस पार्टी के संगठन की संभावनाएं क्षीण होती दिखाई देने लगी हैं। एस आर के गुट ने संकेत दिया है कि उच्च कमॉन ने हरियाणा में पार्टी का संगठन तैयार करने के लिए जिन पार्टी नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी है, वो सभी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा और प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए उदयभान की नीति के अनुसार ही हो रहा है।

हरियाणा के लिए पार्टी हाई कमॉन ने जिन्हें प्रदेश के जिलों में पार्टी कार्यकर्ताओं के मत लेने के लिए तैनात किया है,वास्तव में वो सभी हुड्डा जी द्वारा रचित उस लिस्ट को फाईनल करने की ओर इशारा कर रहे हैं जो हुड्डा गुट पहले ही कांग्रेस उच्च कमॉन को सौंप चुका है।

समन्वयकों और भूपेन्द्र हुड्डा- उदयभान गुट के विरोध में आए एस आर के ग्रुप ने साफ- साफ कहा है कि जब तक हाई कमॉन उन्हें विश्वास में लेकर को-आडीर्नेटरस का चयन नहीं करेगी तब तक उनके पक्ष के पार्टी कार्यकताओं का विरोध जारी रहेगा। इस से तस्वीर साफ हो रही है कि हरियाणा कांग्रेस संगठन में फिर देरी के आसार बनते जा रहे हैं।

**एसआरके ग्रुप ने उच्च कमॉन द्वारा तय किए समन्वयकों की नियुक्ति पर ही उठाए सवाल**

**दोनों ग्रुप के नेतृत्व को विश्वास में लेकर ही समन्वयक उच्च कमॉन के सामने प्रस्तुत करेंगे रिपोर्ट**

हालांकि पार्टी प्रभारी ने दावा किया था कि 11-12 सितंबर को जिलाध्यक्षों की घोषणा कर दी जाएगी, लेकिन एस आर के ग्रुप द्वारा विरोध के कारण फिलहाल घोषित समय पर संगठन खड़ा करने की संभावना खत्म होने लगी हैं। विभिन्न जिलों में एस आर के गुट के साथ बात करने में सफल नहीं हो पाए। अब संभावना यह जताई जा रही है कि 16 से 18 सितंबर को हैदराबाद में होने वाली कांग्रेस वर्किंग कमेटी की मीटिंग के बाद ही हरियाणा कांग्रेस संगठन की लिस्ट की मंजूरी देंगे।

### दिल्ली में बाबरिया ने रिपोर्ट लेकर किया मंथन और उसके बाद वस्तुस्थिति को जानने के लिए नियुक्त किए समन्वयक

हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी दीपक बाबरिया संगठन की कवायद में लगे हुए हैं। इसी के तहत वह दिल्ली में सेंट्रल कोआर्डिनेटरों से रिपोर्ट ले चुके हैं। इससे पहले हरियाणा कांग्रेस संगठन को लेकर पार्टी प्रभारी दीपक बाबरिया को चंडीगढ़ आना था, लेकिन बाबरिया के साथ ही केंद्रीय नेतृत्व में यह डर बना रहा कि जिला के प्रभारियों की रिपोर्ट पर मंथन के दौरान रणदीप सुरजेवाला, कुमारी सैलजा, किरण चौधरी (एस आर के) ग्रुप और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के समर्थकों के बीच पदों को देश झगड़ा तय है, जो इस दौर में पार्टी के हित में नहीं होगा।

### रिपोर्ट में क्या होगा

इधर हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने दावा किया है कि सेंट्रल कोआर्डिनेटर तय समय पर ही अपनी रिपोर्ट पार्टी प्रभारी श्री खड़गे को सौपने के लिए कहा गया था। उस रिपोर्ट में जिलाध्यक्ष के लिए 3 संभावित नाम दिए जाएंगे। इसके साथ ही रिपोर्ट में जिलों में हंगामा करने वाले नेताओं की भी जानकारी दी जाएगी। रिपोर्ट सौंपने के बाद ही उस पर चर्चा होगी। इसके बाद जिला अध्यक्षों की घोषणा से पहले हरियाणा के सभी नेताओं से बात की जाएगी।

### हुड्डा गुट के साथ एस आर के ग्रुप को भी पूरा सम्मान देगा उच्च कमॉन

एस आर के ग्रुप को संदेह है कि सेंट्रल को-आर्डिनेटरों की इच्छा उनके ग्रुप को हरियाणा में संभावित कांग्रेस की सरकार से परे हटाकर भूपेन्द्र हुड्डा के ग्रुप को ही हरियाणा में आगे रखने की इच्छा रखता है। उनका ऐसा सोचना गलत है। विधानसभा चुनाव के लिए टिकट वितरण के समय झारखंड और कर्नाटक के कांग्रेस प्रभारियों के साथ साथ किरण चौधरी के साथ जुड़े कार्यकर्ताओं को संगठन के अलावा टिकटों के वितरण में नकारा नहीं जा रहा है। उनकी माँग पर गंभीरता से विचार करने के बाद ही संगठन के विभिन्न पदों पर नियुक्तियाँ और प्रत्याशियों की सूची तैयार की जानी हैं।

निः संदेह , हरियाणावासियों की इच्छा इस लोकसभा और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस बड़े बहुमत से सत्ता में लाने की है। परंतु अगर पार्टी में यूँ ही खींचतान और ग्रुपबाजी रहती है तो स्थिति के घातक होने पर कांग्रेस विरोधी गत चुनावों की तरह इस बार फायदा उठाने के लिए जोड़ तोड़ से बाज नही आएंगे। पार्टी के नेताओं को फिलहाल एकजुट होकर कांग्रेस को सत्ता में लाने का ध्येय रखने की जरूरत है।

### एसआरके ग्रुप ने जिला कोआर्डिनेटर पर उठाये सवाल और वास्तविक स्थिति को जानने में किया परहेज

हरियाणा कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया ने जिला अध्यक्षों के नाम की घोषणा के लिए सेंट्रल कोआर्डिनेटर को अलग-अलग जिलों में भेजा था। उनका मकसद क्षेत्र में पार्टी के बड़े -छोटे नेताओं और कार्यकताओं के विचार जानने से अधिक नहीं थ। प्रत्येक टीम के साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के 2 मेंबरों को भी रखा गया, लेकिन हर जिले में एस आर के ग्रुप के पार्टी कार्यकताओं द्वारा इन टीमों का विरोध किया गया है। ज्ञातव्य है कि कुमारी सैलजा, रणदीप सुरजेवाला और किरण चौधरी तीनों ही नेताओं के साथ जुड़े कार्यकताओं ने इन टीमों का विरोध किया था कि पदाधिकारी पहले से ही निर्धारित कर लिये गए । लोगों से ही को -आर्डिनेटर की मुलाकात किस आधार पर कराई जा रही है। ऐसा करने से समस्या ज्यों की त्यों बरकरार रखने का पैंतरा फेंक कर तिकड़ी ( एस आर के ) ग्रुप को बेवकूफ नहीं बनाया जा सकता। पार्टी उच्च कमॉन जब तक इन को-आर्डिनेटरों को नहीं बदलती समस्या बनी रहेगी। जबकि सभी समन्वयकों को समस्या का समाधान दोनों गुट के नेताओं को विश्वास में लेकर करना है और जो रिपोर्ट उच्च कमॉन को जाएगी उसके आधार पर ही उच्च कमॉन अगली योजना बनाने की सोच रखती है।

## पानीपत में एंटी करप्शन ब्यूरो की कार्रवाई में हरियाणा बिजली निगम का सी. ए. रिश्वतखोरी में हुआ रंगेहाथों गिरफ्तार

विनोद कश्यप
हरियाणा स्टेट हैड दैनिक समाज जागरण हरियाणा/ पंजाब

चण्डीगढ़, 11 सितम्बरः हरियाणा के पानीपत जिले में एक बार फिर एंटी करप्शन ब्यूरो ने कार्रवाई की है। टीम ने गांव बापौली में बिजली निगम के सी.ए.सतबीर को 1 लाख रुपए रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी सतबीर बिल सेटलमेंट करने की एवज में रुपए ले रहा था।



व्यक्ति ने मामले की शिकायत ए. सी.बी.को दी थी। इसके बाद टीम ने ट्रैप लगाकर उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। जिसे मौके से पानीपत ए सी बी के कार्यालय लाया गया। यहां टीम कागजी कार्रवाई कर रही है।

### फैक्ट्री का था बिल

जानकारी देते हुए ए सी बी के इंसपेक्टर सुमित कुमार ने बताया कि मामला साढ़े 5 लाख रुपए बिजली के बिल का था। शिकायतकर्ता ने बताया था कि उसकी एक फैक्टरी है, जिसकी इतना बिल आया था। उसका दावा था कि उसका इतना बिल नहीं बनता है। इसके लिए उसने बिजली निगम अधिकारियों से संपर्क किया। बिजली निगम में ये लेखा-जोखा सी.ए. सतबीर के पास था। इसलिए सतबीर ने सेंटलमेंट के नाम पर 1 लाख रुपए की मांग की। जोकि शिकायतकर्ता देना नहीं चाह रहा था। लेकिन सतबीर लगातार मांग रहा था।

## कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गाँधी की भारत जोड़ो यात्रा की सालगिरह के मौके पर भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने रोहतक में निकाली भव्य यात्रा

कैलाश वर्मा संवाददाता
दैनिक समाज जागरण हरियाणा

चण्डीगढ़, 10 सितम्बरः कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की ह्यभारत जोड़ो यात्राह्ल की पहली सालगिरह के मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा आज रोहतक में यात्रा निकाली। कांग्रेस भवन से भिवानी स्टैंड तक पहुंची इस यात्रा में हजारों की तादाद में जनसैलाब उमड़ा। ढोल नगाड़ों की थाप पर नाचते हुए, उत्साहित नजर आये । गलियों और सड़कों पर पैदल मार्च करने के साथ-साथ दुकान और मकानों की छतों पर चढ़कर नारों के साथ भी लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। लोगों का उत्साह देखकर हुड्डा गदगद नजर आए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ह्यभारत जोड़ो यात्राह्ल ने लोगों के मन-मस्तिष्क पर गहरी छाप छोड़ी है जिसका असर अभी भी देखने को मिल रहा है। हुड्डा ने कहा कि देशभर में राहुल गांधी की इस यात्रा को जबरदस्त जनसमर्थन मिला। हरियाणा में यात्रा के आगमन से लेकर यात्रा के जाने तक हर जगह हजारों और लाखों की तादाद में लोग जुड़े। देश और प्रदेश के इतिहास में शायद पहली बार ऐसा हुआ जब फिरोजपुर झिरका में यात्रा के स्वागत के लिए कड़कड़ाती ठंड के बीच हजारों लोगों की जनसभा हुई। उसके बाद पानीपत रैली ने भीड़ के तमाम रिकार्ड ध्वस्त कर दिए। नूंह, गुड़गांव और फरिदाबाद से लेकर पूरे जीटी रोड पर यात्रा के स्वागत में जनता के बीच शानदार उत्साह देखने को मिला। देश मे प्रेम और भाईचारे का अच्छा संदेश गया । हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत दर्जनों जनसभाएं, मोहल्ला बैठकें हुई और डोर-टू-डोर अभियान चलाया गया। इसके साथ ह्यविपक्ष आपके समक्षह्ल कार्यक्रम के तहत पार्टी ने 9 लोकसभा क्षेत्र में विशाल जनसभाएं की। ह्यजन मिलनह्ल कार्यक्रमों के जरिए भी जनसंपर्क अभियान जारी है। तमाम कार्यक्रमों की सफलता कांग्रेस के प्रति जनता के रुझान के बारे में स्पष्ट संकेत है।

## राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की योजना ग्रीनफील्ड एक्स्प्रेस वे,

## हरियाणा और पंजाब से सीधा जुड़ेगा यूपी

**पश्चिमी उत्तर प्रदेश से पूर्वी उत्तर गोरखपुर से शामली तक ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे बनाने की तैयारी**

**निशा शर्मा ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा**

चण्डीगढ़, सितम्बरः देश के पश्चिमी उत्तर प्रदेश से पूर्वी उत्तर प्रदेश पहुंचना आसान हो जाएगा। योगी सरकार गोरखपुर से शामली तक ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे बनाने जा रही है। एक्सप्रेसवे के निर्माण के बाद हरियाणा और पंजाब के बीच की दूरी भी कम हो जाएगी। एक्सप्रेस-वे के निर्माण के लिए डीपीआर तैयार की जा रही है। इसकी कुल दूरी करीब 700 किमी होगी।

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के मुताबिक, गोरखपुर-शामली एक्सप्रेसवे यूपी के 22 जिलों से होकर गुजरेगा. डीपीआर तैयार करने की जिम्मेदारी एक निजी कंपनी को दी गई है। गोरखपुर-शामली एक्सप्रेसवे का निर्माण पंजाब-नॉर्थ ईस्ट कॉरिडोर के तहत किया जाएगा। इससे नॉर्थ ईस्ट, हरियाणा और पंजाब की कनेक्टिविटी आसान हो जाएगी। एनएचएआई अधिकारियों के मुताबिक एक्सप्रेस-वे गोगवान जलालपुर से शुरू होगा। प्रस्तावित योजना के मुताबिक, 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे को भी इस कॉरिडोर से जोड़ा जाएगा। गंगा एक्सप्रेसवे से राज्य में गंगा नदी के किनारे स्थित शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को लाभ होगा।

अधिकारियों के मुताबिक, परियोजना का उद्देश्य क्षेत्र के औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाना है। इस परियोजना से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

## हरियाणा कांग्रेस के फिरोजपुर झिरका के विधायक मामन खान ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना किया तय

विनोद कश्यप
प्रभारी दैनिक समाज जागरण
हरियाणा/ पंजाब

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा के नूंह में हिंसा भड़काने में नाम आने के बाद फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस विधायक मामन खान अब पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट जाएंगे। कांग्रेस विधायक हाईकोर्ट में याचिका लगाकर गिरफ्तारी पर रोक की मांग करेंगे। इसकी जानकारी कांग्रेस विधायक मोहम्मद इलियास ने आज यहाँ दी।

इधर यह बात भी प्रकाश में आई कि नूंह हिंसा की जांच कर रही एस .आई .टी.के सामने विधायक मामन खान फिर पेश नहीं हुए। इस बार उनकी तरफ से हरियाणा पुलिस को भी कोई जवाब नहीं भेजा गया है।

### 31 अगस्त को पहली बार बुलाया गया

इससे पहले विधायक को हरियाणा पुलिस ने 31 अगस्त को नगीना थाने में एस आई टी के सामने पेश होने का नोटिस दिया था, लेकिन बीमारी के कारण वह एसआईटी के सामने पेश नहीं हुए।



इसके बाद एसआईटी ने 10 सितंबर को पुलिस के सामने पेश होने का नोटिस दिया। इस बार वह पेश नहीं हुए और न ही पुलिस को कोई जवाब भेजा।

### विधानसभा में सच्चाई और आपत्तिजनक बयान का किया था खुलासा

मामन खान ने विधानसभा में गुरुग्राम के गौरक्षक मोनू मानेसर पर अनेक सवाल खड़े किए थे। उन्होंने मोनू पर गुंडागर्दी का आरोप लगाया था। उन्होंने मोनू की हथियारों और भाजपा नेताओं के साथ विधानसभा सत्र के दौरान वीडियो भी दिखाई। इस दौरा मामन खान की भाजपा के पटौदी से विधायक सत्यप्रकाश जरावता से बहस हुई।

जिसके बाद मामन खान ने विधायक जरावता और मोनू मानेसर को मेवात आने की चुनौती दी। इसी दौरान वह कुछ आपत्तिजनक बातें भी बोल गए थे। नूंह हिंसा के बाद उनका यह वीडियो खूब वायरल हुआ था।

### नूंह में अब तक 316 की गिरफ्तारी

31 जुलाई को हुई नूंह हिंसा में अब तक पुलिस ने 316 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में 60 एफआईआर दर्ज की हैं। इसमें 49 हिंसा भड़काने और 11 सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने के मामले में केस दर्ज किया गया है। 314 लोगों को हिंसा और 2 सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने के मामले में गिरफ्तारियां की गई है।

## नशे के खिलाफ छापेमारी के लिए 29 टीम की गई गठित - हिमांशु गर्ग, एसपी

दैनिक समाज जागरण

चण्डीगढ़, सितम्बरः रोहतक पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग के दिशा निदेर्शानुसार जिला रोहतक पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ आज सर्च अभियान चलाया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मेधा भूषण के नेतृत्व में 29 टीमों का गठन कर छापेमारी के लिए रवाना किया गया। छापेमारी के दौरान उप पुलिस अधीक्षक डा. रविंद्र सिंह, उप पुलिस अधीक्षक महम संदीप, उप पुलिस अधीक्षक शहर विवेक कुंडु, उप पुलिस अधीक्षक सांपला राकेश भी मौजूद रहे है। इसके अलावा प्रभारी थाना सिविल लाईन, आर्यनगर, पुरानी सब्जी मंडी, अर्बन एस्टेट, पीजी आईएमएस, सीआईए-1, सीआईए-2, एवीटी स्टाफ, एएनसी स्टाफ, पीओ स्टाफ अपनी-2 टीमों सहित अभियान में शामिल रहे है। पुलिस टीम द्वारा खोखरा कोट, करतारपुरा व गढी मोहल्ला में छापेमारी की गई। पुलिस अधीक्षक रोहतक हिमांशु गर्ग ने बताया कि रोहतक पुलिस को नशे का अवैध व्यापार करने वाले के खिलाफ अलग-2 साधनों के माध्यम से लगातार सूचनाएं मिल रही थी। इस लिए कार्यवाही की गई ।

## मुम्बई एक्सप्रेसवे पर नूंह और गुरुग्राम के साथ साथ दिल्ली- जम्मू कटरा एक्सप्रेसवे पर एयरस्ट्रिप के लिए तलाशनी होंगी संभावनाएं- दुष्यन्त चौटाला

**दैनिक समाज जागरण हरियाणा**
**डेस्क, चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मुंबई- एक्सप्रेसवे पर नूह तथा गुरुग्राम जिला में और दिल्ली - जम्मू कटरा एक्सप्रेसवे पर जींद एवं कैथल जिला में नए एयरस्ट्रिप बनाने के लिए संभावनाएं तलाशनी होंगी। यह बात हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला ने आज कहते हुए विभाग के अधिकारियों को कहा कि हरियाणा को देश का विकसित प्रदेश बनाने के लिए संभावनाओं की तलाश करने की जिम्मेदारी अधिकारियों की है।

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मुंबई- एक्सप्रेस-वे पर नूह तथा गुरुग्राम जिला में और दिल्ली -जम्मू कटरा एक्सप्रेसवे पर जींद एवं कैथल जिला में नए एयरस्ट्रिप बनाने के लिए संभावनाएं तलाशें , इसके लिए ई-भूमि पोर्टल पर 100 -100 एकड़ जमीन का खाका तैयार करें। इसके अलावा , प्रदेश में ड्रोन



मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने के लिए भी रूपरेखा बनाएं। उन्होंने हिसार एयरपोर्ट से जुड़े प्रोजेक्ट्स निर्धारित अवधि में पूरे करने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी लगातार उन्हें रिपोर्ट करेंगे।

उपमुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला जिनके पास नागरिक एवं उड्डयन विभाग का प्रभार भी है , आज यहाँ विभागीय अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

दुष्यंत चौटाला ने कहा कि करनाल , भिवानी , नारनौल तथा पिंजौर में एयरस्ट्रिप पर हेंगर बनाए जाएंगे। उन्होंने नारनौल को छोड़कर राज्य की अन्य सभी एयरस्ट्रिप पर एमआरओ ( मैनटेंनेंस रिपेयर एंड ओवरहॉल )शुरू करने के निर्देश दिए।

**उपमुख्यमंत्री ने उक्त कार्यो के अतिरिक्त हिसार एयरपोर्ट तथा प्रदेश की विभिन्न एयरस्ट्रिप पर चल रहे कार्यो की समीक्षा की।**

समीक्षा बैठक में दुष्यंत चौटाला को जानकारी दी गई कि नए स्टैंडर्ड एटीसी के निर्माण होने तक टेंपरेरी एटीसी स्थापित किया जा रहा है जिसके जल्द टेंडर खोले जा रहे हैं। इसके अलावा मानसून ड्रेन, आइसोलेशन-बे, वेहिकुलर लेन और नेविगेशन ऐड्स भी तैयार किया जाना है।

## हरियाणा में धान की खरीद के लिए केंद्र से की गई है शीघ्र खरीद करने की अनुमति- जे पी दलाल

**विनोद कश्यप ( प्रभारी)**
**दैनिक समाज जागरण**
**हरियाणा, चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़ः हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री जेपी दलाल ने कहा कि खरीफ फसलों की खरीद के लिए हरियाणा सरकार ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। हालांकि, 1 अक्टूबर से धान की खरीद शुरू होती है, लेकिन हमने भारत सरकार से 20 सितंबर से खरीफ फसलों की खरीद करने की अनुमति मांगी है, ताकि राज्य में खरीद शुरू होने से धान की जल्द आवक होने से किसानों को कोई नुकसान न हो।

जेपी दलाल ने यह जानकारी आज यहां पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए दी। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि केंद्र से जल्द ही खरीद की अनुमति मिल जाएगी और अनुमति प्राप्त होते ही हम खरीद प्रक्रिया आरंभ कर देंगे।

### बीमा कंपनी ने जिन किसानों का बीमा नहीं किया उनका बीमा सरकार करेगी

जे पी दलाल ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा कंपनी द्वारा जिन किसानों का बीमा नहीं किया गया है, अब उनका बीमा प्रदेश सरकार करेगी। कृषि मंत्री ने किसानों को आश्वस्त किया कि किसान भाइयों को चिंता करने की जरूरत नहीं हैं, सरकार हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में बीमा कंपनियों के लिए 3 क्लस्टर बने हुए हैं। क्लस्टर -1 में एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी, भारत सरकार को बीमा का कार्य दिया हुआ है। क्लस्टर झ 2 भी इसी कंपनी को आवंटित किया गया था, लेकिन न्यायालय में मामला होने के कारण कंपनी ने इस क्लस्टर में काम करने से मना कर दिया। किसानों के हितों को देखते हुए अब सरकार ने निर्णय लिया है कि क्लस्टर- 2 में जिन किसानों ने प्रीमियम राशि भरी हुई है और अगर कंपनी बीमा नहीं करती है तो कृषि विभाग उनका बीमा करेगा। प्रीमियम राशि में भी कोई बदलाव नहीं होगा।

प्रदेश में नहीं होगी खाद की कमी

कृषि मंत्री ने कहा कि इस बार प्रदेश में खाद की कमी नहीं होगी। सरकार के पास खाद की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि गत दिनों केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री डॉ मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में खाद की उपलब्धता को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक हुई थी।

जे पी दलाल ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने भी इस विषय पर केंद्रीय मंत्री से बात की है और खाद से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के पास डीएपी और यूरिया का पर्याप्त स्टॉक है। इसके अलावा भी और खाद चाहिए होगी तो केंद्र सरकार ने हमें देने का वायदा किया है।

### बाजरे को लेकर किसानों को नहीं होने दिया जाएगा नुकसान

एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि अभी बाजार में बाजरे का भाव एमएसपी से नीचे है। अभी तक 10 हजार मीट्रिक टन बाजरे की खरीद हुई है। अभी सरकार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और यदि बाजार भाव यही रहता है तो प्रदेश सरकार भावांतर भरपाई योजना के तहत किसानों को पैसा देगी या एमएसपी पर खरीद शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि किसान भाईयों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, सरकार उनके साथ है।

## पूर्व सांसद आत्माराम गिल के बेटे ने सिरसा में सैंकड़ों साथियों के साथ जेजे पी छोड़कर इनेलो का दामन थामा

चण्डीगढ़, सितम्बरः सिरसा के भावदीन गाँव में संसदीय सीट से पूर्व सांसद स्वर्गीय श्री आत्माराम सिंह गिल जी के सुपुत्र सरदार श्री गुरदीप सिंह जी अपने सैकड़ों साथियों व समर्थकों के साथ लोकराज की नीतियों वाली इनेलो पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर घर वापसी की। साथ ही किसान नेता श्री दरबारा सिंह जी जेजे पी छोड़कर बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ घर वापसी करते हुए इण्डियन नेशनल लोकदल पार्टी ज्वॉइन की।

इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला ने कहा कि पार्टी में शामिल होने वाले सभी नेताओं ० कार्यकताओं का का इनेलो परिवार में शामिल होने पर हार्दिक स्वागत है। आशा है कि आप सबके सहयोग से हरियाणा परिवर्तन की मुहिम को सफलता का नया आयाम प्राप्त होगा।

## हरियाणा सरकार ने नए राशन डिपो की अलाटमेंट पर लगाई रोक

**दैनिक समाज जागरण, हरियाणा डेस्क, चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, 11 सितम्बरः हरियाणा सरकार द्वारा अभी जो हाल ही में नए राशन डिपो आलोट किए जाने थे जिनके लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे फिलहाल सरकार ने आगामी आदेश तक उन पर रोक लगा दी है। फूड और सप्लाई विभाग के सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी अरुण कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि सरकार के आदेशों की पालना की जाएगी।

## सरकार को बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए व्यापार व उद्योग को बढ़ावा देना चाहिए- बजरंग गर्ग

हरियाणा/जींद(राजेश सलूजा) : - हरियाणा प्रदेश व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों का सम्मेलन जींद में हुआ। जिस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव व हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रान्तीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग थे और कार्यक्रम की अध्यक्षता व्यापार मंडल जिला प्रधान महावीर कम्पयूटर ने की। व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हरियाणा प्रदेश का छोटा व्यापारी पहले तो मंदी का दौर, मंहगाई की मार, ऑनलाइन की मार इत्यादि से जूझ रहा है। ऊपर से भ्रष्ट अधिकारियों व सरकार की गलत नीतियों के कारण गांव स्तर पर लघु उद्योग व व्यापार काफी हद तक बंद हो गए है। दूसरी तरफ केंद्र सरकार ने हाल ही में नया कानून बनाकर जीएसटी को मनी लान्ड्रिग रोकथाम कानून में लाकर जीएसटी का एक्सेस ईडी को दे दिया है। जिससे व्यापारियों में भय का माहौल है। बजरंग गर्ग ने कहा कि व्यापारियों द्वारा हर प्रकार का टैक्स जैसे की इनकम टैक्स, एक्साईज ड्यूटी, मार्केट फ्रीस, लाइसेंस फ्रीस आदि ईमानदारी से देने के बाबजूद भी केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी का एक्सेस ईडी को देना उचित नहीं है। इसका दुष्प्रभाव यह पड़ेगा की व्यापारी जो व्यापार कर रहे है वह उसे बढ़ाने से डरेगा और बेरोजगार युवा व्यापार में नहीं आएगा। सरकार को चाहिए की बेरोजगारी कम करने के लिए बेरोजगार युवाओं को व्यापार व उद्योग में लाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। इसके विपरीत सरकार गलत कानून लाकर बेरोजगार युवाओं को व्यापार जगत से दूर कर रही है। बजरंग गर्ग ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने से पहले हर साल 2 करोड़ युवाओं को नौकरियाँ देने का वादा किया था और हरियाणा सरकार ने उद्योगों के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को 75 प्रतिशत नौकरी देनी की घोषणा की थी वह भी एक जुमला सिद्ध होकर रह गया। सरकार को झूठी घोषणा करने की बजाए बेरोजगारों को रोजगार देने का काम करना चाहिए मगर इस सरकार ने नौकरी देने की बजाय रोजगार छिनने का काम किया है। सरकार को व्यापारी व आम जनता के हित में बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए व्यापार व उद्योग को बढ़ावा देना चाहिए। जिसमें केंद्र व प्रदेश सरकार को हर प्रकार की सुविधा व्यापारी व उद्योगपतियों को देनी चाहिए जो सरकार नहीं दे रही है। इस मौके पर व्यापार मंडल के जिला प्रधान महावीर कंप्यूटर, हरियाणा प्रदेश प्रेस प्रवक्ता राजकुमार गोयल, रेडीमेड एसोसिएशन प्रधान जय कुमार गोयल, साड़ी एसोसिएशन प्रधान सावर गर्ग, अग्रोहा विकास ट्रस्ट के जिला प्रधान ईश्वर गोयल, नगर

# विजार्ड कंप्यूटर से निशुल्क कंप्यूटर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं युवा

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 11 सितंबर 2023:- बिहार सरकार द्वारा संचालित युवा कार्यक्रम की इकाई विजार्ड कंप्यूटर के द्वारा 15 से 28 वर्ष के युवक एवं युवतियां को निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संस्था के डायरेक्टर रौशन कुमार ने बताया कि राज्य सरकार बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार पाने का सुनहरा मौका दे रही है। 20 से 25 वर्ष उम्र के इंटर पास प्रशिक्षणार्थी कुशल युवा कार्यक्रम से प्रशिक्षण प्राप्त कर, दो वर्षों तक 1000 रूपया प्रतिमाह स्वयं सहायता भत्ता प्राप्त कर सकते हैं। प्रशिक्षण के लिए मैट्रिक एवं इंटर का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक तथा आवासीय प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है। हमारी संस्था में तीन माह की प्रशिक्षण अवधि में सीआईटी, सीएलएसए, सीएसएस कंप्यूटर प्रशिक्षण, अंग्रेजी हिंदी में संवाद कौशल तथा व्यवहार कौशल



सिखाया जाता है। उन्होंने बताया कि केवाईपी कोर्स करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को बिहार सरकार के द्वारा टैब दिया जाएगा। सितंबर माह में नया बैच स्टार्ट किया गया है। जिसमें ग्राम पंचायत परता अंतर्गत देउरा गांव सोनी कुमारी सोनू कुमार सुरभि कुमारी गीता कुमारी गुल्लू कुमार लाडो कुमारी विक्की कुमारी एवं फूल रानी कुमारी ने रजिस्ट्रेशन कराया है। संस्था के मोबिलाइज प्रिंस कुमार सिंह ने सोमवार को डीआ-रसीसी कार्यालय औरंगाबाद से रजिस्ट्रेशन का रिसीविंग दिलाया। जिसके आधार पर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए बच्चों का नामांकन किया जाएगा।

# जी-20 की अध्यक्षता में भारत का कद ऊंचा हुआ है- कौटिल्य मंच.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल**

गया( बिहार)- जी 20 सदस्य देशों के बीच शिखर सम्मेलन में दिल्ली घोषणापत्र पर आम सहमति कायम करने के कठिन माने जाने वाला काम भारत ने कर दिखाया है.यह भारत के प्रधानमंत्री के सफल कूटनीति कौशल का ही जादुई परिणाम है जो भारत ने प्रदर्शित किया है. विश्व के कल्याण के लिए भारत की "वसुधैव कुटुंबकम्"की उदार अवधारणा का उदाहरण है. यह यह अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में भारत के निरंतर बढ़ते हुए प्रभाव को दशार्ता है.अंतरराष्ट्रीय कूटनीति की दृष्टि से यह भारत की बड़ी उपलब्धि है जिसने जटिल वैश्विक मतभेदों के बीच सहमति की राह निकाल कर असंभव को संभव कर दिखाया है. यह संपूर्ण विश्व के लिए अनुकरणीय है.भारत ने भू -राजनीति और आर्थिक खेमों में बंटी दुनिया को एक कुटुंब के रूप में जोड़ने का प्रयास करते हुए ऐतिहासिक सफलता हासिल की है जो भारत को गौरवान्वित करने वाला है. विभिन्न



सामाजिक संगठनों से जुड़े कौटिल्य मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विवेकानंद मिश्र के उपरोक्त बयान का जिन प्रमुख लोगों ने समर्थन किया है उसमें बिहार के जाने-माने साहित्यकार आचार्य राधा मोहन मिश्र माधव ऑल इंडिया जूलॉजी साइंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर बी एन पांडे जानेमाने साहित्यकार प्रोफेसर उमेश चंद्र मिश्र, शिव कवि साहित्यकार डॉक्टर राम सिहासन सिंह ,प्रसिद्ध व्यवसाई शिवचरण डालमिया ,डॉक्टर ज्ञानेश भा-रद्वाज, नीरज कुमार वर्मा ,शंभू गिरी ,किरण पाठक ,रुकमणी पाठक ,कविता राऊत ,सिद्धनाथ मिश्रा, अश्वनी तिवारी ,मोहम्मद उमैर, देवेंद्र कुमार पाठक ,डॉक्टर जियाउद्दीन ,राम भजन दास ,देवेंद्र नाथ मिश्रा ,मुकेश मिश्रा ,रंजीत पाठक, पवन कुमार मिश्र, पियूषा गुप्ता, पूजा कुमारी, दीपक पाठक, मुन्ना पाठक अधिवक्ता अविनाश कुमार, सुनीता देवी ,मृदुल मिश्रा, गणेश मिश्रा ,विनायक सिंह ,विश्वजीत चक्रवर्ती, पुष्पा गुप्ता ,संगीता कुमारी, मोहम्मद सद्दाम ,भोला सिंह, प्रियंका मिश्रा, तरन्नुम राशिद ,चंचला शर्मा उल्लेखनीय है.

# 100 लीटर देशी महुआ शराब के साथ शराब कारोबारी गया जेल।




**दैनिक समाज जागरण वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार) 11 सितम्बर 2023**

औरंगाबाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर देव थाना की पुलिस ने शराब के खिलाफ सघन छापेमारी करते हुए शराब के साथ वाहन और कारोबारी को धर दबोचा है।जानकारी देते हुए देव थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने बताया कि देव थाना क्षेत्र के महाराणा प्रताप कॉलेज मोड़ के पास से मोटरसाइकिल पर 100 लीटर देशी महुआ शराब लाद कर ले जा रहे एक कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार शराब कारोबारी की पहचान कंचनपुर गाँव निवासी मंगर यादव के 22 वर्षीय पुत्र धनन्जय कुमार के रूप मे हुई है।जिसे हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश किया गया जहां से न्यायालय ने जेल भेज दिया।

# मिशन इन्द्रधनुष के तहत टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण जयनगर नित्यानंद झा 11 सितम्बर**

बिहार सरकार स्वास्थ्य विभाग और यूनिसेफ के सौजन्य से चलाये जा रहे टीकाकरण अभियान इन्द्रधनुष का शुभारंभ जयनगर प्रखंड के दुल्लीपट्टी गाँव वार्ड संख्या 05 स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में किया गया। ट-ीकाकरण अभियान का जयनगर चिकित्सा पदाधिकारी रवि भषण प्रसाद, बीडीओ राजीव रंजन कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक प्रभास कुमार प्रशांत, सीडीपीओ प्रभारी नीलम पांडे, पंचायत की मुखिया रुपम कुमारी, समाजसेवी वीरेंद्र यादव समेत अन्य ने फीता काटकर किया। इन्द्रधनुष अभियान के तहत जन्म से पांच वर्ष तक के वैसे शिशु जो टीकाकरण से वंचित रह गए हैं वैसे शिशुओं का टीकाकरण किया जाएगा। अभियान के तहत बीसीजी, डीपीटी, मिजल्स, पोलियो जैसी 11 प्रकार का टीक-ाकरण किया जाता है। चिकित्सा पदाधिकारी रवि भूषण प्रसाद ने कहा कि जयनगर प्रखंड में इन्द्रधनुष अभियान के तहत 88 केन्द्र बनाये गए हैं। इन्द्रधनुष का पहला अभियान



11 से 17 सितम्बर, दूसरा अभियान 09 से 14 अक्टूबर और वर्ष का तीसरा और अंतिम अभियान 27 नवम्बर से 02 दिसम्बर तक चलाया जाएगा। टीकाकरण मोनिटरिंग के लिए पर्यवेक्षकों का एक दल बनाया गया है। टीम द्वारा टीका से छूटे शिश-ुओं का सूची बनाकर टीकाकरण किया जाएगा। चिकित्सा पदाधिकारी जयनगर रवि भूषण प्रसाद के नेतृत्व में दल टीकाकरण अभियान का निर-ीक्षण एवं दिशा निर्देशन करेगी। मौके पर शिक्षाविद मनीष कुमार, बीएमसी प्रवीण कुमार, पूर्व मुखिया लक्ष्मी मंडल, महिला पर्यवेक्षक पिंकी कुमारी, एएनएम इन्द्रावती देवी, राधा कुमारी, आंगनवाड़ी सेविका रिंकू कुमारी, आशा ममता कुमारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# गर्भवती महिला व बच्चों की सेहत व सुरक्षा के लिहाज से टीकाकरण जरूरी

अररिया ।जिले में मिशन इंद्रधनुष 0.5 अभियान सोमवार से शुरू हुआ। जिले के सभी प्रखंडों में इसे लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किये गये। जहां स्थानीय जनप्रतिनिधि व वरीय स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा इसका विधिवत उद्घाटन किया गया। इसे लेकर रानीगंज के धामा पंचायत अंतर्गत मिडिल स्कूल धामा में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जहां वरीय स्वास्थ्य अधिकारियों की मौजूदगी में स्थानीय मुखिया मिन्नतुल्लाह रहमानी उर्फ मिन्नत ने अभियान का उद्घाटन किया। इस क्रम में स्थानीय मुखिया ने ग्रामीणों को बढ़चढ़ कर अभियान में भाग लेते हुए अपने बच्चों को ट-ीकाकृत कराने की अपील की। मौके पर सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह, डीआईओ डॉ मोईज, डीपीएम संतोष कुमार, एसएमओ डब्ल्यूएचओ डॉ शुभान अली, एसएमसी यूनिसेफ आदित्य कुमार, एमओआईसी रानीगंज डॉ रोहित कुमार, बीएचएम प्रेरणा रानी वर्मा, बीसीएम राजा वसीम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। 16 सितंबर तक संचालित होगा अभियान का पहला चरण -सिविल सर्जन ने बताया कि अभियान का पहला चरण 16 सितंबर तक संचालित है। टीक-ाकरण से वंचित बच्चों की ड्यूलिस्ट तैयार की गयी है। इसके मुताबित शतप्रतिशत गर्भवती महिलाएं व बच्चों का टीकाकरण प्रमुखता के आधार पर किया जाना है। उन्होंने गर्भवती महिला व बच्चों की सेहत व सुरक्षा के लिहाज से टीकाकरण को महत्वपूर्ण बताया। गर्भवती महिला व पांच साल तक बच्चों का टीकाकरण का लक्ष्य -अभियान की जानकारी देते हुए जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ मोईज ने बताया कि मिशन इंद्रधनुष 5.0 के पहले चरण में अररिया व फारबिसगंज शहरी क्षेत्र में कुल 52 सेशन साइट निर्धारित हैं। वहीं ग्रामीण इलाकों में कुल 1040 साइट पर सत्र संचालित होगा। अभियान के क्रम में दो वर्ष से कम उम्र के कुल 15 हजार 13 बच्चे टीकाकरण के लिये लक्षित हैं। वहीं 02 से 05 साल के 04 हजार 334 बच्चे लक्षित हैं। नौ माह से दो वर्ष तक के 03 हजार 221 बच्चों को एमआर-1 व 02 हजार 847 बच्चों को एमआर-2 का टीका लगाया जाना है। वहीं अभियान के क्रम में 03 हजार 598 गर्भवती महिलाओं को टीकाकृत करने का लक्ष्य है।फारबिसगंज ग्रामीण व रानीगंज प्रखंड में सबसे अधिक सत्र-मिशन इंद्रधनुष 5.0 की सफलता के लिये फारबिसगंज ग्रामीण में कुल 165 सत्र बनाये गये हैं।

# गोह बाजार में रंगे हाथ पकड़ा गया पॉकेटमार, भेजा गया जेल।

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा, प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार)गोह बाजार में विश्वकर्मा पूजा को लेकर हो रही भीड़ भाड़ को देखते हुए पुलिस गश्ति बढ़ा दी गई है। रविवार को स्थानीय पुलिस ने थाना मुख्यालय स्थित शहीद जगपती चौक के समीप से एक पॉकेटमार को गिरफ्तार कर थाना लाया है। मामले में बताया जाता है कि गोह थाना क्षेत्र के अल्हन परासी गांव की वीणा देवी अपने पांच वर्षीय नाती को लेकर रविवार की संध्या गोह बाजार में खरीदारी करने आई थी। जहां से जरुरतमंद समान खर-ीदकर ऑटो के इंतजार में थी। उक्त



महिला के साथ रहे नाती के पैकेट में पांच सौ रुपए डाल दी ताकि बच्चा मशगूल रहे। तभी मुख्यालय स्थित जगतपति चौक के समीप में एक युवक पास सटकर बच्चे के पैकेट से पैसा निकाल लिया महिला को भनक लगी तो चोर-चोर का हल्ला मचाया तभी स्थानीय लोगों द्वारा भाग रहे युवक को पकड़ लिया गया। मामले में थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि वीणा देवी के बयान पर कांड संख्या 303/23 दर्ज किया गया। गिरफ्तार आरोपित युवक की पहचान गया जिले के टिकारी थाना अंतर्गत लाव गांव निवासी राजेश चौधरी के रूप में हुई है। पुलिस गिरफ्तार आरोपित को सोमवार की जेल भेज दी है।

# दुर्घटना में बाइक सवार जख्मी, रेफर

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 11 सितंबर 2023 :- नेशनल हाईवे 139 पर जनता कॉलेज मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक सवार बुरी तरह जख़्मी हो गया। यह घटना सोमवार की दोपहर दो बजे की है। बाइक सवार की पहचान ओबरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मनोरा रतनपुरा गांव निवासी संजय मेहता के 20 वर्षीय पुत्र सिंटू कुमार के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक पल्सर बाइक पर सवार होकर हरिहरगंज से औरंगाबाद के तरफ जा रहा था। उसी क्रम में सड़क के बीचोंबीच गड्ढा होने के कारण युवक ने बाइक पर नियंत्रण खो दिया और युवक सड़क पर गिरकर अचेत हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा अंबा थाने को घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और युवक को रेफरल अस्पताल कुटुंबा ले गई। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करने के बाद युवक को सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया। पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना



परिजनों को दे दी गई है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि बाइक पर दो लोग सवार थे। घटना के बाद एक युवक फरार हो गया।

**उक्त स्थल पर घट सकती है बड़ी दुर्घटना**

उक्त घटना स्थल पर सड़क के बीच में गड्ढा होने के कारण दुर्घटना होने की प्रबल संभावना बनी रहती है। कुछ दिनों पहले नाली के पानी के निकास के लिए सड़क को खोदकर पाइप डाला गया था। मिट्टी दब जाने के कारण उक्त स्थल पर गड्ढा हो गया है। नेशनल हाईवे हाईवे होने के कारण काफी संख्या में गाड़ियों का परिचालन होता है। अच्छी सड़क होने के कारण चालक स्पीड में आते हैं और अचानक गड्ढे को देखकर नियंत्रण खो देते हैं। स्थानीय लोगों ने यथाशीघ्र सड़क के मरम्मत कराने की मांग की है।

# कल दिनभर आंख मिचौनी के बाद पूरी रात बिजली गायब उपभोक्ता परेशान

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 11 सितंबर 2023 औरंगाबाद जिले के नबीनगर मे कल रविवार को दिन भर बिजली आंख मिचौनी का खेल खेलती रही। लो वोल्टेज,उमस भरी गर्मी एवम तेज धूप से उपभोक्ता पूरे दिन परेशान रहे।उसके बाद शाम 5 बजे के बाद से बिजली जो गायब हुई वो दूसरे दिन सुबह यानी आज सोमवार को लगभग 9 बजे सुबह बिजली आई है वो भी लो वोल्टेज के साथ आ रही है और गायब हो रही है।बताते चले कि नबीनगर मे दो दो बिजली पावर का बड़ा प्लांट है। दूसरे राज्यों को नबीनगर बिजली से रौशन कर रहा है जबकि खुद अंधेर मे रहने को आदि हो गया है

इस संबंध मे उपभोक्ताओं का कहना है कि विगत कुछ दिनों से लो भोल्टेज की समस्या है लोग उमस भरी गर्मी से परेशान हैं।इस समस्या की तरफ न तो विभागीय अधिकारी का ध्यान है और न ही राजनीतिक



दलों एवम जन प्रतिनिधियों की चिंता है

ऊधर टंडवा मंडल भाजपा के अध्यक्ष राजेश कुमार अग्रवाल ने बताया है कि टंडवा क्षेत्र मे कल सुबह से लेकर पूरी रात बिजली गायब रही। पूरे दिन और रात टंडवा क्षेत्र के आम जनता एवम किसान उमस भरी गर्मी से परेशान रहे ।मंडल अध्यक्ष ने यह भी बताया कि दो सालो से दक्षिणी क्षेत्र के 6 पंचायत के आम जनता के साथ साथ किसान बिजली की समस्या से परेशान है। टंडवा पावर सर्विस स्टेशन नबीनगर पावर सब स्टेशन से ही जुड़ा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पावर स्टेशन के सभी कर्मी लापरवाह है जनता त्रस्त है और राजनैतिक दलों के साथ साथ क्षेत्र के जन प्रतिनिधि भी सुस्त है।

# उदयपुरा में तीन दिवसीय जरासंध की जयंती को लेकर की गई बैठक

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा , प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड के डिहुरी पंचायत अंतर्गत उदयपुरा गांव में सोमवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में युवा चेतना मंच के तत्वावधान में मगध सम्राट जरासंध की जयंती को लेकर बैठक आयोजित कि गई। बैठक की अध्यक्षता पूजा कमेटी



के अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार चंद्रवंशी व संचालन युवा चेतना मंच के अध्यक्ष निरंजन कुमार चंद्रवंशी ने किया। पूजा कमेटी के सभी सदस्यों ने निर्णय लेते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मगध सम्राट जरासंध की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। जिसमें 23/11/2023 से 25/11/2023 तक भव्य आयोजन के साथ किया जाएगा। इसका समापन 26/11/2023 को विधिवत पूजा अर्चना के साथ सम्पन्न कराया जाएगा। इस पूजा में बिहार के कई जिलों से गणमान्य लोग शामिल होंगे। इस बैठक में उपस्थित पूजा कमेटी के सचिव रविंदर चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष सूरज चंद्रवंशी , मंत्री दीपक चंद्रवंशी , शैलेंद्र कुमार चंद्रवंशी , रितेश कुमार , नंदकिशोर सिंह , रोहित , नीरज , मृत्युंजय , नरेंद्र सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# 11 सितंबर को खादी ग्रामोद्योग में विनोबा भावे की जयंती मनाई गई

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार)गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित खादी ग्रामोद्योग में 11



सितंबर को भूदान आंदोलन के प्रणेता , समाज सुधारक और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आचार्य विनोबा भावे की जयंती धूमधाम से मनाई गई। खादी ग्राम उद्योग के प्रबंधक काशीनाथ सिंह ने कहा कि आचार्य भावे ने अपना पूरा जीवन मानव सेवा और आजादी की अलख जगाने में बिता दी है।वे सामाजिक और रचनात्मक रूप से बहुत सक्रिय रहे। उन्होंने समाज में असमानता समाप्त करने का अथक प्रयास किया है। इस मौके पर समाजसेवी रंजीत कुमार , दिलीप विश्वकर्मा , गोरख नाथ सिंह, बृजमोहन वर्मा, विनदेश्वरी शर्मा, सहित कई लोग मौजूद थे।

# मिशन इंद्रधनुष टीकाकरण अभियान का हुआ उद्घाटन।

दैनिक समाज जागरण वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार) 11 सितंबर 2023:- औरंगाबाद जिले के देव प्रखण्ड के पवई पश्चिमी आंगनवाड़ी केंद्र में सोमवार को मिशन इंद्रधनुष टीकाकरण अभियान का हुआ उद्घाटन।कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी इऊड कुन्दन कुमार व स्वास्थ्य प्रबन्धक डॉ विकास रंजन के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।जानकारी देते हुए स्वास्थ्य प्रबन्धक डॉ विकास रंजन बताया कि इस अभियान के तहत 11 सितंबर से 16 सितंबर तक प्रस्तावित है।जिसमे कुल 93 टीकाकरण स्तर एवं लक्षित बच्चे की संख्या



878 एवं गर्भवती महिला की संख्या 157 चिन्हित किया गया है।जिस अभियान का नाम मिशन इन्द्रधनुष टीकाकरण रखा गया है।इसके तहत आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ता की भागीदारी अहम होगी।

# पितृपक्ष मेला में आगंतुकों को परेशानी का सामना करना ना पड़े जिसके लेकर जिला पदाधिकारी ने आवासन को लेकर संबंधित पदाधिकारी के साथ किया बैठक.

## *497 स्थानों को चिन्हित कर उसमें 60946 लोगो की ठहरने की व्यवस्था की गई*

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार )- गयाजी धाम में पितृपक्ष मेला 2023 के सफल आयोजन एवं आगंतुकों को परेशानी का सामना करना ना पड़ सके. जिसके लेकर गया के जिलापदाधिकारी डॉ० त्यागराजन एसएम ने आवासन को लेकर संबंधित पदाधिकारी के साथ बैठक किया. वहीं दूसरी तरफ कोषांग को और तेजी से कार्य करने निर्देश दिया. जिला पदाधिकारी ने कहा कि पितृपक्ष मेला अवधि में आवासन कोषांग की अहम भूमिका रहती है. इसलिए अभी से ही सभी तैयारियों को सभी सही सुसज्जित तरीके से करवा लें. पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष अधिक संख्या में तीर्थयात्री की आने की पूरी संभावना है। इस वर्ष गांधी मैदान में बनने वाले टेंट सिटी में आवासन की क्षमता को बढ़ा कर 2500 किया गया है। इसके अलाबा निगमा मोनेस्ट्री बोधगया में 2400 आवासन क्षमता रखी गई है। सामुदायिक भवन एवं अन्य अवसान हेतु 41 अवसान स्थल में 10050 आवासन क्षमता किया गया है। पुलिस आवासन हेतु 23 स्थल चिन्हित किये गए हैं, जहां 6 हजार पुलिस के जवान आवासन करेंगे। इसके अलावा 63 की संख्या में होटल एवं रेस्ट हाउस चिन्हित किये गए हैं जहां 3452 यात्री आवासन करेंगे। पंडा के निजी भवन एवं धरशाला 368 की संख्या में चिन्हित है जहां 36544 यात्री आवासन करेंगे। इस प्रकार कुल 497 स्थानों को चिन्हित कर उसमें 60946 लोगो की ठहरने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा बोधगया के विभिन्न मॉनेस्ट्रियों से संपर्क स्थापित किया जा रहा है, जहां तीर्थयात्री को ठहराया जा सकेगा।डीएम ने सभी संबंधित आवासन स्थलों को वरीय उप समाहर्ता द्वारा टीम बनाकर फिजिकल वेरिफि-केशन करवाने में तेजी लाने को कहा, जिसमें पेयजल की व्यवस्था, शौचालय, बिजली की



व्यवस्था इत्यादि बिंदुओं पर प्राथमिकता रहेगी। फिजिकल वेरीफिकेशन के दौरान यदि कुछ खामियां रहने पर तुरंत संबंधित अभियंता एवं पदाधिकारी द्वारा मरम्मत करवाने का कार्य किया जाएगा।

सोमवार के समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि प्राइवेट घर एवं धर्मशाला जहां तीर्थयात्री को विभिन्न पंडा समाज द्वारा तीर्थ यात्रियों को ठहराते हैं, उन सभी स्थलों का भी फिजिकल वेरिफिकेशन अच्छा से करवाने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी तीर्थ यात्रियों को किसी प्रकार का कोई परेशानी ना हो, इसके लिए अभी सभी प्राइवेट आवासन स्थल का दर निर्धारण किया जाए ताकि निर्धारित दर से अधिक पैसा किसी भी तीर्थ यात्री से न लिया जा सके।

आवासन स्थल से संबंधित सभी जानकारियां पदाधिकारियों का दूरभाष संख्या, होटल का नाम, धर्मशाला का नाम इत्यादि जिले के वेबसाइट एव गूगल प्ले स्टोर के एप पर अपलोड करावे ताकि तीर्थ यात्रियों को जानकारी आसानी से मिल सके। इसके अलावा सभी आवासन स्थलों में, में आई हेल्प यु काउंटर रहेगा, उसमे यात्रियों की सहायता हेतु जन सम्पर्क विभाग द्वारा मुद्रीत ब्रोसियर उपलब्ध रखा जाएगा, उक्त ब्रासियर में आवश्यकता अनुसार सभी जानकारियां रखी जा रही है। इसके साथ ही वरीय अधिकारियों सहित मेडिकल टीम तक का दूरभाष संख्या का लिस्ट भी प्रदर्शित करवाया जा रहा है।

इसपर स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी आवासन स्थल में जल जमाव नहीं रहे हैं।इसके लिए पूरी व्यवस्था रखें। पानी निकासी हेतु नामित टीम रखे। आवासन स्थल पहुच हेतु रास्ता समतल रखे। टॉयलेट्स की टंकी को साफ करवा लें। दरवाजा एवं टॉयलेट्स की मरामति के साथ पेंट करवाने का कार्य तेजी से पूर्ण करवाये।

वरीय उप समाहर्ता अभिषेक कुमार को निर्देश दिया कि प्रत्येक आवासन स्थल में कितने बेड एवं कितने संख्या में पंखा की आवश्यकता है, इसका आकलन कर लें तथा उसे तेजी से लगवाने का कार्य करें। मे आई हेल्प यू के साथ-साथ यात्रियों की सुविधा की निगरानी के लिए पर्याप्त संख्या में कर्मियों की प्रतिनियुक्ति सभी आवासन स्थल पर करें। गांधी मैदान में काफी भव्य रूप से बनने वाले टेंट सिटी हेतु वरीय उप समाहर्ता अभिषेक कुमार को निर्देश दिया कि पर्यटन विभाग पटना से समन्वय स्थापित कर चयनित एजेंसी से संपर्क स्थापित कर तेजी से टेंट सिटी निर्माण करवाने का कार्य करें। इस वर्ष टेंट सिटी में और अधिक सुविधाओं से सुसज्जित कराया जाएगा। इस वर्ष गांधी मैदान में यात्रियों को पीने के लिए गंगा पानी भी दिया जा रहा है।

जिला पदाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया कि पितृपक्ष मेला क्षेत्र में सरकारी आवासन हेतु प्रयोग में लिए जाने वाले वैसे सरकारी विद्यालय जहां पठन-पाठन का कार्य बंद रहता है उन सभी विद्यालयों को किसी दूसरे विद्यालयों के साथ टैग करें ताकि पठन-पाठन का कार्य सुचारू रूप से चलता रहे हैं प्राइवेट आवासन के समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया की क्षमता के आधार पर प्राइवेट आवासन को लाइसेंस निर्गत करें। पुलिस के वरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि पुलिस आवासन का भौतिक रूप से जांच कर ले, जो भी कमियां है उसे अभी से ही जांच कर बताएं ताकि उसे ठीक करवाया जा सके। पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया कि पितृपक्ष मेला के अवसर पर अभी से ही मेला क्षेत्र के विभिन्न प्राइवेट होटल,गेस्ट हाउस को जांच दल गठित कर रैंडमली जांच करवाये।

इस बैठक में उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक नगर, विभिन्न थानों के थाना प्रभारी, वरीय उप समाहर्तागण सहित आवासन कोषांग के नामित पदाधिकारीगण एवं अभियंता गण उपस्थित थे.

# 80 लिटर अबैध देशी शराब के साथ दो गया जेल

## सोनाहातु थाना क्षेत्र से आकर ईचागढ़ थाना क्षेत्र में चलाता है अबैध शराब का कारोबार

**दैनिक समाज जागरण ,शेखर सुमन, ईचागढ़ सराइकेला (झारखण्ड )**

ईचागढ़ - सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के सालुकडीह गांव के पास केनाल सड़क पर दो अबैध देशी शराब माफिया को ईचागढ़ पुलिस द्वारा करीब 80 लिटर अबैध देशी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में सरायकेला जेल भेज दिया। पुलिस की पुछताछ में दोनों का पहचान सोनाहातु थाना क्षेत्र के रानाडीह गांव के 33 वर्षीय सुरेन्द्र सिंह मुण्डा व जोजोपीड़ी गांव के 36 वर्षीय जर्मन महतो के रूप में किया गया। मिली जानकारी के अनुसार सरायकेला के पुलिस कप्तान डाक्टर बिमल कुमार के निर्देश पर ईचागढ़ पुलिस अबैध शराब के खिलाफ सक्रिय हुआ एवं गुप्त सूचना के आधार पर सालुकडीह केनाल सड़क पर रांची जिला के सोनाहातु क्षेत्र से दो बाइक पर दो शराब माफिया को धर दबोचा गया। वहीं अनुसंधान कर्ता मनिन्दर सिंह



ने बताया कि पुलिस द्वारा तलाशी के क्रम में बाइकों पर दोनों ओर टंगा हुआ विभिन्न झोला के अंदर पोलेथिन में करीब 80 लिटर अबैध देशी महुआ शराब बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि शराब के साथ दोनों बाइकों को भी जप्त कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि सोनाहातु थाना क्षेत्र से अबैध महुआ शराब शराब माफिया अपने बाइक पर ईचागढ़ थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जाकर बेचता है। सोनाहातु क्षेत्र के शराब माफिया बेखौफ होकर ईचागढ़ क्षेत्र में बेधड़क शराब का धंधा चलाते हैं। इसके पहले भी सोनाहातु क्षेत्र के कई शराब माफिया को ईचागढ़ पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस के लगातार शराब के खिलाफ अभियान चलाए जाने के बाद भी क्षेत्र में अबैध शराब का धंधा फल फूल रहा है। पुलिस डाल डाल तो शराब माफिया पात पात वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए क्षेत्र में लाकर अबैध शराब का कारोबार करने से बाज नहीं आ रहा है। वैसे पुलिस कप्तान के कड़े निर्देश के बाद शराब माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

# स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा जनसुनवाई का किया गया कार्यक्रम

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड)11 सितंबर 2023:– जिला कांग्रेस कमेटी सरायकेला खरसावां के तत्वावधान में केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर 11 सितम्बर को स्वर्ण रेखा गेस्ट हाउस आदित्यपुर में माननीय स्वास्थ्य परिवार आपदा प्रबंधन एवं 20 सूत्री के प्रभारी मंत्री बन्ना गुप्ता के द्वारा जनासुनावाई कार्यक्रम किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संयोजन कार्यकारी जिला अध्यक्ष अंबुज कुमार ने किया।



सर्वप्रथम माननीय मंत्री बना गुप्ता का स्वागत जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष अंबुज कुमार के नेतृत्व में फूलों का गुलदस्ता ,अंग वस्त्र एवं माला पहनकर किया गया।

इस जनसुनवाई कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में आदित्यपुर गम्हरिया सरायकेला राजनगर चांडिल इचागढ़ कपाली आदि क्षेत्रों से लोगों ने उपस्थित होकर अपनी अपनी समस्याओं को माननीय मंत्री बन्ना गुप्ता के समक्ष रखने का काम किया. समस्याओं को सुनकर माननीय मंत्री बन्ना गुप्ता ने त्वरित निष्पादन करते हुए संबंधित विभाग के पदाधिकारी को शीघ्र कार्य करने के निर्देश दिए।

माननीय मंत्री बन्ना गुप्ता के समक्ष 155 से अधिक फरियादियों ने अपनी समस्याओं को रखा जिसमें से अधिकांश फरियादियों के मामलों को माननीय मंत्री ने तुरंत संबंधित विभाग को निर्देश देते हुए समस्याओं को दूर करने का निर्देश दिया।

वही बहुत सारे मामलों में माननीय मंत्री महोदय ने अपने लेटर पैड पर विभागीय पत्र लिखकर समस्याओं के निदान हेतु कार्य करने के निर्देश संबंधित विभाग के पदाधिकारी को दिए। मुख्य रूप से नगर निगम आदित्यपुर ,अंचल कार्यालय गम्हरिया ,सरायकेला, अंचल कार्यालय इचागढ़ ,अंचल कार्यालय चांडिल, स्थानीय थाना आदित्यपुर ,कपाली थाना ,बिजली विभाग, जल संसाधन विभाग से जुड़ी समस्याएं माननीय मंत्री जी के समक्ष रखी गई। वही स्वास्थ्य विभाग ,एमजीएम, रिम्स आदि में इलाज, कृत्रिम पैर, ट्राई साइकिल आदि उपलब्ध कराने के संबंध में फरियादियों ने अपनी बात रखी।

जिसमें से अनेकों मामलों का निदान त्वरित रूप से किया गया वहीं अन्य मामले के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिए गए है।

कार्यकारी जिला अध्यक्ष अंबुज कुमार ने वार्ड संख्या 17 के जयप्रकाश उद्यान में सड़क निर्माण हेतु फॉरेस्ट विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र देने के बावजूद नगर निगम पीद्वारा आज तक टेंडर नहीं प्रकाशित किए जाने का मामला उठाया जिस पर माननीय मंत्री ने नगर आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद को अभिलंब टेंडर प्रकाशित करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में फरियादियों के साथ-साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अजय सिंह,विधानसभा प्रभारी राकेश तिवारी, विधानसभा प्रभारी परितोष सिंह उपस्थित रहे। मुख्य रूप से प्रदेश सचिव सुरेश धारी, गम्हरिया प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश तिवारी राज, नगर प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल, गौड़ जिला महासचिव रमाशंकर पांडे, राम ठाकुर, जगदीश नारायण चौबे, इचागढ़ से जीप लाल मुंडा ,अजय साहू, रामवृक्ष गुप्ता, विजय सिंह, महिला जिला अध्यक्ष बैजंती बारी, जिला महासचिव कुणाल राय, कोषाध्यक्ष सिद्धेश्वर, उपाध्याय पूर्व नगर अध्यक्ष रानी का लौंडिया अवधेश सिंह, तसलीमा मलिक जमाल अशरफ बबन, गंभीर सिंह, संजीव सिन्हा, बबीता सिन्हा, खुर्शीद आलम, अरुण पांडे, आदर्श ठाकुर, रमेश बालमुचू, संदीप गोप, विजय झा, विनय झा, राकेश कुमार सिंह, रिजवान खान,एनिमा कुमारी ,सांसद प्रतिनिधि मोनू झा, चरण पाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# राधामाठ गांव जहां के लोग स्वयं करते हैं जंगल की रखवाली।

**लकड़ी काटना है सख्त मना पकड़े जाने पर लगता है भारी जुमार्ना।**

**जंगलों की सुरक्षा के कारण आज जंगल बना हुआ है हरा भरा।**

**दैनिक समाज जागरण प्रखण्ड संवाददाता विपुल कुमार गोस्वामी फतेहपुर जामताड़ा (झारखंड)**

जामताड़ा जिले में एक ऐसा गांव है जहां के लोग टीम में बंट कर बारी-बारी से अपने क्षेत्र के जंगलों की रखवाली करते हैं। यह सिलसिला आज से नहीं बल्कि पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही है। यह गांव राधामाठ है जो फतेहपुर प्रखंड क्षेत्र में आता है।सात टोले में बंटा राधामाठ गांव वनों से ओतप्रोत है। इस गांव की खासियत यह है कि सभी गांव वाले महीने में एक बार मासिक बैठक करते हैं और जंगल की रक्षा और सुरक्षा पर चर्चा करते हैं ।इतना ही नहीं प्लाट के हिसाब से गांव के लोग अपनी अपनी पाली बांधकर जंगल की रखवाली करते हैं। सप्ताह के सातों दिन गांव के लोगों की पैनी नजर वनों की सुरक्षा पर लगा रहता है। लिहाजा यहां के वन सघन हो चुके हैं। हालांकि लोग जंगल से जरूरत की चीजें मसलन जड़ी बूटी,दतवन,पत्ता आदि लेते हैं। लेकिन पेंड़ काटना सख्त मना है ।यदि कोई व्यक्ति पेड़ काटता है तो पहले उसे बंधक बनाकर रखा जाता है फिर ग्रामीण आपस में बैठक कर जुमार्ना लगाते हैं ।गांव वालों की रखवाली का नतीजा है कि आज राधामाठ के जंगलों में अजगर से लेकर छोटे छोटे जीव जंतु बढ़े हैं ।जड़ी बूटी का भरमार है।

पाली के हिसाब से होता है रखवाली राधामाठ गांव का वह वन क्षेत्र जिसका दाग नंबर 11, 12 और 8 है उसकी निगरानी की जिम्मेवारी महेंद्र पावरिया , सुनीति सोरेन और चौबीस कोल के ऊपर है ।वही दाग नंबर 39, 37 और 23 की रखवाली प्रधान कोल, मनभरण राय और सुखेन बास्की करते हैं । दाग नंबर 40 , 26, 10 और 19 अविनाथ हेंब्रम, पांडू कोल , पशुपति राय और शिवदास कोल, दाग संख्या 44, 21 28 और 24 गोविंद हेंब्रम, गणेश राय, हीरालाल कोल और शिवनाथ राय , दाग संख्या 2, 38, 5 और 41 मंटू कोल ,कामदेव राय ,वीरू मिर्धा और दिलीप मुर्मू के जिम्में है ।इसी तरह रामपद राय, महेश मरांडी और तारापद राय एक टीम तथा मिथुन राय, मोतीलाल कोल और हराधन राय दूसरी टीम बनाकर जंगल की निगरानी रखते हैं। जिसका जिस दिन पाली पड़ता उस दिन जंगल की रखवाली करने चला जाता है।

क्या कहते हैं ग्रामीण - ग्रामीण रामकृष्ण राय ने कहा कि बाप दादा लोग से देखते आ रहे हैं कि जंगल की रखवाली करते आ रहे हैं । इसलिए हमलोग भी पुर्वजो के विचारधारा को देखते हुए हमलोग भी जंगल की रखवाली करते आ रहे हैं । ताकि हमलोगों का जंगल नष्ट नही हो पाए।

कामदेव राय और रामपद राय बताते हैं कि हमलोग जमाबंदी के अनुसार राधामाठ 7 टोले में है। जिस दिन जिसका पाली पड़ता है उस दिन वे लोग जंगल की रखवाली करते है ।जंगल में किसी को भी पेड़ काटने नही दिया जाता है।अगर कोई जंगल में पेड़ काटने कि कोशिश करता तो ग्रामीणों द्वारा जुमार्ना लगाया जाता है। ग्रामीण मिठुन राय और धर्मदेव राय ने बताया कि निगरानी के कारण आज हमलोगो का जंगल बहुत हरा भरा ओर घना है । जंगल में अभी भी बहुत तरह के रंग बिरंगे पशु पक्षी तथा जीव जन्तु, अजगर भी देखने को मिलता है । सबसे बड़ी बात है जंगल में दुर्लभ और लाभदायक जड़ी बुटी भी मिलती है जो कि बहुत तरह के बिमारी मे काम आते है।

अन्य जंगलों में अवैध पातन जोरों पर -फतेहपुर और कुंडहित वन क्षेत्र के अधीन जंगलों में आए दिन लकड़ी तस्कर चोरी छुपे पेड़ों को काटकर पश्चिम बंगाल खपा रहे हैं। इतना ही नहीं ये माफिया क्षेत्र के गांवों के जमाबंदी में भी महुआ ,साल, शीशम, सागवान आदि पेड़ों को ग्रामीणों को लालच देकर खरीदने हैं और चीर फाड़ कर बाहर भेजते हैं। क्षेत्र के ही दोमहानी वन में बीते दिनों एक लकड़ी माफिया द्वारा साल का पेड़ काटा गया था जहां वन विभाग की टीम ने लकड़ी को तो जप्त किया लेकिन तस्कर फरार हो गया था। इसी तरह दोमहानी गांव के अलावे फूलशहरी गांव में भी लकड़ी माफिया क्षेत्र के पेड़ों को काटकर गांव में ही चिराई कर अन्यत्र सप्लाई कर रहे हैं ।इस तरह देखा जाए तो जहां धीरे-धीरे वन क्षेत्र कम होता जा रहा है ।गांव घरों में पेड़ों की संख्या कम होती जा रही है। वहीं राधा माठ गांव के लोग जिस तरह जंगल बचाए हुए हैं वह काबिले तारीफ है।

बहरहाल जिस तरह अपने पुरखों के देखने के बाद पीढ़ी दर पीढ़ी राधामाठ के गांव वाले जंगलों की रखवाली कर रहे हैं निगरानी कर रहे हैं ।यह जंगलों के सामने रहने वाले अन्य गांव के लोगों के लिए बेहद ही प्रेरणा के लायक है अनुकरणीय है।

# आजसू नेता हरेलाल महतो ने हाथी प्रभावित गांव में टॉर्च व पटाखा वितरण किया

## हाथियों पर नियंत्रण रखने में वन विभाग विफल, किसानों के फसल नष्ट हो रहे हैं : हरेलाल महतो

**दैनिक समाज जागरण ,शेखर सुमन , ईचागढ़/कुकड़ू (झारखण्ड )**

कुकड़ू : दो दिन पहले कुकड़ू प्रखंड अंतर्गत चुनचुड़िया गांव समेत आसपास के गांवों में हाथियों ने उत्पात मचाया था। शनिवार सुबह हाथियों के झुंड ने कई ग्रामीणों का फसल को रौंदकर बर्बाद कर दिया है। ग्रामीणों से जानकारी मिलने के बाद आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो सोमवार को चुनचुड़िया गांव पहुंचे और ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान हाथी प्रभावित क्षेत्र का जायजा लिया। हरेलाल महतो ने हाथी भागने के लिए सहयोग के रूप में निजी स्तर से चुनचुड़िया गांव के करीब 20 लोगों को टॉर्च लाइट, पटाखा इत्यादि का वितरण किया। इसके अलावा ग्रामीणों के विभिन्न समस्याओं पर चर्चा किया। ग्रामीणों ने हाथियों के उत्पात से हो रहे नुकसान पर चिंता व्यक्त की। इस अवसर पर हरेलाल महतो ने कहा कि हाथियों पर नियंत्रण रखना वन विभाग का दायित्व है लेकिन विभाग विफल है। उन्होंने कहा कि वन विभाग भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पास है। जो व्यक्ति सरकार संभालने में विफल है, वह ग्रामीणों का भला कैसे कर सकता है। हरेलाल महतो ने कहा कि सालभर मेहनत करने के बाद किसानों की



फसल तैयार होती है, जिसे हाथियों द्वारा नष्ट कर दिया जाता है। यह सरकार की नाकामी के कारण होती हैं। किसानों को सुविधा देने के बजाय किसानों को कर्ज में डुबोने का काम हो रहा है। इस मौके पर आजसू प्रखंड अध्यक्ष अरुण महतो, बुद्धदेव बनर्जी, सुनील महतो, सुकेन महतो, महेंद्र महतो, बुधेस्वर महतो,विष्णु महतो,गुरु चरण महतो आदि मौजूद थे।

# फदलोगोड़ा सर्वजनिक दुर्गा पूजा भव्य पंडाल का हुआ भूमि पूजन

**शशि भूषण महतो, दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)**

चांडिल : सराइकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के फदलोगोड़ा में सोमवार दुर्गोत्सव के लिए पूजा पंडाल बनाने का काम शुरू किया गया. समिति के संरक्षक सह जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमहंत विद्यानंद सरस्वती व ईचागढ़ की विधायक सविता महतो ने संयुक्त रूप से भूमि पूजन कर पंडाल निर्माण का काम शुरू करवाया. इसके पूर्व विधिवत पूजा-अर्चना कर धरती माता से पंडाल निर्माण के लिए आज्ञा ली गई. पूजा-अर्चना के बाद पंडाल निर्माण स्थल पर ध्वज स्थापित किया गया।

फदलोगोड़ा में पूजा पंडाल और प्रतिमा निर्माण के लिए पश्चिम बंगाल के कुशल कारीगर को आमंत्रित किया गया है. दुर्गा पूजा को लेकर हुई समिति की बैठक में इस साल भी धूमधाम एवं भव्य रूप से मां दुर्गा की पूजा करने का निर्णय लिया गया है. समिति के अध्यक्ष शंकर महतो ने बताया कि परंपरा को बरकरार रखते हुए इस साल भी भव्य एवं धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाया जाएगा. मां दुर्गा की प्रतिमा पुराने जमाने के गांव के पुराने फूस के घर से निकलकर महिषासुर के विनाश करती हुई दिखाई देंगी. यहां महाषष्ठी से विजया दशमी तक सांस्कृतिक कार्यक्रम



का आयोजन किया जाएगा. भूमि पूजन के अवसर पर मुखिया बिदू मुर्मू, उप मुखिया प्रदीप महतो, समाजसेवी खगेन महतो, स्वपन महतो, शंकर महतो, मनोज मंडल, तारापद सेन, ठाकुर अशोक मिश्रा, संजय प्रमाणिक, मंजीत शर्मा, प्रदीप गिरी, रुम्पा मंडल समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

# बीडीओ ने दिखाया दरियादिली, दो टी0बी0 मरिज को लिया गोद

**दैनिक समाज जागरण ,शेखर सुमन, ईचागढ़ सराइकेला (झारखण्ड )**

ईचागढ़ - सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी किकू महतो ने दरियादिली दिखाते हुए ईचागढ़ क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांवों के दो महिला टी0बी0 मरिज को गोद लेकर प्रधानमंत्री टी0बी0 मुक्त भारत अभियान पोषण सहायता किट सौंपा। प्रखंड विकास पदाधिकारी किकू महतो ने सोमवार को दो महिला टी0बी0 मरीजों को गोद लेकर अपने स्तर से पोषक आहार प्रदान किया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री टी0बी0 मुक्त भारत अभियान पोषण सहायता कार्यक्रम के तहत गोद लिया गया



दो महिला टी0बी0 मरीज को अपने स्तर से पोषक आहार प्रति महिना दिया जाएगा । उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत गरीब असहाय टी0बी0 मरीज को कोई भी गोद लेकर पोषक आहार दे सकते हैं। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि असहाय गरीब टी0बी0 मरीजों को गोद लेकर मानवता का परिचय दे। इससे आत्मिक संतुष्टि के साथ ही परोपकार का पुण्य मिलता है। उन्होंने कहा कि सक्षम व्यक्ति एक या एक से अधिक टी0बी0 मरीज को गोद लेकर 6 महिने तक पोषक आहार दे सकते हैं।

# कलयुगी बाप ,सौतेला बाप निकला हवस का पुजारी, नाबालिग सौतेली बेटी को बनाया हवस का शिकार

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 11 सितंबर 2023:झ सरायकेला जिला के आरआईटी थाना क्षेत्र में एक मानवता को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है. यहां एक नाबालिग बेटी से सौतेला बाप रेप की वारदात को अंजाम देता था, इस बारे में जब नाबालिग ने अपनी मां को बताया तो मां मुंह ही बंद करवा देती थी.

बता दे बच्ची की शिकायत पर पुलिस ने उसके सौतला पिता को गिरफ्तार कर लिया है. थाने में दिए गए आवेदन में लड़की ने पुलिस को बताया है कि जब वह नौ साल की थी. उसी वक्त से उसके सौतेला पिता अपना हवस का शिकार उसे बना



रहा था. इधर नावालिग का भाई आज अपनी बाहर की स्थिति खराब देखकर यूएई संदेह हुआ जिसके बाद नाबालिग ने सारी बाते अपने भाई को बताई. वही भाई को इसकी जानकारी मिलने के बाद अपनी बहन को लेकर आरआईटी थाना पहुंची और आरोपी पिता के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाया. शिकायत मिलने के बाद एक्शन में आई पुलिस ने आरोपी दिनेश गिरी को गिरफ्तार कर लिया है. वही उसकी मां को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. थाना प्रभारी सागर लाल महथा ने बताया की धारा 376 और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है.

# भाजपाइयों ने मेरी माटी मेरा देश के कार्यक्रम के तहत केंदुवाटाड़ गाँव में किया बैठक।



**दैनिक समाज जागरण प्रखण्ड संवाददाता विपुल कुमार गोस्वामी फतेहुपर जामताड़ा (झारखंड)**

फतेहपुर प्रखण्ड के अगैया सरमुंडी पंचायत के केंदुवाटाड़ गांव मे भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रमोद गोस्वामी की अध्यक्षता मे एक बैठक किया गया। जिसमें प्रभारी संघर्षशील नेता विष्णु मंडल ने मेरी माटी मेरा देश, अमृत वाटिका के तहत मिट्टी संग्रह कार्यक्रम को विस्तार पूर्वक लोगों को बताया गया। मौके पर महामंत्री निवास यादव, नंदकिशोर झा, तरूण महतो, निमाई मंडल, राधेश्याम दास,निमाई खां दीपक खां, सुशील खां, शिवदास खां, दीनबंधु पाल,सुरेश बाऊरी, विभीषण कापरी ,निर्मल खां,लालटु खां, फाल्गुनी खां, अनिल कुमार खां उपस्थित थे।

# खेलो झारखण्ड के तहत प्रखण्ड संसाधन केंद्र फतेहपुर के बैनर ताले दो दिवसीय खेल कूद का हुवा आयोजन

**दैनिक समाज जागरण प्रखण्ड संवाददाता विपुल कुमार गोस्वामी फतेहपुर जामताड़ा( झारखंड)**

प्रखण्ड संसाधन केंद्र फतेहपुर के बैनर ताले खेलो झारखंड के तहत फतेहपुर उच्च विद्यालय +2 मैदान में दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यातिथि बीडीओ मुकेश कुमार वाउरी एव बीईओ मिलन कुमार घोष ने दीप प्रज्वलित कर खेल का शुभारंभ किया गया इस प्रतियोगिता में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विधालयों से चयनित खिलाड़ियों ने भाग लिया खेलो झारखंड प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न तरह के खेल स्कूल छात्र छात्राओं के बीच खेला गया जिसमें 100 मी 200 मी लम्बी दौड़, उची कूद, फुटबॉल, कब्बडी आदि खेलो का आयोजन किया गया जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया इस खेल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को जिला स्तरीय खेल प्रितियोगिता मे हिस्सा लेने का मौका मिलेगा मोके पर शिक्षक सुखसागर मंडल, शरत मंडल, सीआरपी मोहम्मद फैज अकरम, गोपाल सिंह, निर्मल मडल, किशोर झा, देवाशिष दास, विवेक सामंत, राजेश दा, कार्तिक मंडल, गोपाल मंडल खेल समयन्क मुहम्मद फैज अकरम ओर प्रेम सागर मंडल आदि उपस्थित थे।

# कुचाई के छोटासेगोई स्कूल में एस एम सी की हुई। बैठक,बीपीओ ने शिक्षकों को दिये कई महत्वपूर्ण निर्देश

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

खरसावां कुचाई प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय छोटासेगोई में एस एम सी पर एक बैठक आयोजित गई जिसमें मुख्य रूप से बीपीओ नाथो महतो उपस्थित थे। बैठक में बीपीओ नाथो महतो ने उपस्थित सभी शिक्षक व सीआरपी को निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति के साथ बैंक



खाता आधार वेरीफिकेशन एस डी एम आई एस एमडीएम एसएमएस विकास राशि पोशाक शिक्षक की उपस्थिति उपस्थिति के साथ शौचालय नल व स्कूल प्रांगण की साफ सफाई रखने का दिशा निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से बीपीओ नाथो महतो सीआरपी सुधीर महतो जोएल ओमंग तिलक महतो मुकेश कुमार सोय नंदकिशोर प्रधान समेश्वर महतो जयशंकर मुंडा मुनी किंडो राम किशोर सोय रेशमी गोप आदि उपस्थित थे।

# आदित्यपुर : वन विभाग के एनओसी के बाद भी अब तक नहीं बना सड़क

**दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक , ब्यूरो चीफ सराइकेला (झारखंड )11 अगस्त 2023**

सोमवार को मंत्री बन्ना गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर वार्ड 17 की पूर्व पार्षद नीतू शर्मा ने जेपी उद्यान की लंबित सड़क निर्माण कार्य से अवगत कराया है. उन्होंने बताया कि वन विभाग के एनओसी के बाद भी वहां सड़क नहीं बन रहा है जबकि इस सड़क निर्माण से जय



प्रकाश नगर के 10 हजार परिवार प्रभावित हैं. बता दें कि लंबे संघर्ष के पश्चात वन विभाग की ओर से आदित्यपुर नगर निगम के वार्ड 17 स्थित टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग से जयप्रकाश उद्यान होते हुए लक्ष्य अपार्टमेंट तक सड़क के लिए एनओसी प्रदान किया गया था. मगर नगर निगम का कार्यकाल समाप्त होने एवं बोर्ड की बैठक नहीं हो पाने के कारण उक्त सड़क का काम अधर में लटक गया है. जिससे क्षेत्र के लोग निराश हैं. पार्षद ने मंत्री बन्ना गुप्ता से ऐसे में जनहित को ध्यान में रखते हुए वर्षों से लंबित उक्त सड़क के निर्माण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया है.

# सरायकेला खरसावां जिला भाजपा नेत्री सारती महतो की नेतृत्व में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**शशि भूषण महतो, दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)**

चांडिल :सरायकेला खरसावां जिला भाजपा नेत्री सारती महतो की नेतृत्व में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें चांडिल प्रखण्ड चिल्गू पंचायत शहरबेड़ा मोड़ एब चिल्गु पुनर्वास कॉलोनी के साथ दर्जनों गांव सहित चांडिल बाजार में यह अभियान चलाया गया और लोगों से मिट्टी जमा कराया गया ।



मौके पर शारती महतो ने कहा कि प्रदेश कमेटी के निदेर्शानुसार मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किए हैं और इसको लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया ,साथ ही भारत माता जय धोनी से गांव गूंज उठा ।इस कार्यक्रम में विवेकानंद गोप ,जगदीश महतो ,गुरु चरण महंती , फटिक महतो ,अजय प्रमाणिक,सुदर्शन गोप आदि लोग उपस्थित थे।

# पूर्व पार्षद नीतू शर्मा ने लगाया वोटर आईडी सुधार के लिए विशेष कैम्प

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 11 सितंबर 2023:- आदित्यपुर नगर निगम वार्ड 17 की पूर्व पार्षद नीतू शर्मा की तरफ से 10 सितंबर को वोटर आईडी कैम्प लगाया गया. पूर्व पार्षद नीतू शर्मा की तरफ से चलाया जा रहा वोटर आईडी कैम्प का कल दूसरा चरण होगा. पहले चरण में 150 से अधिक लोग इस कैम्प से लाभान्वित हो चुके है.



लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव दोनों की मतदान प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी पुरूषों से काफी कम होती है जो कि चिंता का विषय है. और इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए नीतू शर्मा ने निर्णय लिया हैं कि वोटर आईडी कैम्प का दूसरा चरण विशेष रूप से महिलाओं के लिए लगाया जाएगा जिसमें महिलाओं को पुरुषों पर प्राथमिकता दी जाएगी.

यह कैम्प आदित्यपुर नगर निगम वार्ड 17 स्थित पूर्व पार्षद नीतू शर्मा के कार्यालय में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लगाया गया. उन्होंने बताया यह अभियान लगतार जारी रहेगा.

# लावारिस हालत में एक टाटा इंडिगो जप्त

**दैनिक समाज जागरण ,शेखर सुमन , ईचागढ़ सराइकेला (झारखण्ड)**

ईचागढ़ - थाना क्षेत्र के पातकुम चौका सड़क पर पातकुम के पास लावारिस हालत में एक टाटा इंडिगो कार सड़क किनारे बरामद किया गया। कार पर नंबर प्लेट भी नहीं है। ईचागढ़ थाना प्रभारी गौरव मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि गस्ती के क्रम में एक लावारिस हालत में एक कार सड़क किनारे खड़ी है। बहुत देर तक लोगों को पुछताछ के बाद भी किसी का पता नहीं चला। कार में कागजात व नंबर प्लेट भी नहीं है, जिससे कार का इंजन



नंबर से पता लगाने के लिए डीटीओ कार्यालय भेजा गया है। उन्होंने कहा कि जिसका भी कार है वे अपनी कार का दस्तावेज दिखाकर कार ले जा सकते हैं। लावारिस कार का स्टेशन डायरी किया गया है।